हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

■ असली के नाम पर 200 रुपए के नकली पनीर को 500 रुपए तक बेचा जा रहा



कड़ी निगरानी के निर्देश

एनालॉग के निर्माण और विक्रय पर प्रतिबंध के आदेश का पालन करने सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्हें होटलों, ढाबों के साथ बाहर से एनालॉग की सप्लाई को रोकने सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

*- **दीपक अग्रवाल**, नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन*

ऐसे करें असली पनीर की पहचान



असली पनीर	एनालॉग
नरम	रबर जैसा लचीला
दूधिया खुशबू लिए हुए	पाम आयल की महक
स्वाद में हल्का मीठापन	चिपचिपा मगर स्वादहीन
मुलायम और स्पंजी	सख्त और छूने पर चिकनाई लिए हुए
पानी में रंग नहीं बदलता	स्टार्च के कारण नीला अथवा काला

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग में एनालॉग बना रहीं करीब डेढ़ दर्जन फैक्ट्रियां

एनालॉग पनीर की डेढ़ दर्जन फैक्ट्रियों पर लगेंगे ताले पर बड़ा सवाल- अवैध बिक्री पर लग पाएगा अंकुश?

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले पांच साल से लाइसेंस के आधार पर संचालित एनालॉग पनीर का कारोबार छत्तीसगढ़ में बंद होगा। इसके लिए राज्य शासन ने इस पर प्रतिबंध के लिए गजट नोटिफिकेशन कर दिया है। इसके बाद एनालॉग बनाने वाली करीब डेढ़ दर्जन फैक्ट्रियों में तालाबंदी कर दी जाएगी। दूध पावडर और पॉम ऑयल से पनीर बनाने का इनका लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा पर बड़ा सवाल यह है कि फैक्ट्रियां सील होने के बाद नकली पनीर का धंधा रुक पाएगा, कीमत और मुनाफे को देखते हुए कहा जा सकता है कि यह बड़ी चुनौती होगी। गौरतलब है कि अक्सर शिकायत आती रही है कि 200 रुपए किलो के इस एनालॉग को 500 रुपए किलो के असली पनीर के नाम पर खपाया जाता है। ⏭शेष पेज 7 पर



लोकलस्तर पर भी एनालॉग

बड़ी फैक्ट्रियों के अलावा राज्य में स्थानीय स्तर यानी ग्रामीण इलाकों और डेयरियों में भी स्थानीय व्यापारी एनालॉग का निर्माण करते हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन कई बार ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई कर चुकी है जो चोरी-छिपे इस काम को अंजाम देते हैं। होटलों में एनालॉग परोसने के लिए ग्राहकों को जानकारी देने और इसके निर्माण के बाद फैक्ट्री से एनालॉग लिखे पैकिंग में इसकी सप्लाई करने और छोटे के बजाए बड़े पैकिंग यानी थोक में इसकी बिक्री का नियम था जिसका पालन लोग ज्यादातर लोग नहीं कर रहे थे।

लगातार उपयोग से सेहत खराब

एनालॉग पनीर का निर्माण मिल्क पावडर, वनस्पति घी को मिक्स कर बनाया जाता है। जबकि असली दूध को फटाकर तैयार किया जाता है। असली पनीर में पोषक तत्व होते हैं जबकि एनालॉग में सैचुरेटेड फैट होते हैं। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र मल्होत्रा के अनुसार इसका लगातार उपयोग सेहत के लिए नुकसान दायक हो सकता है। एनालॉग में मौजूद स्टार्च और सिंथेटिक एडिटिव्स की वजह से कब्ज, पेट फूलने जैसी शिकायत हो सकती है। पाम ऑयल के कारण कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोगों का जोखिम बढ़ सकता है।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹107178/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹130900/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹142890/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें!

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions Apply

खबर संक्षेप

तस्लीमा का 19 साल बाद कोलकाता में स्वागत

कोलकाता। निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन शुक्रवार को नई दिल्ली से कोलकाता पहुंचीं। वे 19 साल बाद यहां लौटी हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मौजूद समर्थकों ने उनका स्वागत किया। लोगों का अभिवादन करते हुए तसलीमा ने कहा कि उन्हें वापस आकर बहुत अच्छा लगा। तसलीमा 1 अगस्त को होने वाले एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगी।

खराब मौसम के चलते अमरनाथ यात्रा स्थगित

श्रीनगर। खराब मौसम और मार्ग की मरम्मत के काम के कारण बालटाल रास्ते से वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुक्रवार को स्थगित कर दी गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण पहलगाम मार्ग से अमरनाथ यात्रा पहले ही स्थगित की जा चुकी है। बृहस्पतिवार रात बालटाल क्षेत्र में भारी बारिश हुई, जिससे एक स्थान पर अचानक बाढ़ आने की स्थिति पैदा हो गई।

भारत देगा भूटान को 4,000 करोड़ का रियायती ऋण

नई दिल्ली। भारत और भूटान ने पांचवीं भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता में द्विपक्षीय विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान भारत ने भूटान को 4,000 करोड़ रुपये की रियायती ऋण सुविधा देने पर सहमति जताई। दोनों देशों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नई साझेदारी और ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनाई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और भूटान के विदेश सचिव दाशो पेमा लेक्टुप दोर्जी ने की।

बस्तर विकास का रोडमैप पेश

आयुर्वेदिक संस्थान, यूरिया परियोजना की मांगी मंजूरी

पीएम मोदी से सीएम विष्णुदेव साय की मुलाकात विकास के मुद्दे पर लंबी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, बस्तर के कायाकल्प तथा राज्य की महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं औद्योगिक परियोजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

खास खबर

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री के समक्ष बदलते छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर के विकास का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए राज्य की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, सुरक्षा, विश्वास और विकास की समन्वित रणनीति के परिणामस्वरूप बस्तर आज व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। दशकों तक नक्सल हिंसा और विकास संबंधी चुनौतियों का सामना करने वाला यह क्षेत्र अब शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल, बिजली, हवाई संपर्क, आजीविका, खेल और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

10,500 करोड़ रुपए की गैस आधारित परियोजना

मुख्यमंत्री श्री साय ने राजनांदगांव में प्रस्तावित लगभग 10,500 करोड़ की गैस आधारित यूरिया परियोजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध करा दी गई है तथा राज्य सरकार के स्तर की आवश्यक स्वीकृतियां भी पूरी की जा चुकी हैं।



बस्तर विजन की दी जानकारी

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री के समक्ष 'बस्तर विजन' की विस्तृत जानकारी रखते हुए बताया, नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्त मुन्ने' के माध्यम से बस्तर संभाग के 5,542 गांवों में शासन की योजनाओं और सेवाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे लगभग 39 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बस्तर में शिक्षा के क्षेत्र में आए परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया, पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वर्षों से बंद पड़े 421 स्कूलों को पुनः प्रारंभ किया गया है। जिन ⏭शेष पेज 7 पर

461 गांवों को विद्युत ग्रिड से जोड़ने के लिए मांगी विशेष सहायता: मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर सहित संवेदनशील क्षेत्रों के ऐसे 461 गांवों का विषय भी प्रधानमंत्री के समक्ष रखा, जहां पूर्व में सुरक्षा एवं भौगोलिक कारणों से विद्युत ग्रिड पहुंचाना ⏭शेष पेज 7 पर

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद की स्थापना का अनुरोध: मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से रायपुर अथवा बस्तर में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद की स्थापना के प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर और ⏭शेष पेज 7 पर

रावघाट रेललाइन परियोजना आगे बढ़ रही

सीएम ने प्रधानमंत्री को बताया, लगभग 3,513 करोड़ की लागत से जगदलपुर-रावघाट रेललाइन परियोजना पर कार्य आगे बढ़ रहा है। इस रेल संपर्क से बस्तर के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे के अंतिम चरण की प्रगति तथा इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज परियोजना की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी।

प्रदेश आने का आमंत्रण

मुख्यमंत्री श्री साय ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया, छत्तीसगढ़ ने निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़कर 10.42 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया है। अब अगले चरण में 14 लाख और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के ⏭शेष पेज 7 पर

रायपुर में आज जिला संवाद

राजनीतिक, प्रशासनिक और व्यापार जगत के मुद्दों पर होगी चर्चा



डॉ. हिमांशु द्विवेदी, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, शिव डहरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईएनएच और हरिभूमि के जिला संवाद कार्यक्रम की कड़ी में राजधानी रायपुर का जिला संवाद कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 3.30 बजे से समता कॉलोनी के महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के सभागृह में होगा। इस कार्यक्रम में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी कार्यक्रम में सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष के नेताओं और व्यापार जगत के दिग्गजों से रूबरू होंगे और सवाल करेंगे। इसी के साथ कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल ⏭शेष पेज 7 पर

तीन और राजनीतिक सत्र

पांचवां सत्र भी राजनीतिक होगा। इसमें भाजपा के विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू और अनुज शर्मा कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा और आकाश शर्मा रहेंगे। छठे सत्र में भाजपा के विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी और कांग्रेस के पूर्व मंत्री शिव डहरिया और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय शामिल होंगे। अंतिम सत्र में सांसद बृजमोहन अग्रवाल से चर्चा होगी।

व्यापार जगत का सत्र

दूसरा सत्र व्यापार जगत को लेकर होगा। इस सत्र में चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी, कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, आईटीएसए हॉस्पिटल के सह संस्थापक और निदेशक सुनील बलानी, चैतन्य ग्रुप के एमडी अशोक खूबचंदानी, कोलंबिया विवि के प्रो चांसलर हरजीत सिंह हुरा, रियल ग्रुप के चेयरमैन और समाजसेवी राजेश अग्रवाल शामिल होंगे।

कांसे की प्रतिमा निकली सीमेंट की, सब इंजीनियर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा जिले की नगर पालिका परिषद कटघोरा में अटल परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा निर्माण कार्य में सामने आई अनियमितताओं के मामले में उप अभियंता चंद्रप्रकाश जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। बताया गया है कि जिस प्रतिमा को कांसे की बनाया जाना बताया गया था, वह सीमेंट की बनी निकली। जारी आदेश के अनुसार, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा

■ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने की कार्रवाई



दुर्ग होगा निलंबन अवधि का मुख्यालय

आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि में चंद्रप्रकाश जायसवाल का मुख्यालय संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, दुर्ग निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

29 जुलाई 2026 को भेजी गई जांच रिपोर्ट में पाया गया कि प्रतिमा निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के प्रावधानों ⏭शेष पेज 7 पर

कश्मीर में टारगेट किलिंग, एक की मौत

आतंकियों ने छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों को मारी गोली

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के दक्षिण कश्मीर स्थित कुलगाम जिले के केल्लाम इलाके में शुक्रवार शाम को आतंकियों ने छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों पर फायरिंग कर दी। इस हमले में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग के तुरंत बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस ⏭शेष पेज 7 पर

3 से 4 राउंड फायरिंग

जानकारी के अनुसार, यह हमला रात करीब 8:30 बजे हुआ। इस दौरान 3 से 4 राउंड फायरिंग की आवाजें सुनी गईं। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और हमलावर आतंकियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हमले की कड़ी निंदा की है।

ICFAI UNIVERSITY

The ICFAI University, Raipur

Approved by UGC under section 22 of UGC Act, 1956



100% Placement Assistance

Faculty supervised academically integrated Internships

MERIT SCHOLARSHIPS: Based on performance in Qualifying Examination & Semester-wise Performance in respective programs

B.Tech | B.Tech (LE) | B.Sc | B.Sc (Hons.) | BCA | BCA (Hons.) BBA | BBA (Hons.) | B.Com | B.Com (Hons.) | BA | BA (Hons.) B.Ed. | LL.B (Hons.) | BA-LL.B (Hons.) | MBA | MCA M.Tech (CSE / ECE) MA(Yoga / Journalism & Mass Comm. / English Education / Economics / Hindi Lit. / Public Admini.) M.Sc. (Maths. / Phy / Chem) | Ph.D (Full-time/ Part-time)

9714954099 / 8709445599

www.iuraipur.edu.in /icfai.raipur

Campus: The ICFAI University, Raipur, NH-53, Raipur-Bhilai Road, KM Stone 20, PO: Kumhari, Dist: Durg - 490 042, Chhattisgarh.

आईबी अफसर की हत्या के दोषी

दिल्ली दंगा: पूर्व आप पार्षद ताहिर समेत 5 को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर वारदात थी, जिसने समाज को झकझोर दिया।



मांगी गई थी मौत की सजा

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था, 'आरोपियों ने सारी हदें पार कर दीं। अंकित की मौत होने के बाद भी उन पर हमला जारी रखा गया। यह बेहद क्रूर और सुनियोजित हत्या थी। इसलिए दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। ताहिर हुसैन के वकील ने दलील दी थी कि हर हत्या के मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती।

जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र के अब बदल जाएंगे नियम

2 साल से ज्यादा देरी पर अब जज की मंजूरी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने वालों के लिए बड़ी खबर है। अब अगर किसी व्यक्ति को जन्म या मृत्यु का रजिस्ट्रेशन कराने में दो साल से ज्यादा की देरी होती है, तो प्रक्रिया पहले जैसी आसान नहीं रहेगी। सरकार ने नियमों को सख्त करने की तैयारी कर ली है। लोकसभा ने शुक्रवार को 'जन्म और मृत्यु ⏭शेष पेज 7 पर

■ बिना चर्चा के ही लोकसभा में पास हो गया विधेयक



सरकार का मकसद

सरकार का मानना है कि समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं होने से कई तरह की गड़बड़ियों की संभावना बनी रहती है। कई बार लोग पुराने रिकॉर्ड में बदलाव कराने या नए दस्तावेज तैयार कराने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों में न्यायिक ⏭शेष पेज 7 पर

क्या बदलेगा नया नियम?

■ अभी के नियमों के मुताबिक अगर जन्म या मृत्यु का रजिस्ट्रेशन एक साल से ज्यादा समय बाद कराया जाता है, तो जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) या कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मंजूरी लेनी पड़ती है। नए संशोधन के बाद एक ⏭शेष पेज 7 पर

आम लोगों पर पड़ेगा यह असर

नए नियम का सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ेगा, जो कई साल बाद जन्म या मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने की कोशिश करेंगे। ऐसे लोगों को अब ज्यादा दस्तावेज जुटाने पड़ सकते हैं और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। हालांकि, समय पर रजिस्ट्रेशन कराने वालों के लिए प्रक्रिया में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। सरकार लगातार लोगों से अपील करती रही है कि जन्म और मृत्यु की घटनाओं का पंजीकरण तय समय सीमा के अंदर कराया जाए।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग सलाह दे सकता है फैसला नहीं सुना सकता : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पास सेवा विवादों में फैसला सुनाने का अधिकार नहीं है। आयोग केवल जांच कर सकता है और सरकार को सिफारिश या सलाह दे सकता है, लेकिन बाध्यकारी आदेश जारी नहीं कर सकता। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया, जिसमें सेवा विवाद से जुड़े मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का आदेश बरकरार रखा गया।

मुंबई पोर्ट प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

इससे नाराज कर्मचारी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का रुख किया। आयोग ने वर्ष 2024 में उन्हें दोबारा पद पर बहाल करने और बकाया वेतन सहित अन्य लाभ देने का निर्देश दिया था। मुंबई पोर्ट प्राधिकरण ने आयोग के इस आदेश को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी लेकिन याचिका खारिज होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आयोग के पास सेवा विवाद का अंतिम निर्णय देने या बकाया वेतन जैसी राहत देने का अधिकार नहीं है। अदालत ने कहा कि आयोग दस्तावेज मंगा सकता है, साक्ष्य दर्ज कर सकता है और तथ्यात्मक निष्कर्ष निकाल सकता है, लेकिन उन साक्ष्यों के आधार पर बाध्यकारी आदेश पारित नहीं कर सकता। वह केवल केंद्र या राज्य सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए सिफारिश कर सकता है।

आयोग द्वारा दिए निर्देश का आदेश किया रद्द

खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा बकाया वेतन के भुगतान संबंधी दिया गया निर्देश संविधान के प्रावधानों के विपरीत है और कानून की नजर में उसका कोई अस्तित्व नहीं है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई पोर्ट प्राधिकरण की अपील स्वीकार करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का आदेश रद्द किया।

कोर्ट की टिप्पणी : राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को दिए गए अधिकार हैं सीमित

आयोग संविधान के तहत स्थापित महत्वपूर्ण संस्थान

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को दिए गए अधिकार सीमित हैं। यह संविधान के तहत स्थापित एक महत्वपूर्ण संस्था है, जिसका उद्देश्य सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है, लेकिन इसकी भूमिका केवल सिफारिश और सलाह देने तक सीमित है। इसे न्यायिक या अर्ध-न्यायिक संस्था की तरह विवादों का फैसला करने का अधिकार नहीं है।



अनुसूचित जाति कर्मचारी से जुड़ा मामला

मामला मुंबई पोर्ट प्राधिकरण की एक अनुसूचित जाति कर्मचारी से जुड़ा था। उन्हें वर्ष 2002 के कार्यालय ज्ञापन के आधार पर पदोन्नति मिली थी। बाद में वर्ष 2016 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2002 के कार्यालय ज्ञापन रद्द किया, जिसके बाद प्राधिकरण ने वर्ष 1997 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार वरिष्ठता सूची संशोधित करते हुए वर्ष 2020 में उन्हें पदावनत किया।

कावेरी जल विवादः कर्नाटक में उबाल

कर्नाटक में तमिलनाडु को पानी देने पर प्रदर्शन व चक्का जाम



एजेंसी ▶▶ मैसूर

कर्नाटक में कावेरी नदी का पानी तमिलनाडु को छोड़े जाने के फैसले के बाद राज्य में किसानों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है। कल से ही मांड्या और मैसूरु जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और सड़क जाम हुए हैं। यह गुस्सा तब और बढ़ गया जब कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने कर्नाटक की उस अपील को ठुकरा दिया, जिसमें पानी छोड़ने का समय आगे बढ़ाने की मांग की गई थी। प्राधिकरण ने अपने पुराने आदेश पर ही मुहर लगाई और 15 दिनों तक रोजाना 3,500 क्यूसेक पानी तमिलनाडु को देने का निर्देश बरकरार रखा। मांड्या में लोगों ने भी फैसले के खिलाफ प्रदर्शन किया।

कर्नाटक सरकार तमिलनाडु का पक्ष ले रही : भाजपा

शिवमोग्गा में मीडिया से बात करते हुए कर्नाटक के भाजपा अध्यक्ष व विधायक वी वाई विजेंद्र ने राज्य सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार कावेरी बेसिन के किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह नाकाम रही है। उनका आरोप है कि सरकार कर्नाटक के किसानों के साथ मजबूती से खड़े होने की बजाय तमिलनाडु का पक्ष लेती दिख रही है। विजेंद्र ने कहा कि जलाशयों में पहले से ही पानी की कमी है और ऐसे में बिना कर्नाटक की जरूरतों का ध्यान रखे पानी छोड़ना किसानों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

रामनगर में सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

कावेरी जल विनियमन समिति के तमिलनाडु को पानी छोड़ने के निर्देश के विरोध में कर्नाटक के रामनगर में कर्नाटक रक्षणा वेदिके (प्रवीण शेट्टी गुट) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया. इससे पहले सीडब्ल्यूएमए ने कर्नाटक की पानी छोड़ने की समय-सीमा टालने की मांग खारिज कर दी थी।

अमेरिकी सीनेट में राष्ट्रपति की शक्ति सीमित करने वाला प्रस्ताव 49-50 वोटों से गिर गया

ट्रंप को छूट, ईरान पर हमले रोकने वाला प्रस्ताव सीनेट में 1 वोट से गिरा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है। गुरुवार को हुई वोटिंग में इसके पक्ष में 49 और विरोध में 50 वोट पड़े। ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता, तो अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान पर हमलों से पहले संसद की मंजूरी लेना जरूरी हो जाता। यानी राष्ट्रपति खुद यह फैसला नहीं ले सकते थे लेकिन प्रस्ताव के गिर जाने के बाद अब ट्रंप को ईरान पर हमला करने की खुली छूट मिल गई है।

वोटिंग में रिपब्लिकन बहुमत ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया



ईरान और अमेरिका के बीच जारी है जंग

- **जंग में पहली बार मिस्र पर हमला:** मिस्र के बंदरगाह पर ड्रोन हमले में दो जहाजों में आग लगी। ईरान को इस हमले का जिम्मेदार माना जा रहा है।
- **अमेरिका का 10 ईरानी शहरों पर हमला:** अमेरिकी सेना ने ईरान पर बड़े हवाई हमले किए। बंदर अब्बास, किश और केश्म द्वीप में धमाकों की खबर है।
- **ईरान का जवाबी हमला:** रिवोल्यूशनरी फोर्स ने कहा कि अमेरिकी हमले के बाद उन्होंने कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया।
- **कुवैत में चीनी कंपनी की बिल्डिंग पर हमला:** ईरानी हमले में उत्तरी कुवैत में एक चीनी कंपनी की इमारत पर हमला हुआ, एक कर्मचारी की मौत।
- **रेड सी की सुरक्षा के लिए गठबंधन बना रहा सऊदी:** रेड सी (लाल सागर) में जहाजों की सुरक्षा के लिए सऊदी एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने जा रहा है। अब तक 14 देशों ने इससे जुड़ने में इच्छा जताई है।

क्या मकसद था इस प्रस्ताव में...?

इस प्रस्ताव का मकसद यह था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ कोई भी नया हमला शुरू करने से पहले अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस से मंजूरी लें। प्रस्ताव पास हो जाता तो राष्ट्रपति अकेले युद्ध का फैसला नहीं ले पाते। प्रस्ताव अभी सीनेट की विदेश मामलों की समिति में अटका हुआ है। इसे लाने वाले सांसद चाहते थे कि इसे सीधे पूरे सीनेट में चर्चा और वोटिंग के लाया जाए लेकिन वोट कम पड़ने की वजह से अब सांसदों को इसे आगे बढ़ाने के लिए दोबारा कोशिश करनी होगी।

ट्रंप के हमलों के बाद बढ़ी थी मांग

ज्ञात हो कि पिछले हफ्तों में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद विपक्षी डेमोक्रेटिक सांसद और कुछ रिपब्लिकन सांसद लगातार मांग कर रहे थे कि युद्ध जैसे बड़े फैसले संसद की मंजूरी से ही हों। उनका तर्क है कि संविधान के मुताबिक युद्ध घोषित करने का अधिकार कांग्रेस के पास हैं, राष्ट्रपति के पास नहीं है। गुरुवार की वोटिंग में रिपब्लिकन बहुमत ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया।

ईरान ने दी अमेरिका को चेतावनी

इस बीच ईरान से भी कड़ी प्रतिक्रिया आई है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि केश्म आईलैंड पर हुई अमेरिकी बमबारी में नागरिकों की मौत के लिए पूरी तरह से अमेरिका जिम्मेदार है। गालिबाफ ने चेतावनी दी कि अमेरिका को इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि नागरिक ठिकानों पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। केश्म आईलैंड पर हुए हमले में कितने लोग मारे गए, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों की मांग

खून से लथपथ लौटे थे मेरे पिता हमें भी न्याय मिलना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन और 'संसद चलो' मार्च के दौरान हुई हिंसा में घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस दौरान परिजनों ने कहा कि वे भी इस देश के नागरिक हैं और उन्हें भी न्याय मिलना चाहिए। परिजनों ने संसद में चर्चा की भी मांग की। घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों ने कथित हमलों के वीडियो दिखाए और आरोप लगाया कि असामाजिक तत्वों ने प्रदर्शन में घुसपैठ की थी। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में करीब 148 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। प्रदर्शनस्थल से कई वीडियो भी सामने आए थे, जिनमें घायल पुलिसकर्मियों को देखा जा सकता था।



बेटी बोली- पिता की वर्दी खून से लथपथ थी

एक घायल पुलिसकर्मी की बेटी ने कहा, मेरे पिता मुख्य विरोध स्थल पर थे। वे अग्रिम पंक्ति में, बैरिकेड्स के पास थे। मेरे पिता को उपद्रवी भीड़ ने घसीटा और लगभग पीट-पीटकर मारा। वे अस्पताल में लगभग 4 घंटे तक बेहोश रहे। रात करीब 10 बजे सहकर्मी उन्हें घर लाए। उनकी वर्दी खून से लथपथ थी। उन्हें उस हालत में देखना हमारे लिए बेहद दर्दनाक था।

एसीपी की पत्नी ने सुनाई आपबीती

प्रदर्शन में घायल दिल्ली पुलिस के एसीपी की पत्नी ने कहा, 20 जुलाई की देर रात जब वे घायल हालत में घर लौटे, तो वह पल मेरे और मेरी 2 साल की बेटी, दोनों के लिए बेहद दर्दनाक और सदमे वाला था। लोग यह भूल जाते हैं कि एक पुलिस अधिकारी सिर्फ अकेला इंसान नहीं होता। उसके पीछे उसका परिवार होता है-उसकी पत्नी, छोटे बच्चे और बूढ़े माता-पिता, जो हर पल घर पर उसके सुरक्षित लौटने का इंतजार करते हैं।

पिता को सिर में 4 टांके आएः लक्ष्य

लक्ष्य मेहता, जिनके पुलिसकर्मी पिता घायल हुए, उन्होंने कहा, उनके सिर पर चोट लगी थी। प्रदर्शनकारियों ने उन पर पत्थर से हमला किया। जब उनकी तस्वीर देखी तो सिर मुंडा हुआ था और 4 टांके लगे थे। मैं डर गया था। पिता ने बताया कि प्रदर्शन में सिर्फ छात्र नहीं, बल्कि हिंसक और उपद्रवी लोग भी शामिल थे।

Godriwala Presents
POOJA®
MOULDED FURNITURE & HOUSE HOLD PRODUCTS
POOJA® PLASTICS
हर घर की ज़रूरत, हर दिल का भरोसा
POOJA ARMLESS CHAIR
हर समारोह का साथी
बल्क आर्डर के लिए संपर्क करे
Household Essentials
Kitchen, gardening & storage essentials!
FOOD GRADE PLASTIC
Durable Furniture
Stylish chairs & tables
Comfort aur class dono!
Bathroom & Cleaning
Practical designs with superior quality!
ECO FRIENDLY
Unbreakable Range
Ghamela & Tagari Mazboot, halke aur rozmarra ke kaam ke liye!
UNBREAKABLE मजबूत एवं टिकाऊ
डीलरशिप के लिए संपर्क करे 0771-4050996
7000081571 Devpuri Mana Rd, Raipur, Chhattisgarh
Follow us on instagram @poojaplastics
सीमित क्षेत्रों के लिए नियुक्ति जारी है। पहले संपर्क करें, पहले अवसर पाएं।
इच्छुक डिस्ट्रीब्यूटर अपना Visiting Card WhatsApp करें 85755 55553

रायपुर शनिवार 1 अगस्त 2026 श्रावण, कृष्ण पक्ष तृतीया । वर्ष : 25, अंक : 12 । पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



अस्मिता और हर्ष ने रचा इतिहास, जूडो में भारत को मिले लगातार दो गोल्ड

कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली जूडोका बनीं अस्मिता

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

कॉमनवेल्थ गेम्स में शुक्रवार के दिन भारत के लिए स्वर्णिम रहा है। भारत की झोली में जूडो में 2 स्वर्ण पदक आए हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में भारत को पहली हार जूडो में स्वर्ण पदक मिला है। अस्मिता डे ने पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि दूसरा स्वर्ण पदक हर्ष सिंह ने जीता। अस्मिता ने महिलाओं की 48 किग्रा जूडो फाइनल में कनाडा की हेइडी क्वैच को हराया। अस्मिता कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में स्वर्ण जीतने वाली भारत की ▶▶|शेष पेज 7 पर

पिता को याद कर भावुक हुईं अस्मिता

23 साल की अस्मिता ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह पदक उनके करियर, उनके होम स्टेट त्रिपुरा और पूरे देश के लिए बेहद अनमोल है। उन्होंने अपने इस गोल्डन सफलता का श्रेय अपने कोच को देते हुए यह ऐतिहासिक मेडल उन्हें ही समर्पित किया। ▶▶|शेष पेज 7 पर



शानदार दिन : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने एक्स पर लिखा, भारतीय जूडो के लिए एक शानदार दिन। अस्मिता डे और हर्ष सिंह को कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के 48 किग्रा और पुरुषों के 60 किग्रा जूडो इवेंट्स में स्वर्ण पदक जीतने पर बहुत-बहुत बधाई।

स्वर्णिम प्रदर्शन : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर अस्मिता के लिए लिखा, सच में एक स्वर्णिम प्रदर्शन। जूडो महिला 48 किग्रा फाइनल में स्वर्ण जीतने के लिए अस्मिता डे पर गर्व है। यह प्रदर्शन हमेशा याद रहेगा।



जैवलिन: नीरज के नाम सिल्वर यशवीर को मिला ब्रॉन्ज मेडल

कॉमनवेल्थ गेम्स की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भारत ने दो पदक अपने नाम किए हैं। नीरज चोपड़ा ने रजत पदक (85.83 मीटर) हासिल किया वहीं यशवीर सिंह ने 85.41 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो करके ब्रॉन्ज मेडल जीता। श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ने फाइनल में जोरदार थ्रो करते हुए 89.75 मीटर का विशाल स्कोर दर्ज कर गोल्ड जीता। वहीं पाकिस्तान के ओलिंपिक चैंपियन अरशद नदीम टॉप-8 में भी जगह नहीं बना सके और तीन राउंड के बाद ही बाहर हो गए। नीरज ने पहले प्रयास में 80.97 मीटर और दूसरे प्रयास में 85.83 मीटर का थ्रो कर बढ़त हासिल कर ली थी। हालांकि, दूसरे राउंड में ही पथिराजे ने 89.75 मीटर फेंककर पहला स्थान हासिल कर लिया। इसके बाद नीरज अपने अगले प्रयासों में दूरी नहीं बढ़ा सके और सिल्वर पर ही रहे। पाकिस्तान के स्टार एथलीट अरशद नदीम शुरुआती 3 प्रयासों के बाद टॉप-8 में अपनी जगह बनाने में नाकाम रहे हैं, जिसके कारण वे मेडल की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

Vinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

छात्र आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ काफी बच्चों ने कहे थे अपशब्द

मुझे गालियां देने वाले बच्चों को मैं माफ करता हूं: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार देर रात एक बार फिर सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसके जरिए उन्होंने देशवासियों से बात की। प्रधानमंत्री ने अपने वीडियो मैसेज में उन्हें अपशब्द कहने वाले बच्चों को माफ करने की बात कही। बता दें, जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ काफी बच्चों ने अपशब्द कहे थे, कुछ के खिलाफ एफआईआर दर्ज भी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

25 साल की युवती के खिलाफ नोएडा में दर्ज हुई थी जीरो एफआईआर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार देर रात एक बार फिर बड़ा मैसेज दिया। रात तकरीबन 11 बजे के बाद पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर लाइव आए और जेन-जेड को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि मैं बच्चों को माफ करना चाहता हूं। पीएम मोदी ने कहा, 'फ्रेंड्स, आज तो मन करता है बस आपसे ही बातें करूं। जंतर-मंतर पर जो कुछ भी हुआ, देश और दुनिया ने देखा है। कुछ शरारती बच्चों ने भद्दी-भद्दी गालियां बोलीं, जो किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देतीं। ऐसे शब्दों का प्रयोग किया गया। मुझे तो गालियां दी गईं, मेरी स्वर्गीय माता को भी गालियां दी गईं। न जाने कितना भद्दा स्वरूप था। लेकिन, मैं आज बात करना चाहता हूं कि बचपन में गलतियां होती हैं और बचपन में गलतियों से सुधरने का अवसर भी होता है और यही तो बचपना है। इसलिए मैं समाज के अंदर जो आक्रोश है, उसको भली-भांति समझ सकता हूं।

- प्रदर्शन के दौरान गृहमंत्री शाह के खिलाफ भी की गई नारेबाजी

यह है मामला

बता दें कि पीएम मोदी के इस वीडियो मैसेज को जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट के दौरान हुए गाली-गलौज से ही जोड़कर देखा जा रहा है। इससे जुड़े एक मामले में 25 साल की युवती रुचिका के खिलाफ नोएडा में जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी। इसे लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है। ये मामला 23 जुलाई 2026 का है। उस दिन दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध में बड़ी संख्या में छात्र और युवा प्रदर्शन कर रहे थे। इसी प्रदर्शन के दौरान रुचिका सिंह नाम की युवती का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी करती दिखाई दी।



समाज भी मेरी इस बात को स्वीकार करे

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'समय है इन बच्चों को गले लगाकर राह दिखाने का। ये गुमराह बच्चे हैं, उनको राह दिखाना हमारा काम है। उनको सजा देकरहम परिस्थितियां नहीं बदल पाएंगे। मैं उन्हें माफ करना चाहता हूं। समाज भी मेरी इस बात को स्वीकार करे।

गलतियों से भी सीखें, अपने सपनों को लेकर चल पड़ें

पीएम मोदी ने कहा, 'ये बच्चे भी हमारे हैं। उन्हें राह दिखाना हमारा काम है। गुमराह को राह दिखाना कठिन होता है, लेकिन कठिन कामों को करना है। इसलिए आओ, मैं इन बच्चों से कहता हूं कि बच्चों, आओ हम देश के लिए साथ मिलकर आगे बढ़ें। कुछ नया सीखें। गलतियों से भी सीखें। अपने सपनों को लेकर चल पड़ें।

संसद परिसर में शुक्रवार को दिखाई पड़ा अलग ही नजारा

राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर विपक्ष ने किया अनोखा प्रदर्शन, साधु बने पप्पू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अयोध्या राम मंदिर से जुड़े चढ़ावा चोरी के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने संसद परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन कर सरकार को घेरने की कोशिश की। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने एक नाटक के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया, जिसने संसद परिसर में लोगों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव साधु के वेश में दिखाई दिए। प्रदर्शन के दौरान एक दान पेटी रखी गई, जिसमें एलओपी राहुल गांधी चढ़ावा चढ़ाते दिखे।

- प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह के खिलाफ भी की गई नारेबाजी

संसद परिसर में शुक्रवार को अलग ही नजारा देखने को मिला। विपक्ष ने अनोखे तरीके से राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का विरोध किया। सबसे ज्यादा चर्चा उस समय हुई जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी प्रदर्शन में शामिल हुए और उन्होंने दानपात्र में पैसे डालकर विरोध को समर्थन दिया। इस दौरान विपक्षी सांसद 'चढ़ावा चोर- गद्दी छोड़' के नारे लगाते रहे। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई विपक्षी सांसद भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। नाटक के एक हिस्से में साधु के वेश में मौजूद पप्पू यादव दान पेटी लेकर भागते हुए दिखाई दिए। विपक्षी नेताओं का कहना था कि यह प्रदर्शन कथित चढ़ावा चोरी और अलग-अलग मुद्दों पर सरकार से ▶▶|शेष पेज 7 पर

राहुल ने चढ़ाया चढ़ावा



दानपात्र से पैसे जेब में रखने की एक्टिंग भी

प्रदर्शन के दौरान पप्पू यादव ने माहौल को व्यंग्यात्मक बनाने के लिए दानपात्र में पड़े पैसे अपनी जेब में रखने की सांकेतिक एक्टिंग भी की। इस पर वहां मौजूद विपक्षी सांसदों के बीच हल्की हंसी-मजाक का माहौल बन गया। प्रदर्शन का मकसद राम मंदिर में कथित चढ़ावा गबन के आरोपों को लेकर सरकार को घेरना और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाना था।

गड़बड़ी के सत्तर वीडियो रिकॉर्ड : सांसद यादव

इस प्रदर्शन को लेकर सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि अयोध्या की घटनाओं पर गौर करें। चढ़ावा चढ़ाने गए भक्तों को रसीदें नहीं दी गईं। दान पेटी तक पहुँचने से पहले ही पैसे ले लिए गए। गिनती वाली जगह पर सीसीटीवी कैमरों ने कुछ ही दिनों में गड़बड़ी के सत्तर वीडियो रिकॉर्ड किए। फिर भी बाद में सारा पुराना फुटेज डिलीट कर दिया गया।

लोकसभा अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

इस घटनाक्रम पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताते हुए कहा कि संसद और उसके परिसर की गरिमा बनाए रखना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने सांसदों को सलाह दी कि वे संसद परिसर में वेश बदलकर आने से बचें और संसदीय मर्यादा का पालन करें। घटना के बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि, विपक्ष ने अपने प्रदर्शन को लोकतांत्रिक विरोध का हिस्सा बताते हुए कहा कि वह विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगता रहेगा।

खबर संक्षेप

2011 से अलग रह रहे उमर अब्दुल्ला-पायल का तलाक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पत्नी पायल को तलाक की मंजूरी दे दी है। उनकी शादी 32 साल पहले हुई थी। दोनों 2011 से अलग रह रहे थे। दोनों ने कोर्ट को बताया कि आपसी सहमति से अपनी शादी खत्म करने और सभी विवादों को सुलझाने का फैसला किया है।



अग्निकांड : एमसीडी-डीएफएस दोषी करार

नई दिल्ली। दिल्ली के पालम में 18 मार्च 2026 को हुए अग्निकांड की मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट गृह विभाग को सौंप दी गई है। जांच में एमसीडी और दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) की गंभीर लापरवाही सामने आई है। इस हादसे में सात महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट के अनुसार हादसे के पीछे बिना परमिशन के लगाए गए ओवरहेड बिजली के तार भी अहम कारण रहे। जांच के अनुसार, आग लगने की सबसे संभावित वजह एमसीबी बॉक्स के पास हुआ इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट है।

भिवंडी में 4 मंजिला बिल्डिंग ढही, 9 मौतें

भिवंडी। महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार रात करीब 11:30 बजे एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 4 से 5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव अभी भी जारी है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग में 48 कमरे थे। हर मंजिल पर 12 कमरे बने हुए थे।



शराब पार्टी : आरडीपीआर के नौ अधिकारी सस्पेंड

बेंगलुरू। कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले में कार्यालय समय के दौरान शराब पार्टी करने के आरोप में ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज (आरडीपीआर) विभाग के 9 अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर अधिकारियों के इस पार्टी की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद मामला सामने आया था। जांच में पता चला था कि ये अधिकारी 24 जुलाई को बिना पूर्व सूचना या स्वीकृत अवकाश लिए ऑफिस से गायब हो गए थे।

सीबीआई का बड़ा खुलासा

पेपर बनाने वाले शिक्षकों की परिचित ने किया था नीट कांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट यूजी 2026 की परीक्षा में हुई गड़बड़ी के पीछे एक चौंकाने वाली वजह सामने आई है। सीबीआई ने खुलासा किया है कि शिक्षकों की परिचित ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे की इस मामले में एंट्री न होती, तो यह गड़बड़ी कभी सामने ही नहीं आती। ब्यूटीशियन की इन शिक्षकों से पहचान थी। उसने ट्यूशन पढ़ने वाले कुछ बच्चों से वह क्वेश्चन बैंक हासिल कर लिया। फिर उसे टाइप करके प्रश्न पत्र का रूप दिया और धनंजय निवृत्ति लोखंडे नाम के दलाल को बेच दिया। लोखंडे ने आगे इस पेपर को कई अन्य दलालों तक पहुंचाया, जिन्होंने लाखों रुपये लेकर इसे देश के अलग-अलग राज्यों में छात्रों तक फैला दिया। इसके बाद सीबीआई ने मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया।

गोपनीयता भंग होने का सबसे बड़ा कारण

सूत्रों के मुताबिक, जिस एक ही पैनल के शिक्षकों को प्रश्न पत्र सेट करने की जिम्मेदारी दी गई थी, उन्हीं से उसका मराठी अनुवाद भी कराया गया। यहीं दोहरा काम नीट परीक्षा की गोपनीयता भंग होने का सबसे बड़ा कारण बना। सीबीआई ने इस गंभीर खामी के बारे में एनटीए को बता दिया है और संभावना है कि वे इसे अपनी औपचारिक सिफारिशों में भी शामिल करें। नीट परीक्षा की गड़बड़ी वर्ष 2024 के लीक से बिल्कुल अलग थी। वर्ष 2024 में केंद्र प्रभारी की मिलीभगत से पेपर चोरी और प्रसारित हुआ था, जिसके बाद सीबीआई ने एनटीए को सुरक्षा और परिवहन से जुड़े कई सुझाव दिए थे। एनटीए ने इन बदलावों को वर्ष 2025 और 2026 में लागू भी किया, जिसके कारण पेपर लीक नहीं हुआ।

पुणे के तीन शिक्षकों ने याद किए सवाल

सीबीआई की जांच में सामने आया कि एनटीए के पैनल में शामिल तीन विषय विशेषज्ञों केमिस्ट्री के शिक्षक पी वी कुलकर्णी, फिजिक्स की शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मांढरे और बायोलॉजी की शिक्षिका मनीषा संजय हवलदार को पेपर सेटिंग के साथ-साथ मराठी अनुवाद का काम भी सौंपा गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

आवारा पशुओं से दुर्घटना मुआवजा तंत्र हो विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकारों को ऐसी दुर्घटनाओं में मुआवजे के भुगतान के लिए एक तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कई निर्देश जारी किए और कहा कि इन पशुओं के मालिकों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पशु हर रोज दिन खत्म होने पर अपने निर्दिष्ट आवास पर लौट आएं। पीठ ने कहा, 'सभी राज्य जिन्होंने मवेशियों से संबंधित ▶▶|शेष पेज 7 पर



महानदी का बढ़ा जलस्तर, पुसौर और सरिया क्षेत्र के तटीय क्षेत्रों में बसे 35 गांवों में अलर्ट, रखी जा रही है नजर

- खेतों और घरों तक पहुंचा नदी का पानी, बचाव के लिए किए इंतजाम
- राहत शिविरों में की गई प्रभावितों को ठहरने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ

लगातार हो रही बारिश से महानदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। हालात यह है कि महानदी में खतरे के निशान से ऊपर पानी बह रहा है। इस तरह के हालात निर्मित होने से पुसौर और सरिया क्षेत्र के महानदी के तटीय इलाके के करीब 35 गांवों में जहां घरों और खेतों तक पानी पहुंच गई है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार



हीराकुद डैम के खुले 22 गेट

इस संबंध में संबलपुर जिले के जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर प्रताप चंद्र चौधरी ने बताया कि जलभराव को देखते हुए शुक्रवार की शाम तक हीराकुंड डैम के 22 गेट खोले गए हैं। उनका कहना है कि पिछले हिस्से से लगातार पानी की आवक बनी हुई है। ऐसे में जलस्तर के घटने में समय लग सकता है। हालांकि उनके अनुसार स्थित सामान्य है। खोले गए 22 गेट से करीब 2 लाख 80 हजार क्यूबिक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है।

दोनों प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर तैयार होगी मेरिट लिस्ट

अगस्त के पहले पखवाड़े से प्रारंभ होगी दाखिले संबंधित प्रक्रिया

पीईटी के साथ अब पीएटी अंकों से भी दाखिला बायो के छात्र भी पढ़ सकेंगे बीटेक डेयरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बायो लेकर बारहवीं कक्षा की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी भी अब बीटेक डेयरी की पढ़ाई कर सकेंगे। बीटेक इन डेयरी टेक्नोलॉजी में गणित के छात्रों को ही दाखिले दिए जाते रहे हैं। पीईटी में प्राप्त अंकों के आधार पर सीटों के लिए मेरिट लिस्ट तैयार होती रही है।

खास खबर



बीते वर्षों में सीट रिक्त रहने पर पीईटी की अनिवार्यता समाप्त कर 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर भी प्रवेश दिए गए। हालांकि यह छूट अंतिम चरणों में सीटों की उपलब्धता के बाद प्रदान की गई। इस प्रक्रिया में बदलाव किए गए हैं। मौजूदा सत्र से काउंसिलिंग के शुरुआती चरण से ही गणित और बायो दोनों के छात्र हिस्सा ले सकेंगे। पीईटी अभ्यर्थियों के साथ-साथ पीएटी अर्थात प्री एग्रीकल्चर टेस्ट के अंक भी मान्य किए जाएंगे। पीईटी केवल गणित के छात्रों को दिलाने की पात्रता होती है। इसके उलट पीएटी में गणित और बायो दोनों ही संकाय के छात्र शामिल हो सकते हैं। दोनों प्रवेश ▶▶|शेष पेज 7 पर

संयुक्त काउंसिलिंग

पीईटी के परिणाम कर्मचारी चयन मंडल (पूर्व नाम-व्यावसायिक परीक्षा मंडल) पहले ही जारी कर चुका है, लेकिन पीएटी के अंतिम उत्तर व परिणाम कुछ दिनों पूर्व ही जारी हुए हैं। इसलिए अब तक काउंसिलिंग शेड्यूल महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी नहीं किया जा सका है। दोनों प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी होने के बाद अब अगस्त माह के प्रथम पखवाड़े में काउंसिलिंग शेड्यूल जारी किए जाने की तैयारी है। दोनों प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संयुक्त रुप से काउंसिलिंग की जाएगी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

गणित जरूरी नहीं

डेयरी इंजीनियर बनने के लिए गणित का विद्यार्थी होना अनिवार्य नहीं है। बायो के छात्र भी काउंसिलिंग में हिस्सा ले सकेंगे। पीईटी के अलावा पीएटी के स्कोर कार्ड मान्य रहेंगे।

- डॉ. सुधीर उपरीत, प्रवेश प्रभारी, दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय

नशे के लिए साथियों के साथ एक ही इंजेक्शन का उपयोग करने वाले 175 एचआईवी संक्रमित

युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति अब गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। नशीले पदार्थों के सेवन के दौरान एक ही इंजेक्शन का सामूहिक उपयोग करने से एचआईवी संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे 175 लोगों की पहचान की है, जो साझा इंजेक्शन के इस्तेमाल के कारण एचआईवी संक्रमित पाए गए हैं। इन सभी का उपचार जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सरगुजा संभाग में नशीले इंजेक्शन का चलन लगातार बढ़ रहा है। कई युवक नशे के लिए अपने साथियों के साथ एक ही इंजेक्शन का उपयोग कर रहे हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग वर्षों से 'एक मरीज-एक सुई' के सिद्धांत के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा है, लेकिन नशे के आदी लोगों पर इसका अपेक्षित असर नहीं दिख रहा है।

बढ़ती नशे की प्रवृत्ति भविष्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बन सकती है बड़ा खतरा

लगातार कार्रवाई कर रही पुलिस

उधर, पुलिस नशीले इंजेक्शनों की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है तथा विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन जब्त भी किए जा रहे हैं। इसके बावजूद इनकी उपलब्धता पूरी तरह नहीं रुक पा रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार साझा इंजेक्शन के उपयोग से संक्रमित 175 पंजीकृत मरीजों में सबसे अधिक 108 सूरजपुर जिले के हैं। इसके अलावा कोरिया के 40, एमसीबी के 15, सरगुजा के 11 तथा बलरामपुर के एक मरीज शामिल हैं। विभाग का मानना है कि ऐसे कई अन्य लोग भी संक्रमित हो सकते हैं, जिनकी अभी पहचान नहीं हो सकी है।



दवा लेकर जीएं सामान्य जीवनः डा. शैलेन्द्र

जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कई लोगों द्वारा एक ही इंजेक्शन का उपयोग करने से एचआईवी सहित अन्य रक्तजनित संक्रमण तेजी से फैलते हैं। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति नियमित रूप से एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) की दवाएं लेकर सामान्य जीवन जी सकता है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नशे पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा संकट बन सकता है।

खबर संक्षेप

हाउसिंग बोर्ड का सब इंजीनियर सस्पेंड

डोंगरगढ़। उप पंजीयक कार्यालय भवन का भूमिपूजन कांग्रेसियों द्वारा किए जाने के बाद मचे बवाल के बाद छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव तक शिकायत पहुंचने के बाद विभाग ने सहायक अभियंता सुशील कुमार लहरे को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ में पिछले 25 जुलाई को कांग्रेस नेताओं ने उप पंजीयक कार्यालय भवन का भूमिपूजन किया था। इस दौरान वहां सहायक अभियंता सुशील कुमार लहरे भी उपस्थित थे। उदघाटन की जानकारी जैसे ही भाजपा नेताओं को मिली, उन्होंने भी वहां पहुंचकर दोबारा भूमिपूजन किया। इस मामले की शिकायत डोंगरगढ़ के भाजपा नेताओं ने प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव से की। इसके बाद विभाग ने पूरे मामले की जांच कराई। जांच में पाया गया कि घटना के समय सब-इंजीनियर सुशील कुमार लहरे मौके पर मौजूद थे और उन्होंने स्थिति स्पष्ट करने या विभाग को जानकारी देने में लापरवाही बरती। विभाग ने इसे कार्य के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता मानते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के तहत सुशील कुमार लहरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

बेमेतरा में दो ग्रामीण और कांकेर में दो भाई की मौत

अलग-अलग सड़क हादसे में दो सगे भाइयों सहित चार की गई जान

दो सड़क हादसे में चार लोग की मौत हो गई है। कांकेर जिले में दो ग्रामीणों की जान चली गई। वहीं बेमेतरा में दो सगे भाइयों को चारपहिया ने चपेट में लिया, जिससे उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



बेमेतरा/थान खम्हरिया। कवर्धा-बेमेतरा हाईवे पर थाना खम्हरिया क्षेत्र के ग्राम अगरी के तेंदो मोड़ के पास शुक्रवार शाम करीब 4 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि दोनों बाइकों का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब दो घंटे तक हाईवे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस के अनुसार, बेमेतरा की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 जेटी 8302 पर सवार ग्राम रमपुरा निवासी रेवाराम सतनामी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कवर्धा की ओर से आ रही हीरो स्प्लेंडर सीजी 25 एल 1317 के चालक को गंभीर अवस्था में दशरंगपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना खम्हरिया, दशरंगपुर चौकी, दाढ़ी एवं खंडसरा चौकी का पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

एसडीओपी ने ग्रामीणों को दी समझाइश

एसडीओपी भूषण एक्का ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए ग्रामीणों को समझाइश दी। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद चक्काजाम समाप्त कराया गया और हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा

चारपहिया वाहन की ठोकर से दो भाइयों ने तोड़ा दम

कांकेर। थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम कुड़ाल पुलिया के पास 3 जुलाई की शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम खोरा निवासी 30 वर्षीय संतु राम गावड़े और उनके छोटे भाई 23 वर्षीय धनसिंह गावड़े मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-24 यू-7205 से भानबेड़ा साप्ताहिक बाजार जा रहे थे।

शाम करीब 6 बजे ग्राम कुड़ाल पुलिया के पास विपरीत दिशा से तेज गति एवं लापरवाही से आ रहे अज्ञात चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में संतु राम की मृत्यु छाती में गंभीर चोट लगने से हुए कार्डियक अरेस्ट तथा धनसिंह की मृत्यु अत्यधिक रक्तस्राव के कारण हुए कार्डियोजेनिक शॉक से होना बताया गया है। दोनों की मौत को दुर्घटनाजन्य माना गया है। पुलिस मर्ग जांच, घटनास्थल निरीक्षण, पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा परिजनों एवं गवाहों के कथनों के आधार पर अज्ञात चारपहिया वाहन चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281 एवं 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

छात्रावास में रहने वाली छात्रा की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के वनांचल में रहने वाली एक छात्रा की मौत होने का मामला सामने आया है। छात्रा एक सप्ताह से बीमार बताई जा रही है, जिसकी सूचना परिजनों को समय पर नहीं दी गई। जिस दिन ज्यादा तबीयत बिगड़ी उस दिन रात के तीन बजे सूचना दी गई। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है।



■ परिजनों ने लगाया आश्रम अधीक्षिका पर लापरवाही बरतने का आरोप

मामला बोड़ला विकासखंड का है, परिजनों के अनुसार बबीता पद्राम नाम की छात्रा अमेरा कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ती थी। दो दिन पहले अचानक रात में उसकी तबीयत खराब हुई थी। उस वक्त छात्रावास अधीक्षिका हॉस्टल में मौजूद नहीं थी। सुबह परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद वे तुरंत पहुंचकर छात्रा को अस्पताल ले जा रहे थे।

तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई, जिसके बाद परिजन उसे अपने घर ले जाकर अंतिम संस्कार किए। लेकिन मामले में हॉस्टल अधीक्षिका की बड़ी लापरवाही सामने आई है, अगर छात्रावास में वह मौजूद रहती तो, शायद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका, परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

सामाजिक नेता सुखनंदन धुर्वे ने बताया कि जिले के वनांचल में रहने वाले बैगा-आदिवासियों के बच्चे भगवान भरोसे ही रह रहे है। उनकी सही देखभाल नहीं हो रही है। जिले के कई छात्रावासों में इस तरह की लापरवाही सामने आ चुकी है। जिस पर सुधार करने की मांग सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारी लक्ष्मी पटेल से किए है।

सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग की चुप्पी

वहीं मामले में सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग लक्ष्मी पटेल की ओर से मीडिया से कुछ भी कहने से बचते नजर आए जब भी इस तरह की घटना होती है, सहायक आयुक्त चुप्पी साध लेते है, जवाबदेही से बचते नजर आते है। घटना को लेकर कलेक्टर की अनुशंसा पर डिप्टी कलेक्टर की अगुवाई में पांच सदस्यीय जांच टीम बनाने की बात कही गई है।

अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस पर हमला दो नाबालिग, महिला सहित 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



शासन के नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध महुआ शराब पर रेड मारने गई पुलिस टीम पर शराब माफिया और नशेड़ियों ने जानलेवा हमला कर दिया। मामला मोंगरा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव कांदागढ़ी के डोंगरीपाली पारा का है। अवैध शराब की सूचना पर जब छुरा पुलिस की टीम गांव पहुंची और मौके से 10 लीटर महुआ शराब जब्त की गई।

शराब पकड़े जाने से बौखलाए शराब कारोबारियों और नशे में धुत असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर ही सवाल खड़े कर दिए। तुम असली पुलिस नहीं हो कहकर हंगामा करते हुए आरोपियों ने एकजुट होकर आरक्षकों को घेर लिया। इसके बाद आरोपियों ने लाठी, डंडों और लोहे के कड़ों से पुलिसकर्मी पर वार करना शुरू कर दिया। हमले में पुलिस आरक्षक लहुलूहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद साथ में मौजूद सहकर्मियों ने तुरंत इसकी सूचना थाना प्रभारी छुरा को दी। मामला बिगड़ता देख गरियाबंद से अतिरिक्त पुलिस बल मौके के लिए रवाना किया गया। सुबह गांव में दबिश देकर पुलिस ने हमलावरों को चिन्हित कर हिरासत में लिया। हमले में शामिल आरोपी सुमित्रा बाई (30 वर्ष),गणपत नीलवंशी (28 वर्ष) यश कुमार (19 वर्ष),महेंद्र कुमार (19 वर्ष) दो नाबालिग को पुलिस ने पकड़ लिया है।

उपचार से बची बीमार युवा हाथी की जान

धमतरी। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन अमले, हाथी मित्रदल तथा पशु चिकित्सकों के संयुक्त प्रयास से एक युवा हाथी की जान बचाई गई है। यह हाथी नवंबर 2025 में ओडिशा से छत्तीसगढ़ आए सिकासार हाथी दल से बिछड़ गया था। 6-7 वर्ष का यह हाथी लंबे समय तक अकेला भटकता रहा। यूएसटीआर से मिली जानकारी के अनुसार कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र में हाथियों की निगरानी कर रहे हाथी मित्र दल ने देखा कि झुंड से अलग हुआ हाथी असामान्य व्यवहार कर रहा है। लगातार कई दिनों तक मल त्याग नहीं करने तथा भोजन निगलने में कठिनाई होने के संकेत मिले थे।



सूदखोरी पर बड़ा फैसला, 15 साल पहले किसानों से हड़पी जमीन की रजिस्ट्री शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगांव के सूदखोरों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कराकर किसानों की जमीन हड़पने के मामले में प्रशासन ने बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में डोंगरगांव एसडीएम अनिकेत साहू ने फैसला सुनाते हुए सालों से न्याय के चक्कर काट रहे किसानों से हड़पी गई जमीन की रजिस्ट्री शून्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस मामले में किसान को करीबन 15 साल बाद न्याय मिला है।

■ डोंगरगांव एसडीएम का निर्णय

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 में डोंगरगांव क्षेत्र के लगभग दर्जनभर किसानों ने ब्याज पर रकम लिया था। जिसके बाद रुपए की अदायगी भी कर दी। इस दौरान सूदखोरों ने फर्जी तरीके से वर्ष 2011 में धोखाधड़ी करते हुए किसानों की जमीन रजिस्ट्री करा ली। किसानों को जब इसकी जानकारी मिली तो किसानों ने न्यायालय की शरण ली। पेशी जाते-जाते कुछ किसानों के पिता का स्वर्गवास भी हो गया। हालांकि उनके देहांत के बाद उनके पुत्रों ने इस न्याय की लड़ाई को जारी रखा। वर्ष 2014 में इसकी शिकायत तहसील स्तर पर की गई। इसके बाद मामला एसडीएम न्यायालय और फिर जिला कलेक्टर तक पहुंचा।

फरियादियों के खिले चेहरे

इस मामले में सुनवाई और प्रक्रिया के दौरान किसानों को 96 पेशी मिल चुकी थी। किसान सभी पेशी में उपस्थित भी हुए हैं, लेकिन फैसला नहीं आने से किसान हताश और परेशान हो गए थे। मामला सिविल न्यायालय में चला,इसके बाद सुनवाई एसडीएम कोर्ट में हुई और एक फरियादी के पक्ष में अब फैसला आने से अन्य किसानों में भी न्याय मिलने की आस से खुशी की लहर दौड़ गई है। ज्ञात हो कि कुल 11 किसानों के प्रकरण इस मामले में चल रहे हैं।

एफआईआर



आखिर ऐसा क्या हुआ था उस रात, जिसके बाद अमिताभ रॉय को यह खौफनाक कदम उठाना पड़ा। इस वारदात ने पूरे शहर को झकझोंर कर रख दिया था। हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुए सनसनीखेज मां-बेटे हत्याकांड के मामले में पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट में दोनों की हत्या जहर देकर किए जाने की पुष्टि के बाद पुलिस ने फरार आरोपी पति अमिताभ रॉय उर्फ बाबला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने बेहद शातिर तरीके से गुपचुप (पानीपूरी) के पानी में चूहा मार जहर मिलाकर अपने ही परिवार को मौत के घाट उतारा था।

गुपचुप के पानी में चूहा मार जहर
पत्नी और बेटे को मार डाला



● जगदलपुर से राजेश दास

पति के मर्दानगी को चैलेंज करते हुए 'बेटे का बाप कोई और है' कहा, जिसके बाद खौफनाक हत्याकांड को दिया अंजाम

घर-घर की कहानी की तरह पति-पत्नी में होने वाले छोटे मोटे विवाद ने 13 फरवरी 2022 की रात को विकराल रूप ले लिया। लालबाग हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, ब्लॉक नंबर 20, मकान नंबर 389 में रहने वाले अमिताभ रॉय उर्फ बाबला को पत्नी चमेली रॉय की एक बात ऐसी चुभी, कि उसने उसी समय उसे मौत के घाट उतारने का खौफनाक निर्णय ले लिया। इसके बाद अगले दिन उसने गुपचुप के पानी में चूहा मार जहर मिलाकर खिला दिया। बावजूद पत्नी की मौत नहीं हुई तो उसने पत्नी व बेटे की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद भी उसका मन विचलित नहीं हुआ और उसने सुबह बकायदा पूजा पाठ कर पत्नी व बेटे को टीका लगाया और नहा धोकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने का कबूलनामा डायरी में लिखकर फरार हो गया। फरार होने से पहले वह अपनी मां के घर पहुंचा और पूरी वारदात बताई।

पीएम और फॉरेंसिक रिपोर्ट से हुआ 'जिंक फॉस्फाइड' जहर का खुलासा : मकान नंबर 389 में चमेली रॉय और उनके मासूम बेटे आरव रॉय के शव मिलने के बाद पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टरों की पीएम रिपोर्ट में साफ हुआ कि दोनों की मौत जहर देने और दम घुटने की वजह से हुई है। घटनास्थल से बरामद चूहा मार दवा और उल्टी के नमूनों की जब रासायनिक जांच कराई गई, तो उसमें जिंक फॉस्फाइड नामक खतरनाक रासायनिक विष की पुष्टि हुई।

कोर्ट में चालान पेश, आरोपी सलाखों के पीछे : आरोपी अमिताभ रॉय के खिलाफ हत्या का अपराध सिद्ध पाए जाने पर पुलिस ने उसे 1 मार्च 2022 को ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था। मामले में प्रार्थी पिता नरेश पण्डा और अन्य गवाहों के बयानों, फॉरेंसिक साक्ष्यों और जब्ती के आधार पर पुलिस ने पुख्ता दस्तावेज तैयार किए।

गुपचुप के पानी में मिलाया जहर, सांस चलते देखा तो रस्सी से घोंटा गला

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फरार आरोपी अमिताभ रॉय को 1 मार्च 2022 को ओडिशा के जगन्नाथ पुरी से हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि घटना के दिन उसने 'टाईगर रेड किलर' (चूहा मार दवा) का 10 पैकेट बाजार से खरीदा और उसे स्टील की गंजी (भगोने) में रखे गुपचुप के पानी में मिलाया था और उसे स्टील की प्लेट में परोसकर अपनी पत्नी और बच्चे को खिलाया। जहर खाने के बाद भी जब पत्नी की मौत नहीं हुई, तब आरोपी ने मच्छरदानी बांधने वाली कॉटन की रस्सी से दोनों का गला घोंटकर उनकी जान ले ली। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल स्टील की गंजी, प्लेट और कॉटन की रस्सी बरामद कर जब्त कर ली है।





पैसे के विवाद व ताने ने उजाड़ दिया हंसता-खेलता परिवार

पुलिस विवेचना में यह बात सामने आई है कि आरोपी अमिताभ रॉय उर्फ बाबला का अपनी पत्नी चमेली रॉय के साथ रुपए-पैसों के लेनदेन को लेकर तथा पत्नी द्वारा पति को बार बार नपुंसक कहना और बेटे का बाप कोई और है कि बात पर अक्सर विवाद होता था। इसी विवाद के चलते उसने 13 फरवरी 2022 को इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया और खुद का कबूलनामा डायरी में लिखकर फरार हो गया था। पुलिस ने डायरी के पन्नों पर लिखे उस स्वीकारोक्ति पत्र की हैंडराइटिंग जांच के लिए उसे एक्सपर्ट के पास भेजा था, जहां उसी की हैंडराइटिंग होने की पुष्टि हुई।

दस साल पहले किया था प्रेम विवाह

आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि नवंबर 2012 में चमेली पाण्डे उर्फ अन्नु निवासी ग्राम करकापाल के साथ प्रेम विवाह किया था। इसके बाद वर्ष 2014 में पुत्र आरव रॉय उर्फ यश का जन्म हुआ। दोनों के विवाह से आरोपी की मां मंजू रॉय खुश नहीं थी। यही वजह थी कि आरोपी की पत्नि शुरू से ही सास मंजू राय को पसंद नहीं करती थी। दोनों में हमेशा अनबन होता रहता था। इसी वजह से वर्ष 2013 से अपने परिवार के साथ अलग रहना पड़ा। वर्ष 2018 में लालबाग हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकान खरीदकर ब्लॉक नंबर 20 मकान नम्बर 389 में अपने पत्नि चमेली उर्फ अन्नु रॉय एवं पुत्र आरव रॉय के साथ रहने लगा।

दो रात शव के साथ बिताया गया में पिंडदान व श्राद्ध कराया

दो रात शव के साथ रहने के बाद अगले दिन बस से रायपुर पहुंचा। फिर रेलवे स्टेशन जाकर गया (बिहार) के लिए ईएफटी टिकट बनवाया। ट्रेन से देर रात टाटानगर फिर सुबह पुरूषोत्तम एक्सप्रेस से गया (बिहार) पहुंचा। फिर स्टेशन के पास भारत सेवा संघ आश्रम में एन्ट्री कराकर कमरा लिया। 17 फरवरी 2022 को सुबह पंडित जी के साथ पिंडदान करवाने फाल्गु नदी और विष्णुवाद मंदिर व अक्षय वाटिका में पिंडदान किया। पिंडदान के बाद वापस आश्रम आकर आश्रम में काम करने लगा था। फिर 23 फरवरी 2022 को दूसरे पंडित से श्राद्ध वाला काम करवाया। यहीं से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जगदलपुर लेकर आई। उसने कबूल किया कि अपनी पत्नी चमेली रॉय उर्फ अन्नू को जहर देने के बाद पहले हाथ से गला दबाया, फिर मच्छरदानी के रस्सी से गला घोंट कर हत्या किया एवं उसी रस्सी से मेरे बेटे आरव रॉय उर्फ यश का गला घोटकर हत्या किया हूं।

प्रेम जब आक्रोश में बदलता है, वह यह नहीं देख पाता कि इसका अंजाम क्या होगा। एक ऐसा ही वाकिया छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में घटित हुआ, जहां एक प्रेमिका का गुस्सा का शिकार प्रेमी की पत्नी और एक मासूम को होना पड़ा। जिद में आकर प्रेमिका ने अपने प्रेमी की पत्नी और उसके बच्चों पर धारदार हथियार से लगातार वार किया। घटना में पत्नी और एक मासूम की मौत हो गई, वहीं एक बालिका ने बाथरूम में छिपकर अपनी जान बचाई।





● भिलाई से जेएम तांडी

पत्नी और मासूम की चीख हमेशा के लिए हो गई दफन
आरक्षक की आशिकी ,परिवार तबाह

सरोजनी को पड़ोसियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया







तीन साल पहले ही फेसबुक से एसटीएफ आरक्षक ने युवती से पहले दोस्ती की। उसके बाद दोस्ती प्यार में बदली, फिर दोनों ने मिलकर शादी भी कर ली। शादी के बाद युवती को दुर्ग लाकर किराए के मकान में आरक्षक रखा हुआ था, जबकि आरक्षक पहले से शादीशुदा है। 2023 में आरक्षक की दोस्ती हुई थी। उसकी पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा का परिवार दुर्ग कातुलबोर्ड स्थित एसटीएफ कालोनी में निवास करता था। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि आरक्षक ललितेश यादव छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पदस्था है। 15 दिनों के अवकाश पर आरक्षक अपने घर आया हुआ था। जिसके चलते घर में खुशियों का माहौल था।

परिवार में आरक्षक की पत्नी रानी (रीना) यादव, बेटियां तानियां, नैना और एक बेटा आदित्य घर पर रहते थे। 25 अप्रैल शनिवार की सुबह घर का माहौल खुशनुमा था। आरक्षक की शादी की साल गिरह होने पर परिवार को यूपी छोड़ने के लिए ट्रेन की बुकिंग कराने के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन गया हुआ था। अचानक उसके घर सक्ती जिला जैजैपुर हल्दीडीह निवासी सरोजनी भारद्वाज पहुंची, जो दुर्ग के किराए के मकान में रहती थी।

पत्नी रानी ने आरक्षक पति को फोन कर सरोजनी के बारे में बताया तो उसने सरोजनी को शादी की सालगिरह होने की जानकारी दी और कहा कि परिवार को गांव यूपी छोड़ने टिकट के लिए रेलवे स्टेशन आया है। फिर सरोजनी ने कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर पलंग में सो रहे 8 वर्षीय मासूम आदित्य यादव पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर कर दिया।

बाथरुम में छिपकर बचाई अपनी जान

इधर किचन में काम कर रही रानी, बालक की आवाज को सुनकर कमरे में पहुंची तो सरोजनी ने उस पर भी कई वार किया। बेटी नैना को भी युवती ने नहीं बख्शा, उस पर भी चाकू से वार कर घायल किया। वहीं बेटी तानिया अपने आप को बाथरुम में छिपकर अपनी जान बचाई थी। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर दरवाजा खुलवाया और सरोजनी को तुरंत पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस के पहुंचते ही सरोजनी को उसके हवाले कर दिया। घायल रानी, नैना और आदित्य को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद मां बेटे की मौत हो गई, नैना का उपचार चला। मौके पर एसएसपी विजय अग्रवाल, तत्कालीन एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, निरीक्षक विजय यादव समेत कई पुलिस जवान पहुंचे थे।

बेटियों को भागने मां ने दी आवाज

बताया गया है कि जब सरोजनी एक के बाद एक करके हमला कर रही थी। तब रानी यादव ने अपनी दोनों बेटियों को भागने के लिए आवाज लगा रही थी, तभी तानिया बाथरूम में छिप गई, लेकिन दूसरी बेटी नैनै पर हमला कर दिया गया। किसी तरह बाहर निकलकर तानिया सूचना पड़ोसियों को दी। पड़ोसियों ने आरोपी युवती को पकड़ लिया। उसके दोनों हाथ को बांधकर रखा था। मौके पर सुपेला चौकी स्मृति नगर के जवानों के पहुंचने पर सरोजनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उससे पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

प्रेमिका आरक्षक के साथ रहना चाहती थी

स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि सरोजनी भारद्वाज आरक्षक ललितेश यादव के साथ रहना चाहती थी, लेकिन ललितेश उसे रखना नहीं चाहता था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी और प्रेमिका सरोजनी भारद्वाज के बीच हमेशा पहले भी विवाद होता रहता था। युवती महिला सरोजनी भारद्वार आरक्षक के साथ रहने की जिद को लेकर घटना के एक दिन पहले शुक्रवार 24 अप्रैल को उसके घर भी पहुंची थी, लेकिन आरक्षक की पत्नी रीना यादव के साथ उसका जमकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरक्षक ललितेश सरोजनी को समझा-बुझाकर उसे उसके घर दुर्ग छोड़कर लौट आया था।

छत्तीसगढ़ की राजनीति को आमतौर पर सौम्य और अपेक्षाकृत शांत माना जाता है। यहां राजनीतिक मतभेद शायद ही कभी खूनी संघर्ष का रूप लेते हैं, लेकिन कोरबा जिले के कटघोरा में 23 दिसंबर 2025 को हुई भाजपा नेता अक्षय गर्ग की हत्या ने इस धारणा को झकझोर दिया। व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा, राजनीतिक वर्चस्व और एक क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर में फोटो-नाम नहीं आने से उपजी नाराजगी ने ऐसी रंजिश को जन्म दिया, जिसका अंत दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या में हुआ।





● कोरबा से नागेन्द्र श्रीवास

दिसंबर 2025 को कटघोरा थाना क्षेत्र के कटोरी नगोई में हुई थी वारदात

सियासी और कारोबारी टकराव का खूनी अंजाम, जेल से चुनाव लड़ने तक की कहानी

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कारखाना एरिया निवासी भाजपा नेता अक्षय गर्ग 23 दिसंबर 2025 को इनोवा कार क्रमांक जेएच 05 डीके 2244 से ग्राम कटोरी नगोई स्थित अपने कार्यस्थल पर गया हुआ था। सुबह लगभग 9.30 बजे अक्षय गर्ग कैंप के पास मजदूरों से कामकाज को लेकर चर्चा कर रहा था, तभी एक चार पहिया वाहन से तीन अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और धारदार लोहे की टंगिया व चापड़ से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अक्षय गर्ग के सिर, हाथ और पेट में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई थी। हत्या की वारदात के बाद कटघोरा में सनसनी फैल गई थी और दुकानों के शटर गिरा दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व उनकी टीम ने कटघोरा में ही कैंप किया था और अगले दिन ही वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को धरदबोचा था जिसमें मलदा निवासी आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद पिता महमूद अहमद (27), विश्वजीत ओग्रे (21), गुलशन दास (26) एवं एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद था। जो अक्षय गर्ग का व्यवसायिक और राजनितिक प्रतिद्वंदी था, लेकिन भाजपा नेता अक्षय गर्ग के प्रभाव की वजह से मुस्ताक अहमद को व्यावसायिक और राजनितिक क्षेत्र मे सफलता नहीं मिल रही थी।

सामाजिक प्रभाव में आ गई थी कमी

अक्षय गर्ग के क्षेत्र क्रमांक 18 बिंझरा जनपद से जीतने के बाद मिर्जा मुस्ताक अहमद के सामाजिक प्रभाव में भी कमी आ गई थी। एक क्रिक्रेट प्रतियोगिता में मिर्जा मुस्ताक अहमद की फोटो और नाम पोस्टर से गायब करा दिया गया था। इन्हीं कारणों की वजह से दोनों के बीच लगातार टकराव बढ़ता ही जा रहा था, जिसके चलते मुस्ताक ने अक्षय को जान से मारने की प्लानिंग की। पुलिस ने आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया। जिसके बाद मामले के मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद ने जेल की चार दीवारों में रहकर उप चुनाव जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया था, जहां से चुनाव लड़ा और हार का सामना करना पड़ा।



आरोपी का वारदात में रोल

बताया जाता है इस सनसनीखेज हत्या की वारदात को अंजाम देने में मुख्य आरोपी ग्राम मलदा निवासी मिर्जा मुस्ताक अहमद पिता महमूद अहमद (27) मुख्य आरोपी था, जिसने हत्या की योजना तैयार कर हथियार इकट्ठा कर सर्वप्रथम घटना स्थल पर अक्षय गर्ग के पेट पर वार किया। वहीं सिघिया कोरबी निवासी विश्वजीत ओग्रे पिता स्व. नागेन्द्र ओग्रे (21) वर्ष मिर्जा मुस्ताक का मुख्य सहयोगी है, जिसने घटना स्थल पर टंगिया से अक्षय गर्ग के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए थे। मलदा निवासी गुलशन दास पिता त्रिभुवन दास (26) ने मृतक अक्षय गर्ग के आने जाने की हर सूचना वारदात के मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद को देता रहा। जिसके बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया था।

चिंतन

दंगाइयों पर न हो कोई नरमी

वर्ष 2020 के दिल्ली दंगे लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द पर एक गहरी चोट थे। हिंसा के पीछे चाहे कोई भी व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक पहचान हो, कानून का जवाब समान होना चाहिए। इन दंगों में मारे गए आईबी अधिकारी अंकित शर्मा के मामले में पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाया जाना अदालत का अहम फैसला है। 51 चोटों के साथ नाले से मिला अंकित शर्मा का शव हिंसा की क्रूरता की भयावह तस्वीर पेश करता है। यह फैसला केवल एक हत्या के दोषियों की सजा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि राजनीतिक पहचान, पद या प्रभाव कानून से ऊपर नहीं हो सकते। हालांकि अदालत ने छह आरोपियों को साक्ष्यों के आधार पर बरी भी किया, जो यह बताता है कि न्याय का अर्थ केवल सजा देना नहीं, बल्कि प्रमाण के आधार पर दोष और निर्दोषता तय करना भी है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन इसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं है। खासकर यह तब और चिंताजनक हो जाता है, जब कोई राजनीतिक दल व तत्कालीन सरकार से जुड़ा व्यक्ति ऐसे दंगों में शामिल हो और एक आईबी अधिकारी की हत्या का दोषी हो। न्यायपालिका ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है और दोषियों को सख्त सजा दी है। हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान भी कुछ ऐसी ही तस्वीर सामने आई हैं। जहां बलवाइयों ने सरकार संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और कई पुलिसकर्मियों पर भी हमले किए हैं। ऐसे में जरूरत है कि दंगों के मामलों में जांच और अभियोजन की प्रक्रिया तेज, निष्पक्ष और पारदर्शी हो। राजनीतिक बयानबाजी से ऊपर उठकर हर पीड़ित को न्याय और हर दोषी को कानून के मुताबिक सजा मिले। समाज के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि नफरत की राजनीति अंततः हिंसा को जन्म देती है और हिंसा किसी एक परिवार को नहीं, पूरे समाज को घायल करती है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू राजनीति का अपराधीकरण है। ताहिर हुसैन एक चुना हुआ जनप्रतिनिधि था, जिसका प्राथमिक कर्तव्य अपने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और भाईचारा बनाए रखना था। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए और अपने रसूख व घर का इस्तेमाल दंगों की साजिश रचने और हिंसा भड़काने के लिए करने लगे, तो लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर होती है। यह राजनीतिक दलों के लिए भी एक कड़ा सबक है कि वे उम्मीदवारों का चयन करते समय केवल 'जिताऊ क्षमता' न देखें, बल्कि उनके वैचारिक और नैतिक चरित्र की भी कड़ाई से जांच करें। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि केवल किसी राजनीतिक दल का चेहरा नहीं होता, बल्कि वह जनता के भरोसे का प्रतिनिधि होता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि संकट की घड़ी में वह लोगों को जोड़ने, तनाव कम करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भूमिका निभाए। यदि किसी जनप्रतिनिधि पर हिंसा में भागीदारी का आरोप साबित होता है और अदालत उसे दोषी ठहराती है, तो यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं रह जाता, बल्कि सार्वजनिक जीवन में भरोसे के संकट का विषय भी बन जाता है। इसलिए राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टिकट देने से लेकर संगठन में जिम्मेदारी सौंपने तक उम्मीदवार के आचरण और सार्वजनिक जीवन की पृष्ठभूमि की गंभीरता से जांच हो। दिल्ली दंगों की त्रासदी से निकला सबसे बड़ा संदेश यही है कि राजनीति में विचारों की लड़ाई हो सकती है, लेकिन इंसानियत और कानून की कीमत पर नहीं।



करवट

कुमार प्रशांत

जेनजी सुनो !

मैं, जो अब उम्र की 76वीं सीढ़ी पार करने जा रहा हूं, नहीं जानता हूं कि यह जेनजी क्या है ! अगर यह गणित का वैसा ही अर्थहीन खेल है जैसा इसे बतलाया जा रहा है, तो मुझे इसमें दिलचस्पी नहीं है। कुंडली बांचनेवाले, रेखाओं से भविष्य बतलानेवाले, सितारों व ग्रहों का हिसाब लगा कर भूत-भविष्य तय करनेवाले खेल मुझे खेल से ज्यादा कभी कुछ लगे ही नहीं। इसलिए कौन, कौन से वर्ष-खंड में पैदा हुआ है, इससे उसका जेनरेशन तय करनेवाला खेल भी मुझे मतलब का नहीं लगता है।

मैं उम्र का फर्क समझता हूं। मैं ताज़ादम शरीर की कीमत जानता व मानता हूं। मैं जानता हूं और मानता हूं कि तुम, जो मुझसे 50-60 वर्ष बाद पैदा हुए हो, मुझसे ज्यादा दौड़ सकते हो, हवा में उड़ सकते हो, शिखर से छलांग मार सकते हो, बादलों में जा सकते हो, चांद-सितारे छू सकते हो। यह सब कभी मैंने भी किया है; आज भी ऐसा करने की हसरत रखता हूं। लेकिन कर नहीं सकता, क्योंकि हमारा हो कि तुम्हारा, यह शरीर है तो एक मशीन; और हर मशीन की तरह इसकी एक एक्सपायरी डेट भी है। कारखानों की मशीनों की एक्सपायरी डेट उस पर लिखी आती है। यहां मजा यह है कि हमारी एक्सपायरी डेट है तो जरूर ही लेकिन हममें से किसी को उसका पता नहीं है। इसलिए फिर हमारे हाथ में बच रहता है उमंग से भरा मन, संकल्प से भरा दिल और सपनों से भरी आंखें ! अगर जेनजी से तुम्हारा मतलब इन सबसे है तो मैं तुम सबके बराबर और तुम सबके साथ जेनजी हूं।

मैं उस महात्मा गांधी से प्रेरित हूं जिसने 80 साल की उम्र तक - यानी गोली से मारे जाने तक-अपने सपनों के हर हत्यारे से अथक लड़ाई की; और जब मारा गया तो भी उसने इस तरह मौत को गले लगाया कि सारी दुनिया ने सर झुका कर यही कहा कि जीना भी ऐसा ही हो, मरना भी ऐसा ही। अभी-अभी, तुम्हारे आसपास से ही एक आवाज उठी जो मैंने सुनी। वह कह रही थी : जेनजी यानी जेनरेशन गांधी ! यदि ऐसा है तो मैं तुम्हारे साथ हूं; मुझे साथ ले लो!

मैं जंतर-मंतर पर लगातार था और तुम लोगों को खुलते-खिलते, रचते-मिटाते, नाचते-गाते, अपने सपनों को साझा करते देख रहा था। मैं तुम्हारी गति भी देख रहा था, तुम्हारी कल्पनाशीलता भी। मैं अनशन की तुम्हारी दृढ़ता भी देख रहा था, तुम्हारा संयम भी। मैं इन सबको जोड़ कर कहूं तो कहूंगा कि मैं नया भारत देख रहा था। इस भारत में कुछ फिसलन भी थी, लड़खड़ाहट भी; कुछ बेढ़बपना भी था, कुछ अनगढ़ता भी! मैं भी तो इन सबके साथ ही जीता-बढ़ता आया हूं। यह हमारे साथ चलनेवाली परछाईं है और मुझे अपनी परछाईं कभी भी बोझ नहीं लगती है। तुम सब मुझे मेरे जैसे ही लगते हो। हम सबको समझना इतना ही है कि जो अनावश्यक है, असंस्कृत है, कुरूप है, हमें ऊपर उठाता नहीं, नीचे खींचता है, उन सबसे मुक्ति पानी है। जैसे सांप केंचुल छोड़ता है न, वैसे ही इन सबको हमें छोड़ते चलना है। यह आसान नहीं है लेकिन इसके बिना कल्याण भी नहीं है। इसलिए बोलने-लिखने-गाने-नारे लगाने तथा संवाद करने में हर फिसलन से हमें बचना है। अब हम जंतर-मंतर से बाहर आते हैं। वहां तुम सबने क्या-क्या किया, वह गाथा इतिहास दर्ज कर चुका है। वह उसे दोहराता भी रहेगा। हम क्यों दोहराएं ! वह भारतीय लोकतंत्र का स्वर्णिम अध्याय है। तुम्हारी बोली से किसी सत्ता का अहंकार टूट गया है. वह औचक देख रही है कि यह आंधी आई कहां से; और वह किसी शिकारी कुत्ते-सी सूंघ रही है कि यह किधर जा रही है। जब सत्ता-प्राप्ति अंतिम सत्य बन जाती है तब अहंकार बारूद का काम करता है; और बारूद है तो वह फटेगा ही ! धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा एक आदमी का इस्तीफा नहीं है, सत्ता के अहंकार के टूटने की गूंज है। वह टूटा यह अच्छा हुआ। लेकिन तुम याद रखना कि चोट खाया सांप ज्यादा ख़तरनाक होता है। राष्ट्र जब भीड़ में बदल दिया जाता है



तब वह हत्यारा हो उठता है जिसे राष्ट्रवाद का नाम दिया जाता है। देशप्रेम व राष्ट्रवाद दो सर्वथा भिन्न भाव ही नहीं हैं बल्कि एक-दूसरे के विरोधी भाव भी हैं। इसलिए सुनो जेनजी, अब तुम्हें तोड़ने के सारे संभव तीर चलाए जाएंगे, सारे हथकंडे अपनाए जाएंगे। तुम्हारे साथी खरीदे-बेंचे जाएंगे; तुम्हारे सामने जेनजी की एक नई जमात खड़ी कर दी जाएगी। तुम आसानी से देश भर में न घूम पाओगे, न जी पाओगे। राजनीतिक दलों का जंगल तुम्हारे सामने खुला है ताकि तुम उनमें से किसी में अंटक-भटक जाओ। हर जगह तुम्हारे सामने एक जंतर-मंतर होगा जो सवाल करेगा व जवाब भी पूछेगा। इसलिए निजी जीवन में साफ व संयमित रहो। एक-दूसरे से जितना संभव हो, संवाद बनाओ। लगातार-लगातार देश भर के अपने युवकों के बीच जाओ। अपने बीच की खाइयां पाटो। याद रखो कि प्रतिवाद में सारा कुछ नकारात्मक चल भी जाता है; परिवर्तन का आंदोलन नकारात्मक भी, सकारात्मक भी, रचनात्मक भी और दूरगामी भी- ऐसे सारे तत्वों का एक पुंज होता है। हमें वह पुंज तैयार करना है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हुआ; धर्मेंद्र प्रधानों के इस्तीफे होते भी रहेंगे लेकिन तंत्र पर लोक की -जेनजी की !- पकड़ कैसे बने व बनी रहे, इसका जवाब हमें खोजना है, सिद्ध करना है. अगर हम यह कर सके तो दुनिया भर का लोकतंत्र हमारा ऋणी रहेगा। क्यूबा के अमर क्रांतिकारी चे ग्वुवेएरा, जिनकी तस्वीर तुम्हारे टी-शर्टों पर मैं देखता रहा हूं, वे जब भारत आए और गांधी को थोड़ा जाना-समझा तो राजघाट जा कर लिखा कि क्रांति का एक तरीका यह भी है, यह तो हम जानते ही नहीं थे ! इतिहास तुम्हें ऐसा कहने का अवसर नहीं देगा, क्योंकि तुम चे के बहुत-बहुत बाद पैदा हुए हो। तुम्हारे पास जानकारियों की अत्यंत कुशल व व्यापक तकनीक है। इसलिए हमें विचार-संपन्न होना होगा। दूसरी विपन्नताएं चल भी जाएंगी, विचारों व विकल्पों की विपन्नता नहीं चलेगी।

जब तुम जंतर-मंतर से निकल कर अपने घरों में पहुंचोगे तो पाओगे कि अपना घर भी धर्मेंद्र प्रधानों से भरा है। हमें घर-घर में उनका मुकाबला करना है। वहां जेनजी है ही नहीं। गांधी ने धुर 1948 में कहा था न कि मुझे अब जो लड़ाई लड़नी है वह साम्राज्यवाद से लड़ी लड़ाई से भी ज्यादा दुर्धर्ष होगी, क्योंकि यह अपनों से है। तुम्हें भी अपने हर घर में, हर कमरे में यह लड़ाई लड़नी होगी। इसके बिना सफलता होगी नहीं, टिकेगी नहीं। इसलिए घर में फैली व फैलाई जा रही हर संकीर्णता से मुखर होकर-अपनों के सामने सत्याग्रह करो !

घर से बाहर आओगे तो समझ सकोगे कि पिछले कोई पंद्रह सालों में इस सरकार ने योजनापूर्वक भारतीय राष्ट्र की तमाम सांस्कृतिक-शैक्षणिक-सामाजिक-बौद्धिक व्यवस्थाओं में उसी सांप्रदायिक संगठन के लोगों को ठूंस-ठूंस कर भर दिया है जो नैतिक-सांस्कृतिक-सामाजिक-शैक्षणिक दृष्टि से देश के सबसे विपन्न लोगों का हिंसक जमावड़ा है। इनसे कदम-कदम पर, हर स्तर पर लड़ना होगा। हमें सीखना होगा कि गांधी ने इन्हें कैसे भारतीय समाज के चित्त से करीब-करीब बाहर ही कर दिया था। इसी बौखलाहट में इन्होंने उनकी हत्या की थी. इसलिए इनसे अंतिम लड़ाई हम पर उधार है।

नीट व दूसरी परीक्षाओं का पेपर लीक किसी चूक की वजह से नहीं हुआ है। जब सारा देश एक धंधे में बदल दिया जाता है तब हर कुछ बिकता है- परीक्षाएं भी, पेपर भी, राम मंदिर व दूसरे तमाम धर्मों के प्रतीक-स्थलों का चढ़ावा भी, नौकरियां भी, रोज़गार भी, न्याय भी, सपने भी ! सोचो न, जब सरकार ही बिकाऊ विधायकों व सांसदों से बनाने का नया फ़ैशन चलाया गया है, तब क्या है जो बाज़ार में नहीं है, बिकाऊ नहीं है ? तो लड़ाई यहां है जेनजी ! लड़ोगे न ? जो नहीं लड़ेगा वह गणित से भले जेनजी कहलाए, होगा वह कायर ! तो जेनका और जेनजी में से चुनना है तुम्हें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

सोनम लववंशी



शब्दों का पतन और समाज का मौन संकट

किसी भी सभ्यता की ऊंचाई उसकी गगनचुंबी इमारतों, चौड़ी सड़कों या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं आंकी जाती। उसका वास्तविक परिचय उसकी भाषा से मिलता है। शब्द केवल विचार व्यक्त करने का माध्यम नहीं होते, वे समाज के संस्कार, नैतिकता और सांस्कृतिक चेतना के जीवंत दस्तावेज होते हैं। इसलिए जब सार्वजनिक आंदोलनों में गाली-गलौज सामान्य अभिव्यक्ति का रूप लेने लगे, तब संकट केवल भाषा का नहीं रहता; वह समाज की सामूहिक चेतना और नैतिक विवेक के क्षरण का संकेत बन जाता है। हाल के दिनों में सीजेपी आंदोलन से जुड़े कुछ वायरल वीडियो व्यापक चर्चा का विषय बने। इन वीडियो में कुछ युवतियां विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्यंत अशोभनीय और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करती दिखाई दीं। लोगों को केवल अभद्र शब्दों ने नहीं चौंकाया, बल्कि इस तथ्य ने भी विचलित किया कि उस भाषा को निर्भीकता, प्रतिरोध और आधुनिकता की पहचान के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार संविधान प्रदत्त है। असहमति किसी भी जीवंत लोकतंत्र की प्राणवायु है। प्रश्न केवल इतना है कि क्या गाली किसी आंदोलन को अधिक वैध, प्रभावशाली या नैतिक बना देती है? वास्तविक समस्या किसी एक आंदोलन, किसी एक समूह अथवा कुछ युवतियों तक सीमित नहीं है। यह हमारे समय की उस बदलती मानसिकता का प्रतिबिंब है, जिसमें शालीनता को संकोच, संयम को कमजोरी और अभद्रता को साहस का पर्याय मान लिया गया है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को अभूतपूर्व गति दी है। जितनी अधिक उत्तेजक भाषा, उतनी अधिक दृश्यता; जितना अधिक विवाद, उतनी अधिक लोकप्रियता। परिणामस्वरूप विचारों की गंभीरता पीछे छूटती जा रही है और सनसनी सार्वजनिक संवाद का नया मानक बनती जा रही है। भारतीय समाज में नारी को केवल जैविक या सामाजिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि संवेदनशील सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक के रूप में भी देखा गया है। इस दृष्टि का अर्थ महिलाओं पर अतिरिक्त नैतिक बोझ डालना नहीं है। सार्वजनिक जीवन में गरिमा, शिष्टता और उत्तरदायित्व की अपेक्षा प्रत्येक नागरिक से समान रूप से की जाती है। यदि कोई पुरुष सार्वजनिक मंच से अपशब्द कहता है, तो वह भी उतना ही अनुचित है। यदि कोई महिला वही करती है, तब भी उसका आचरण समान रूप से अस्वीकार्य है। नैतिकता का संबंध लिंग से नहीं, चरित्र और व्यवहार से होता है। सबसे अधिक चिंता इस बात की है कि आज गाली को 'बोल्डनेस', 'फिल्टरलेस अभिव्यक्ति' और 'रॉ ऑथेंटिसिटी' जैसी आकर्षक संज्ञाओं से वैधता प्रदान की जा रही है। युवाओं का एक वर्ग यह मानने लगा है कि जितनी अधिक आक्रामक भाषा होगी, उतनी ही अधिक सामाजिक स्वीकृति और डिजिटल लोकप्रियता मिलेगी। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की संवाद पर आधारित संस्कृति को भीतर से कमजोर करती है। इतिहास बताता है कि सबसे प्रभावशाली आंदोलनों ने अपनी शक्ति शोर से नहीं, नैतिक ऊंचाई से अर्जित की है। महात्मा गांधी ने साम्राज्यवादी सत्ता को चुनौती दी, फिर भी उनकी भाषा में मर्यादा बनी रही। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था की कठोर आलोचना की, फिर भी उनके शब्द तर्क, तथ्य और संवैधानिक गरिमा से परिपूर्ण रहे। उनके विचार आज भी इसलिए प्रासंगिक हैं क्योंकि उनमें क्षणिक उत्तेजना नहीं, बल्कि स्थायी बौद्धिक शक्ति निहित है। इतिहास ने सिद्ध किया है कि अपशब्द क्षणिक ताली तो बटोर सकते हैं, स्थायी सम्मान कभी नहीं। भाषा का यह अवमूल्यन केवल जेन-जी की समस्या नहीं है। सार्वजनिक जीवन का संपूर्ण वातावरण इसके लिए उत्तरदायी है। राजनीति में व्यक्तिगत कटाक्ष, टेलीविजन बहसों का शोर, सोशल मीडिया की ट्रोल संस्कृति और मनोरंजन जगत में सनसनी की बढ़ती प्रवृत्ति ने संवाद की गरिमा को निरंतर क्षीण किया है। नई पीढ़ी वही सीखती है, जो वह अपने सामाजिक परिवेश में देखती और सुनती है। जब सार्वजनिक विमर्श में संयम की जगह आक्रामकता प्रतिष्ठित होने लगे, तब युवाओं से शिष्ट भाषा की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। सभ्यता का भविष्य इस बात से तय होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को संवाद की संस्कृति सौंपते हैं या अपमान की। समाज का वास्तविक पतन उस दिन आरंभ नहीं होता, जब लोग सत्ता से असहमति व्यक्त करते हैं; वह उस दिन आरंभ होता है, जब असहमति व्यक्त करने के लिए भाषा की गरिमा का परित्याग कर दिया जाता है। सभ्यताओं का पतन युद्धों से पहले शब्दों में दिखाई देता है। इसलिए शब्दों की मर्यादा बची रहे, तभी समाज की मर्यादा भी सुरक्षित रह सकती है।

(लेखिका स्वतंत्र शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित

दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित

प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलावों की जरूरत

पेपर लीक विरोधी संशोधन विधेयक का लोकसभा से पारित होना देश के करोड़ों युवाओं के लिए राहत की खबर है। राज्यसभा से भी इसके पारित होने की पूरी संभावना है। यह कानून पेपर लीक कराने वाले गिरोहों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त करेगा, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि केवल कड़े कानून किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होते। जब तक शिक्षा और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार नहीं होंगे, तब तक पेपर लीक माफिया नए रास्ते खोजते रहेंगे। आज देश में लगभग हर बड़ी भर्ती या प्रवेश परीक्षा किसी न किसी विवाद का सामना कर चुकी है। पेपर लीक के कारण लाखों ईमानदार अभ्यर्थियों की वर्षों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। परीक्षा रद्द होने से सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है, जबकि युवाओं में व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। - संदीप श्रीवास्तव, बिलासपुर

ट्रेंड

देश का मान बढ़ाया



सीमा को महिला डिस्कस थ्रो इवेंट में 58.65 मीटर के बेहतरीन थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बधाई। उनकी कोशिशों ने भारत का मान बढ़ाया है और देश के युवाओं को प्रेरित किया है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

एनर्जी सिक्योरिटी



ई 20 की सफलता सिर्फ फ्यूल ब्लेंडिंग की कहानी नहीं है, बल्कि यह पॉलिसी, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्री के तालमेल से की गई बरसों की सुनियोजित तैयारी का नतीजा है। यह पहल भारत की एनर्जी सिक्योरिटी को मज़बूती दे रही है।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

भारत का भविष्य



पीएम मोदी और अमित शाह- आप जेन-जेड को डरा-धमकाकर चुप नहीं करा सकते। पहले आपने उनकी हड्डियां तोड़ीं। अब आप एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। आप भारत के भविष्य के साथ कैसा बर्ताव करते हैं, इसे लेकर सावधान रहें।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

किसान सम्मान निधि योजना



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के विस्तार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंज़ूरी करोड़ों किसानों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे सहायता राशि पहुंचाना पारदर्शी और किसान-केंद्रित सुशासन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।
- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

करंट अफेयर

संरा महासचिव पद की दौड़ में ग्रिनस्पैन सबसे आगे

कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुए पहले अनौपचारिक मतदान में सबसे अधिक समर्थन हासिल कर एंतोनियो गुतारेस के बाद संयुक्त राष्ट्र की अगली महासचिव बनने की दौड़ में सबसे अग्रणी उम्मीदवार के तौर पर उभरी हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों ने बृहस्पतिवार को बंद कमरे में पहला अनौपचारिक मतदान किया। इस दौरान सदस्य देशों ने दुनिया के इस शीर्ष राजनयिक पद के उम्मीदवारों के प्रति अपना रुख बताने के लिए गैर-बाध्यकारी वोट डाले। सूत्रों के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन की महासचिव ग्रिनस्पैन के समर्थन में 10 वोट और विरोध में एक वोट पड़ा तथा चार देशों ने 'कोई राय नहीं' का विकल्प चुना। संयुक्त राष्ट्र में गुयाना की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत कैरोलिन रोड्रिग्स बर्केट नौ समर्थन, दो विरोध और चार 'कोई राय नहीं' वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी के समर्थन में सात, विरोध में दो और 'कोई राय नहीं' विकल्प के लिए छह वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

ऑफ बीट

आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

अब होगा 'समुद्र मंथन', केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

तेल-गैस अन्वेषण की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है योजना का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और समुद्र में तेल एवं गैस के भंडारों की खोज को गति देने के लिए 'राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना-समुद्र मंथन' को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए वित्त वर्ष 2030-31 तक 84 हजार 84 करोड़ रुपये के परिव्यय को स्वीकृति प्रदान की है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना अपतटीय (ऑफशोर) तेल एवं गैस अन्वेषण की पूरी मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

तेल और गैस भंडार की उम्मीद

सरकार के अनुसार, समुद्र मंथन योजना से 600 मिलियन मीट्रिक टन ऑयल इक्विवेलेंट से अधिक अतिरिक्त तेल एवं गैस भंडार मिलने की संभावना है। इससे अपतटीय अन्वेषण गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, घरेलू तेल एवं गैस उत्पादन बढ़ेगा तथा आयातित कच्चे तेल पर भारत की निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। योजना से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होने, 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को बढ़ावा मिलने तथा अपतटीय प्रौद्योगिकी और सेवाओं के क्षेत्र में भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की भी उम्मीद है।



इन योजनाओं को भी मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने, प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (पीएम-एसएसवाय) शुरू करने, खेलो इंडिया योजना को नया स्वरूप देने वाली योजना को भी मंजूरी दी गई।

2031 तक जारी रहेगी किसान निधि योजना

मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इस योजना के लिए 3,15,614 करोड़ रुपये का कुल वित्तीय प्रावधान किया गया है। यह योजना 24 फरवरी 2019 को शुरू हुई थी और इसके तहत पात्र किसान परिवारों को हर साल 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में आधार से जुड़े बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के जरिए भेजी जाती है।

जैसलमेर में ऊंट से टकराया वाहन, मेजर की मौत; 2 लेफ्टिनेंट घायल

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में एक एसयूवी ऊंट से टकराने के बाद कई बार पलट गई। इस हादसे में वाहन चला रहे सेना के मेजर हमजा आरिफ की मौत हो गई। वहीं, 2 लेफ्टिनेंट आयुष्मान और अभिनव राठौड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा देर रात करीब 12 बजे जैसलमेर जिला मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर युद्ध संग्रहालय के पास हुआ।

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

जिला कार्यालय- त्रिमूर्ति कालोनी, महासमुंद छ.ग.

GST No. 22AACCC1772C1ZB Email ID:- dmnanmsmd@gmail.com

क्रमांक / परिवहन निविदा / 2026-27/569 महासमुंद, दिनांक 30.07.2026

// ई-निविदा सूचना //

निगम द्वारा जिला महासमुंद के द्वार प्रदाय परिवहन एवं लंबी दूरी परिवहन कार्य हेतु प्रतिष्ठित परिवहनकर्ताओं/निविदाकारों से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिये निगम कार्पोरेशन के निर्धारित संबंधित ई-परिवहन निविदा दस्तावेज (जिसमें विस्तृत निविदा/शर्तें आदि वर्णित है) अनुसार जेम पोर्टल (GEM) वेबसाईट के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

Particular	Date	Time	Center Name	Bid No.	Bid No.
Bid Start Date	31.07.2026	11.00 AM	सरायपाली (द्वार प्रदाय परिवहन कार्य)	GEM/2026/B/7853262	Fourth Tender
Bid Due Date	10.08.2026	05.00 PM	लंबी दूरी परिवहन कार्य (जिला-महासमुंद)	GEM/2026/B/78490360	Fifth Tender
Bid Open Date Form	10.08.2026	05.30 PM			

ई-निविदा के नियम, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://gem.gov.in एवं राज्य सरकार की वेबसाईट www.cgstate.gov.in एवं https://mahasamund.gov.in पर उपलब्ध हैं।

जिला प्रबंधक
महासमुंद

S-48622/1

छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर

// सूचना // नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक /07/2026

क्रमांक LAND/1967/2026-HOUSING : छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क (1) एवं (2) के अन्तर्गत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में अत्यावश्यक लोक प्रयोजनार्थ उपांतरण करने का अनंतिम निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा 23-क (2) के अधीन राज्य शासन एतद् द्वारा प्रस्तावित रूपांतरण के निम्नानुसार प्रारूप को क्षेत्र के सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु अवलोकनार्थ प्रकाशित करता है :- **नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में उपांतरण प्रस्ताव**

स. क्र.	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा (हे. में)	अंगीकृत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग	अधिनियम की धारा 23 क के तहत उपांतरण प्रस्ताव
1	कोटराभाठा	251 का भाग	0.66 में से 0.105023	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
2	कोटराभाठा	252/1 का भाग	0.62 में से 0.00301439	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
3	कोटराभाठा	252/2 का भाग			
4	कोटराभाठा	252/3 का भाग			
5	कोटराभाठा	252/3 का भाग			
6	कोटराभाठा	253 का भाग	0.26 में से 0.105023	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
7	कोटराभाठा	254 का भाग	1.54 में से 0.947355	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
8	कोटराभाठा	255/1,2 का भाग	0.4 में से 0.101307	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
9	कोटराभाठा	256/1,2 का भाग	0.53 में से 0.229027	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
10	कोटराभाठा	257 का भाग	0.15 में से 0.150000	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
11	कोटराभाठा	258	0.63 में से 0.428400	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
12	कोटराभाठा	261	0.45 में से 0.015955	आवासीय	सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक
योग			2.08510444		

2/ उक्त प्रस्तावित उपांतरण नवा रायपुर अटल नगर में सेक्टर 17 के भूखण्ड को आवासीय से सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक किये जाने हेतु।

3/ उपांतरण प्रस्ताव की प्रति आयुक्त, संभाग रायपुर, कलेक्टर, जिला रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।

4/ अतः प्रस्तावित उपांतरण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियाँ तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :-

(1) आयुक्त, रायपुर संभाग, छत्तीसगढ़,
(2) कलेक्टर कार्यालय, जिला रायपुर।
(3) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर।
(4) संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर।
(5) आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,
देवेन्द्र सिंह भारद्वाज)
विशेष सचिव,
छत्तीसगढ़ शासनआवास एवं पर्यावरण विभाग

G-262702501/2

सिस्टम दुरुस्त करने के बजाए केंद्र कर रहा है लीपापोती

जयराम का दावा, ओडिशा में मेडिकल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

संसद में जब पेपर लीक पर बवाल थामने का नाम नन्हीं ले रहा ठीक उसी वक्त ओडिशा में पेपर लीक का दावा किया जा रहा है। पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों संबंधी कानून पारित होने के बीच ओडिशा में मेडिकल पीजी परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र व्हाट्सऐप पर प्रसारित होने का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार पेपर लीक की समस्या की जड़ तक जाने के बजाय केवल दंडात्मक कानूनों के सहारे लीपापोती कर रही है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री /"रील बनाने की कला को निखारने में व्यस्त हैं/", जबकि संसद में पेपर लीक पर फास्ट ट्रैक अदालतों का कानून पारित कराया जा रहा है।



उन्होंने दावा किया कि पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के गृह राज्य ओडिशा में 27 जुलाई को ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज की स्नातकोत्तर परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा चलने के दौरान ही व्हाट्सऐप पर प्रसारित होता पाया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

आवारा पशुओं से दुर्घटना मुआवजा तंत्र हो विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकारों को ऐसी दुर्घटनाओं में मुआवजे के



भुगतान के लिए एक तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कई निर्देश जारी किए और कहा कि इन पशुओं के मालिकों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पशु हर रोज दिन खत्म होने पर अपने निर्दिष्ट आवास पर लौट आएं। पीठ ने कहा, 'सभी राज्य जिन्होंने मवेशियों से संबंधित कानून बनाए हैं, उन्हें अक्षरशः और तत्काल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। दोनों श्रेणियों - पैदल यात्री या वाहन चालक - के मामलों में पशुओं के परिणामस्वरूप होने वाली दुर्घटनाओं में मुआवजे के भुगतान के लिए एक तंत्र विकसित करने के लिए आवश्यक संशोधन किए जा सकते हैं या सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित समझे जाने वाले नियमों को शामिल किया जा सकता है।'

प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार के लिए नामांकन 15 अगस्त तक

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को इस वर्ष के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एक अप्रैल से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया अब 15 अगस्त तक जारी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि ये पुरस्कार बहादुरी, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को प्रदान किए जाते हैं। उसने कहा कि भारत में निवास करने वाला प्रत्येक भारतीय नागरिक, जिसकी आयु 31 जुलाई 2026 तक पांच वर्ष से 18 वर्ष के बीच है, इन पुरस्कारों के लिए पात्र है। मंत्रालय ने कहा, ''स्व-नामांकन सहित किसी भी नागरिक द्वारा की गई सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी।

भारत सरकार,
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन,
एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग
एसएफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर-494 001 (छत्तीसगढ़)

विज्ञापन सं.: SFC/HRD/PI/01/2026 दिनांक:10/07/2026

छह महीने की अवधि के लिए इंटर्नशिप उपलब्ध है, जिसमें 5,000 रुपये प्रति माह की फेलोशिप दी जाएगी (यह राशि दो बराबर किस्तों में दी जाएगी-यानी इंटर्नशिप के तीन महीने पूरे होने पर 15,000 रुपये और छह महीने पूरे होने पर 15,000 रुपये)।

नीचे बताई गई योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

क्रम संख्या	विषय/क्षेत्र	इंटर्नशिप की संख्या	शैक्षणिक योग्यता
01	मैकेनिकल इंजीनियरिंग	02	प्रोफेशनल कोर्स (B.E./B.Tech.) में ग्रेजुएट डिग्री की पढ़ाई कर रहे हों **अथवा** प्रोफेशनल कोर्स (M.E./M.Tech.) में पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री की पढ़ाई कर रहे हों
02	इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग	03	प्रोफेशनल कोर्स (B.E./B.Tech.) में ग्रेजुएट डिग्री की पढ़ाई कर रहे हों **अथवा** प्रोफेशनल कोर्स (M.E./M.Tech.) में पोस्ट-ग्रेजुएट डिग्री की पढ़ाई कर रहे हों

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने संबंधित संस्थान के माध्यम से और संबंधित DRDO लैब/एस्टैब्लिशमेंट से संपर्क करके आवेदन करना होगा।

आवश्यक दस्तावेज़:

* संबंधित कॉलेज/यूनिवर्सिटी से हाल का रेफरल/स्पॉन्सरशिप लेटर।
* स्थानीय पुलिस स्टेशन से पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट।

पूरी तरह से भरा हुआ और साफ़-साफ़ टाइप/लिखा हुआ आवेदन और पूरा बायो-डेटा विज्ञापन छपने की तारीख से **10 दिनों के भीतर 'जनरल मैनेजर, एसएफ कॉम्प्लेक्स, जगदलपुर 494001 (छत्तीसगढ़)'** के पास पहुँच जाना चाहिए। आवेदन के पहले पेज के ऊपरी दाहिने कोने पर हाल की पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो चिपकाएँ।

उम्मीदवारों को साक्षात्कार/नियुक्ति के समय मूल सर्टिफिकेट/टेस्टिमोनियल दिखाने होंगे।

कृपया ध्यान दें कि इंटर्नशिप का ऑफ़र इंटर्न को DRDO में स्थायी नौकरी का कोई अधिकार नहीं देता है।

इंटर्नशिप के दौरान लगी किसी भी चोट के लिए DRDO ज़िम्मेदार नहीं होगा। अगर इंटर्न तय समय/अवधि से पहले इंटर्नशिप छोड़ देता है, तो उन्हें इंटर्नशिप का सर्टिफ़िकेट नहीं दिया जाएगा।

आवेदन का प्रारूप

विज्ञापन संख्या और तारीख:

1. किस इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया है:
2. नाम (पूरा):
3. पिता का नाम:
4. जन्म तिथि:
5. पत्राचार का पता:
6. स्थायी पता:
7. मोबाइल नंबर:
8. ईमेल आईडी:
9. क्या अजा/अजजा/अपिव. श्रेणी से हैं:
10. क्या संबंधित कॉलेज/यूनिवर्सिटी से हाल का रेफ़रल/स्पॉन्सरशिप लेटर संलग्न है: हाँ/नहीं
11. क्या स्थानीय पुलिस स्टेशन से पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट संलग्न है: हाँ/नहीं
12. शैक्षणिक योग्यता (10वीं कक्षा से आगे)

योग्यता	संस्थान/ विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण करने का वर्ष	विषय	अंक प्रतिशत

13. कोई अन्य जानकारी

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी सही है।

दिनांक: हस्ताक्षर

हाल ही की पासपोर्ट (3.5cmx4.5cm) साइज़ की फ़ोटो चिपकाएँ

ऊपर बताई गई योग्यताएँ इंटर्नशिप के लिए न्यूनतम आवश्यक योग्यताएँ हैं। इन योग्यताओं वाले सभी आवेदकों को इंटरव्यू के लिए नहीं बुलाया जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ, तो बातचीत टेलीफ़ोन/VC के माध्यम से की जाएगी। अधूरे आवेदनों को अस्वीकार किया जा सकता है। कृपया लिफ़ाफ़े पर विज्ञापन संख्या और जिस पद के लिए आवेदन किया है, उसका नाम लिखें।

(प्रमुख मा.सं.)
महाप्रबंधक की ओर स

cbc 10301/11/0058/2627

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.CHIEF ENGINEER (S&P) DSPM TPS, KORBA EAST, DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
(An ISO: 9001-2015, ISO: 14001-2015, OHSMS ISO: 45001-2018, certified power station)
PHONE NO. -(07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO.3251/2026

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced supplier/bidders for the supply as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

S. N.	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Qty	Last Date/ Time of submission of bid.	E.M.D. (Rs)	Tender Cost
1.	16-06/DSPM TPS/S&P /CT/T-3332/2026	8100053245	**Procurement of Fuel Injector for 700 HP DE Loco at CT division of DSPM TPS, Korba East**	As per tender schedule	13.08.2026 15:30 Hrs	8280/-	590/-

NOTES:-(1)For more details, Tender Documents along with Annexures visit our website :-**http://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal ORhttp://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]Any Corrizendum / amendment, if required, shall be displayed on above website only.

Superintending Engineer (Proc.)
DSPM TPS: CSPGCL KORBA EAST

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार सरल क्रं. 01 से 07 हेतु 10.08.2026 एवं सरल क्रं. 08 से 09 हेतु 13.08.2026 एवं सरल क्रं. 10 हेतु 19.08.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	नि.आ.सू.क./ दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	229	जिला मुंगेली के हरदी से किरना (नहर के उपर) पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य । चतुर्थ आमंत्रण । संभाग मुंगेली । मद संख्या - 24-5054-1222	127.08
2	230	जिला मुंगेली के अंतर्गत विकासखण्ड लोरमी में डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोतरी, हाई स्कूल भवन खेकतरा, हाई स्कूल भवन सुकली एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन कोतरी का विशेष मरम्मत कार्य । तृतीय आमंत्रण । संभाग मुगेली । मद संख्या 67-2059	66.05
3	231	खरसिया उसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच मरम्मत कार्य। तृतीय आमंत्रण। रायगढ संभाग रायगढ़ । मद संख्या 24-3054-7983	24.94
4	232	धरमजयगढ़ उसंभाग के अंतर्गत, राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच मरम्मत कार्य । तृतीय आमंत्रण । रायगढ संभाग रायगढ़ । मद संख्या- 24-3054-7983	24.86
5	233	रायगढ़ उसंभाग के अंतर्गत राज्य मार्ग, जिला मार्ग एवं ग्रामीण विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच मरम्मत कार्य । तृतीय आमंत्रण । रायगढ संभाग रायगढ़ । मद संख्या-24-3054-0134	50.00
6	234	उपसंभाग सारंगढ़ अंतर्गत विभिन्न मार्गो में मरम्मत का कार्य । तृतीय आमंत्रण । सारंगढ़ संभाग सारंगढ़ । मद संख्या - 24-3054 - 0134	25.00
7	235	त्वरित मरम्मत अंतर्गत लो.नि.वि. उपसंभाग सारंगढ़ के विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू. एम. एम. बी. टी. पेच मरम्मत का कार्य । तृतीय आमंत्रण । सारंगढ़ संभाग सारंगढ़ । मद संख्या 24-3054-7983	25.00
8	236	जिला मुंगेली के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन घठोली, शासकीय हाई स्कूल भवन पथर्रा एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन डिंडौरी का विशेष मरम्मत कार्य । द्वितीय आमंत्रण। मुगेली संभाग, मुगेली । मद संख्या 67-2059-3383	78.90
9	237	जिला रायगढ़ के घरघोड़ा में विश्रामगृह में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य । द्वितीय आमंत्रण । संभाग रायगढ़ । मद संख्या - 67-4059-3855	54.34
10	238	जिला बिलासपुर अंतर्गत राज्य खेल पशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में हॉकी गैलरी निर्माण में चेयर लगाने का कार्य । प्रथम आमंत्रण । संभाग क्र.- 1 बिलासपुर । मद संख्या - 67-4202-5226	21.15

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G- 262702472/5

कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Phone & Fax 07856-252237
Email Adress - ddvsdant.cg@nic.in

क्रमांक / 851 / डी.एम.एफ. / 2026-27
दन्तेवाड़ा, दिनांक 30-07-26

-:: विज्ञप्ति ::-

कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला द.ब. दन्तेवाड़ा(छ.ग.) के द्वारा डी.एम.एफ. मद अंतर्गत स्वीकृत 04 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी का संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया गया था। निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटनी पश्चात पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशन कर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशित की जा रही है, जिसका अवलोकन जिला दन्तेवाड़ा के वेबसाइट www.dantewada.nic.in में तथा कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला द.ब. दन्तेवाड़ा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। जिन अभ्यर्थियों को पात्र/ अपात्र में दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे दिनांक 10.08.2026 तक कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला द.ब. दन्तेवाड़ा में स्वंय उपस्थित होकर सांय 5:30 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सचिव (चयन समिति)
उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
जिलाः- द.ब. दन्तेवाड़ा(छ.ग.)

G-262702480/2

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

:: ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम-आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 196308/ निविदा सूचना क्र.11/व.ले.लि. / 2026-27 दिनांक. 30.07.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 20.08.2026, 17:30 बजे तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नामः- कांकेर जिले के विकासखंड दुर्गूकोंदल के दियागांव जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 409.10 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.08.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कांकेर
कृते-मुख्य अभियंता गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

G-262702484/6



गुड्डू और कालीन गदर मचाने को तैयार

नई दिल्ली। महीनों के इंतजार के बाद, 'मिर्जापुरः द मूवी' के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का धमाकेदार टीजर रिलीज किया, जिसने फैंस को इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी के बड़े पर्दे वाले एडाप्टेशन की पहली झलक दिखाई। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा एक बार फिर अपने फैंस के पसंदीदा किरदारों में नजर आए। 11 अगस्त को ट्रेलर रिलीज होने के बाद 'मिर्जापुरः द मूवी' की टीम बड़े स्तर पर प्रमोशन शुरू करेगी. मेकर्स 7 से 8 शहरों में एक खास मल्टी-सिटी ट्रेलर लॉन्च रोड ट्रिप की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान फिल्म की लीड स्टारकास्ट देश के अलग-अलग शहरों में जाकर फैंस से मिलेगी और सिनेमाघरों में रिलीज से पहले 'मिर्जापुरः द मूवी' का मौकाल सीधे दर्शकों तक पहुंचाएगी। इस स्टारकास्ट को और बड़ा बनाते हुए फिल्म में अभिषेक बनर्जी, रसिका दुगल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौड़, श्वेता त्रिपाठी और सोनल एस. चौहान भी नजर आएंगे, जो मिर्जापुर की दुनिया का एक नया और रोमांचक चैप्टर बड़े पर्दे पर लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म 4 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ Style

कोंकणा

साइकोलॉजिकल हॉरर कहानियों में है दिलचस्पी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बतौर कलाकार और निर्देशक अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा को हॉरर फिल्में बहुत पसंद हैं, लेकिन वह उन फिल्मों को देखने से डरती भी हैं। एक थी डायन हॉरर फिल्म में अभिनय कर चुकी कोंकणा ने बताया कि उनके भीतर हॉरर फिल्मों का निर्देशन करने वाला निर्देशक भी है। वह एक हॉरर फिल्म की कहानी पर काम भी कर रही हैं।

अपनी निर्देशित पहली फिल्म 'ए डेथ इन द गंज' के एक डरावने सीन पर बात करते हुए कोंकणा ने कहा कि फिल्म के एक डरावने रात वाले सीन को लिखते समय कई बार शीशे में खुद की ही परछाई देखकर मैं डर जाती थी। हॉरर जानर मुझे दिलचस्प लगता है, लेकिन जब मैं हॉरर जॉनर में कुछ लिखती हूं, तब खुद भी डर जाती हूं। इस कारण मैं कई बेहतरीन हॉरर फिल्में भी नहीं देख पाती हूं, क्योंकि उनका असर मेरे मन में बहुत लंबे समय तक रह जाता है। मैं एक हॉरर फिल्म भी बनाना चाहती हूं। मातृत्व पर आधारित उस कहानी के बारे में मैं काफी समय से बात कर रही हूं, लेकिन अभी तक उसे लिखा नहीं है। साइकोलॉजिकल हॉरर कहानियों में मेरी गहरी दिलचस्पी है। आगे कोंकणा ने बताया कि वह अपनी इस कहानी के सारे क्रिएटिव राइट्स खुद के पास रखना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने इस कहानी के लिए फिलहाल किसी स्टूडियो या निर्माता से बात नहीं की है। वह कहती हैं कि मैं किसी निर्माता से पैसे लेकर स्क्रिप्ट नहीं लिखना चाहती, क्योंकि ऐसा करने पर वह कहानी उनकी हो जाती है। कहानी मेरे दिमाग में है, अगर मैं थोड़ी कम बिजी हुई तो इसे खुद लिखूंगी। कोंकणा पिछली बार प्राइम वीडियो की थ्रिलर सीरीज 'सर्चः द नैना मर्डर केस' में नजर आई थीं जिसमें उन्होंने एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था।



टीचिंग के बाद लगा एक्टिंग का चस्का



नई दिल्ली। कियारा आडवाणी आज बॉलीवुड की सबसे चर्चित और सफल अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। कियारा ने मुंबई से स्कूली पढ़ाई पूरी की और फिर मास कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन किया। उन्होंने अभिनय में आने से पहले अपनी मां के प्री-स्कूल में छोटे बच्चों को पढ़ाया भी। वह बच्चों को कविताएं सुनाती थीं और उनकी देखभाल करती थीं। कियारा का कहना है कि इस अनुभव ने उन्हें जिम्मेदारी और संयम रखना सिखाया। कियारा आडवाणी ने कई इंटरव्यू में बताया कि सलमान खान की सलाह पर उन्होंने अपना नाम बदलकर कियारा रख लिया। यह नाम उन्हें प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'अंजाना अंजानी' के एक किरदार से पसंद आया था। बाद में यही नाम उनकी नई पहचान बन गया। साल 2014 में कियारा ने फिल्म 'फगली' से बॉलीवुड में कदम रखा। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही।

झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा 814133
(rdsd.godda@gmail.com)

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आहूत ई निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RWD/SD/GODDA/05/2026-27 जिसका पी॰आर॰ संख्या 385254 Rural Development (26-27)D है में निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

क्रम	पूर्व की तिथि	संशोधित तिथि
1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि	दिनांक 28.07.2026	दिनांक 04.08.2026
2. बेवसाईट में ई निविदा की अंतिम तिथि	दिनांक 18.08.2026 को अपराहन् 5:00 बजे तक	दिनांक 29.08.2026 को अपराहन् 5:00 बजे तक
3. बेवसाईट में ई निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 20.08.2026 को अपराहन् 2:00 बजे	दिनांक 31.08.2026 को अपराहन् 2:00 बजे

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
PR 386311 (Rural Development) 26-27 (D)

6000 से ज्यादा गानों को दी आवाज, 7 साल की उम्र में शुरू किया था गायकी का सफर



नई दिल्ली। बॉलीवुड-दक्षिण भारतीय संगीत उद्योग को अपनी अनूठी और सुरीली आवाज से दशकों तक समृद्ध करने वाली दिग्गज पार्श्व गायिका जमुना रानी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उन्होंने गुरुवार शाम बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। साल 1938 में आंध्र प्रदेश में जन्मीं जमुना रानी ने महज सात साल की नन्हीं उम्र में ही फिल्म उद्योग में कदम रख दिया था और अपनी प्रतिभा के बल पर संगीत इतिहास में अपना नाम अमर कर लिया। जमुना रानी ने अपने गायन कॅरियर की शुरुआत फिल्म 'त्यागय्या' से एक प्लेबैक सिंगर के रूप में की थी। अपने लंबे और सफल करियर के दौरान उन्होंने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में 6000 से भी अधिक गीतों को अपनी आवाज दी। उनकी विशिष्ट और अलग आवाज उन्हें अपने दौर के अन्य गायकों से अलग बनाती थी। उनकी आवाज विशेष रूप से क्लब डांस नंबर, जिप्सी सॉन्ग्स और लोकगीतों के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती थी। साल 1952 में रिलीज हुई फिल्म 'कल्याणी' के जरिए उन्होंने तमिल फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था और वहां भी अपनी सफलता के झंडे गाड़े।

कई पुरस्कारों और सम्मानों से की गईं सम्मानित : अपने लंबे संगीत सफर में उन्होंने टीएम सौंदरराजन, सिरकाली गोविंदराजन, तिरुचि लोगनाथन, पीबी श्रीनिवास, एएम राजा, पी सुशीला, पी लीला, एलआर ईश्वरी, जिक्की, एस. जानकी, शूलमंगलम राजलक्ष्मी और एमएस राजेश्वरी जैसे दिग्गज गायकों के साथ युगल गीत गाए।

तेलुगु और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में छोड़ी अमिट छाप

तेलुगु सिनेमा में जमुना रानी ने कई सदाबहार गीतों के जरिए अपार लोकप्रियता हासिल की। उनके प्रसिद्ध तेलुगु गीतों में 'सरदा सरदा सिगरेटु', 'एंथा टक्कारी वाडू नाराजू', 'मुक्कुमीधु नृखी.. नी मुखनिके आडा', 'कोटू बूटू वीडा बावा वाचादय्या' और 'पाडापाडावे वैयारी गालिपतामा' शामिल हैं, जो आज भी संगीत प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। जमुना रानी का जादू केवल भारतीय भाषाओं तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी गायकी का परचम लहराया। श्रीलंका की सिंहली फिल्मों में गाए उनके गीतों को व्यापक सराहना मिली। विशेष रूप से, मशहूर गायक ए.एम. राजा के साथ सिंहली फिल्म 'सदा सुलंग' में गाया गया उनका युगल गीत 'जीवना मी गमना रमसाए' श्रीलंकाई संगीत इतिहास में एक क्लासिक गीत बन गया, जिसे आज भी बेहद पसंद किया जाता है।

झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा 814133
(rdsd.godda@gmail.com)
शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आहूत ई निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RWD/SD/GODDA/07/2026-27 जिसका पी॰आर॰ संख्या 385259 Rural Development (26-27).D है में निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

क्रम	पूर्व की तिथि	संशोधित तिथि
1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि	दिनांक 28.07.2026	दिनांक 04.08.2026
2. बेवसाईट में ई निविदा की अंतिम तिथि	दिनांक 18.08.2026 को अपराहन् 5:00 बजे तक	दिनांक 29.08.2026 को अपराहन् 5:00 बजे तक
3. बेवसाईट में ई निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 20.08.2026 को अपराहन् 2:00 बजे	दिनांक 31.08.2026 को अपराहन् 2:00 बजे

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गोड्डा।
PR 386308 Rural Development(26-27)D

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी
सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 20000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019.**(आरे-891)

मार्केटिंग कार्य

आवश्यकता है- डोर टू डोर मार्केटिंग कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता हैं, वेतन 10,000 से 12,000/- तक **पता:- सुंदर नगर एक्सिस बैंक के पास रायपुरा चौक, रायपुर Mob. 7247508331, 8435887784.** (आरे-810)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व हेल्पर तथा कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। 10-15 लड़के चाहिए। मिलने का समयः दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30, **प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, रायपुर, संपर्क: 9425506658, 9424200658, 9977252503.**(RO-7272)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

शिक्षिक

आवश्यकता है- अध्यापन कार्य हेतु कक्षा पहली से दसवीं तक हिंदी माध्यम में सभी विषयों हेतु शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। **पता- देव्यानी पब्लिक स्कूल, डूण्डा बाजार चौक, रायपुर मोबाइल- 9303013584.** (आरे-809)

Wanted- Teachers Requirements For Ashwani Nagar / Sattibazar Raipur Convent Hr.Sec. School- 1st to 5th - EVS, Computer, 6th to 10th- English, Computer, Science, Clerk, Computer Operator & 11th-12th Physics, Chemistry. Principal For Interview **03-08-2026, 10.00AM** in Ashwani Nagar, Raipur PH: **0771-2241548.** (आरे-100)

आवश्यकता है- अंग्रेजी माध्यम नर्सरी, प्राइमरी व मिडिल स्कूल के सभी विषयों हेतु शिक्षकों की आवश्यकता है। **संपर्क: ओशो पब्लिक स्कूल गवर्नमेंट हस्पिटल के पास पाँच रास्ता, सुपेला, भिलाई मो.9907758167.**(आरे न.-321)

Requirement- Required TGT Maths for Agrasen Public High School Bhilai Qualification-B.ed, MSc (Maths)* Send Resume at aisbhilai@gmail.com*(आरे-322)

हरिभूमि क्लासीफाईड

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- रिसर्च बेस आयुर्वेदिक दवाईयों के प्रमोशन हेतु छत्तीसगढ़ के सभी तहसील स्तर मे डाक्टर्स, नर्स, मेडिकल प्रोफेशनल की आवश्यकता है :- सेलरी + कमीशन २००००/- से- ५००००/- **91657-33916, 97135-17535.** (आरे-418)

कारीगर

आवश्यकता है- जेंट्स टेलरिंग शॉप में पेंट सिलाई कार्य के लिए अनुभवी पेंट मेन कारीगर की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसा, **संपर्क करे- नेशनल टेलर्स छोटापारा 8109669000, 07712223107.** (आरे-215)

घरेलु नौकर

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12घंटे एवं 24घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5वर्ष शिक्षा- न्यूनतम 10वीं पास वेतनः 20,000/- प्रतिमाह रहने की व्यवस्था सिविल लाइन्स, रायपुर **संपर्कः- 9109972720, 9109125252 अनुभवी, भरोसेमंद, लंबे समय तक कार्य के इच्छुक उम्मीदवार मिले.**(आरे-051)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सुपरवाइजर/असिस्टेंट

आवश्यकता है- आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट हेतु योग्य अभ्यर्थियों की आवश्यकता है लेखा सहायक (पुरुष) –01 पद रिसेप्शनिस्ट (महिला) – 01 पद भवन रखर खाव सुपरवाइजर (पुरुष) –01 पद असिस्टेंट भवन रख रखाव सुपरवाइजर (पुरुष) –01 पद योग्यताः संबंधित कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता **संपर्क करें:- न्यू कचना रोड, अवंति विहार, रायपुर 8319536251, 7838508429.**(आरे-050)

मार्केटिंग कार्य

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35)की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, **पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681.** (आरे-209)

आवश्यकता

आवश्यकता है- कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। रामनगर गुढ़ियारी के निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी कार्य का समय सुबह 11:30 से शाम 6:30 तक वेतन 400/- प्रतिदिन **संपर्क 6260088185.** (आरे-108)

फील्ड/अकाउंटेन्ट

आवश्यकता है- ऑफिस एवं फील्ड कार्य हेतु युवक युवती चाहिए- 02 पोस्ट। एकाऊंटेंट-01 पोस्ट।वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित मिले **सम्पर्क सी-115 हर्षित नियों सिटीअमलेश्वर दुर्ग मोबाइल 9479249000.** (आरे-398)

मार्केटिंग कार्य

आवश्यकता है- बूढ़ापारा ,रायपुर और शंकर नगर ,रायपुर स्थित घरों में काम करने एक एक स्त्री सहायक की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार - **संपर्क करें - मोबाइल नंबर 7000949168.**(आरे-398)

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कार्यालय एवं बंगलो के लिए 12 घंटे की ड्यूटी हेतु अनुभवी, अनुशासित एवं जिम्मेदार सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवः न्यूनतम 5वर्ष शैक्षणिक योग्यता- 10वीं /12वीं पास वेतन- योग्यता एवं अनुभवनुसार (आकर्षक वेतन) सिविल लाइन्स, रायपुर **संपर्कः- 9109125252, 9109972720 केवल अनुभवी, ईमानदार एवं जिम्मेदार उम्मीदवार ही मिले।**(आरे-052)

चपरासी/ड्रायवर

शीघ्र आवश्यकता है- कार्यालय सहायक - डी सी ए/12वी गेट कीपर (गार्ड)- 02 पद ड्राइवर -2 पद चपरासी -2 पद इच्छुक **संपर्क करें -उदय पब्लिक स्कूल, जामुल - भिलाई** Resum send - **7470984997.** (आरे - 4161)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, **पताः- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577, 9425522576.**(आरे-A)

आवश्यकता

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चालाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता **संपर्क: दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर 98271-14645, 91311-39179.**(आरे-A.add)

अन्य

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी भर्तीपद- फॉरेस्टगार्ड , क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र (18 -42) सैलरी- 26500/- - 42500/- आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / **कॉल करे- 9005465772.**(आरे-118)

Property प्रापर्टी

फ्लैट

बेचना है- 2 फ़्लैट बेचना है मधुरिशा हाइट फेस 3 प्रगति नगर रिसाली भिलाई में 3 बीएचके फ़्लैट बेचना है तुरंत रजिस्ट्री का प्रावधान है **संपर्क करें 9893113113.**(आरे-323)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। **संपर्क:- 7988465321, 7988465321.** (आरे-049)

आवश्यक सूचना

ग्राहकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी दावे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। हालांकि एचटी समाचार लिमिटेड या एचटीमीडिया लिमिटेड किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक









जैकेट के शेष

एनालॉग पनीर की ....

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश के बाद एनालॉग को प्रतिबंधित करने विभाग सक्रिय हो गया है। विधि विभाग में प्रक्रिया पूरी होने के बाद आर्डर का गजट नोटिफिकेशन का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग जैसे बड़े शहरों में मिल्क पावडर, पॉम ऑयल, शक्कर और नमक जैसी सामग्री से एनालॉग बनाने वाली कंपनियों का लाइसेंस निरस्त कर सील कर दिया जाएगा। अब तक एफडीए की टीम इन फैक्ट्रियों में छापेमारी के बाद लाइसेंसी कारोबार होने की वजह से एनालॉग की जांच कर असानक और फैक्ट्री में गंदगी के नाम पर महज जुर्माने की कार्रवाई करती थी। 27 दिसंबर 2021 में जारी नोटिफिकेशन के आधार पर इसके निर्माण के लिए एफएसएसएआई इसका लाइसेंस जारी करती है। जानकारों का दावा है कि लगातार उपयोग से स्वास्थ्य को जोखिम में डालने वाले इस एनालॉग को बैन करने से राज्य में करोड़ों का कारोबार प्रभावित होगा। कई बड़े होटल और रेस्तरां, ढाबों में महंगे पनीर के नाम पर 200 रुपए में मिलने वाले इस नकली पनीर को खपाया जाता है। इसके अलावा राज्य से रोजाना कई क्विंटल एनालॉग ओडिशा सहित राज्यों में भी भेजा जाता है। इस आदेश के बाद इस कारोबार से जुड़े व्यापारी भी सकते में हैं। उनका तर्क है कि फैक्ट्री बंद होने से उनके साथ सैंकड़ों कर्मचारियों के सामने रोजगार की समस्या आ जाएगी।

बस्तर विजन की ....

गांवों में कभी बच्चों के लिए नियमित शिक्षा तक पहुंच बड़ी चुनौती थी, वहां अब स्कूलों में फिर से पढ़ाई शुरू हुई है। उन्होंने बताया, दंतेवाड़ा की तर्ज पर ओरछा और जगरगुंडा में नई एजुकेशन सिटी विकसित करने की दिशा में भी राज्य सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया, मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत अब तक 34 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है और आवश्यकता के अनुरूप उन्हें चिकित्सा सेवाओं से जोड़ा गया है। सीएम ने बताया, बस्तर के स्थायी विकास के लिए कनेक्टिविटी सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसी दृष्टि से सड़क, रेल, बिजली और हवाई संपर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

461 गांवों को विद्युत....

संभव नहीं हो पाया था और वर्तमान में ऑफ-ग्रिड माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने इन गांवों को स्थाई विद्युत ग्रिड से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग का आग्रह किया।

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ....

अन्य जनजातीय क्षेत्रों में औषधीय वनस्पतियों एवं पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान की समृद्ध विरासत है। राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की स्थापना से चिकित्सा, अनुसंधान, शिक्षा और औषधीय वनस्पतियों पर आधारित स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए नई संभावनाएं विकसित होंगी।

प्रदेश आने का ....

लक्ष्य पर राज्य सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने वर्ष 2027 में रायपुर में प्रस्तावित 'लखपति दीदी सम्मेलन' की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री को इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

राजनीतिक, प्रशासनिक और ....

होंगे। कार्यक्रम में सात सत्र होंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा और कांग्रेस के प्रवक्ताओं के साथ संवाद होगा। भाजपा की तरफ से इसमें केदार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव और अमित चिमनानी रहेंगे। कांग्रेस की तरफ से सुशील आनंद शुक्ला, धनंजय सिंह ठाकुर और आरपी सिंह रहेंगे।

राजनीतिक और प्रशासनिक सत्र : तीसरा सत्र राजनीतिक होगा। इसमें भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय, रमेश सिंह ठाकुर और कांग्रेस की तरफ से सुबोध हरितवाल, श्रीकुमार शंकर मेनन, अजीत कुकरेजा शामिल होंगे। चौथा सत्र प्रशासनिक होगा। इसमें रायपुर के कनेक्टर, डा. गौरव कुमार सिंह, रायपुर के पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और एनआरडीए के सीईओ चंदन कुमार शामिल होंगे।

इनका होगा सम्मान : कार्यक्रम के अंत में अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वालों का सम्मान होगा। इसमें ग्रीन आर्मी के अमिताभ दुबे, यातायात विभाग के आरक्षक पंकज साहू, समाज सेवी मो. सज्जाद खान और सुषमा तिवारी शामिल हैं।

कांसे की प्रतिमा ....

के विपरीत कराया गया। जांच में यह भी सामने आया कि प्रतिमा के विभिन्न हिस्सों से परत उखड़ रही है, प्रतिमा लगातार क्षतिग्रस्त हो रही है तथा कांस्य प्रतिमा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। इन अनियमितताओं के लिए निर्माण प्रक्रिया के दौरान उप अभियंता चंद्रप्रकाश जायसवाल को उत्तरदायी माना गया है।विभाग ने माना कि यह कृत्य शासकीय दायित्वों के विपरीत है। इसके आधार पर छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1968 के नियम 53 के तहत श्री जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

आतंकियों ने छत्तीसगढ़...

फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। इस हमले में 24 वर्षीय दीपक रात्रे, पुत्र उमाशंकर रात्रे, निवासी छत्तीसगढ़ को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, 28 वर्षीय भोपिंदर, पुत्र दशरथ, निवासी छत्तीसगढ़ गंभीर रूप से घायल हैं।

पहले भी हुआ हमला : यह हमला अनंतनाग शहर में हुए उस आतंकी हमले के दस दिन के भीतर हुआ है, जिसमें आतंकियों ने एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

2 साल से ज्यादा ....

पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026' को मंजूरी दे दी। इस बिल के बाद लंबे समय से लंबित रजिस्ट्रेशन मामलों में जांच और मंजूरी की प्रक्रिया बढ़ जाएगी। खासकर दो साल से ज्यादा पुराने मामलों में अब सीधे प्रशासनिक अधिकारी नहीं, बल्कि न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति जरूरी होगी। सरकार का कहना है कि इस बदलाव से फर्जी दस्तावेजों और गलत रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

गलत या फर्जी प्रमाणपत्र बड़ीसमस्या : दरअसल, जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र आज सिर्फ एक दस्तावेज नहीं रह गए हैं। स्कूल एडमिशन से लेकर पासपोर्ट, सरकारी योजनाओं, संपत्ति विवाद और कानूनी प्रक्रियाओं तक इनकी जरूरत पड़ती है। ऐसे में गलत या फर्जी प्रमाणपत्र बड़ी समस्या बन सकते हैं। सरकार इसी को ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को ज्यादा मजबूत बनाना चाहती है। नए संशोधन में देरी से होने वाले रजिस्ट्रेशन के लिए अलग-अलग स्तर पर मंजूरी का प्रावधान रखा गया है। हालांकि, बिल लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच बिना चर्चा के पास हुआ, जिसको लेकर सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक बयानबाजी भी देखने को मिली।

सरकार का मकसद....

जांच की जरूरत महसूस की गई है। नए नियम का मकसद यही है कि कोई भी व्यक्ति गलत जानकारी के आधार पर जन्म या मृत्यु प्रमाणपत्र हासिल न कर सके। सरकार का कहना है कि यह कदम आम लोगों को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है।

क्या बदलेगा ....

साल से दो साल तक की देरी वाले मामलों में यही व्यवस्था जारी रहेगी। लेकिन दो साल से ज्यादा पुराने मामलों में अब प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। नए कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी जन्म या मृत्यु की घटना का रजिस्ट्रेशन दो साल से ज्यादा समय बाद कराता है, तो उसे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के सामने आवेदन करना होगा। मजिस्ट्रेट मामले की जांच के बाद ही रजिस्ट्रेशन की अनुमति देंगे।

एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से देश की खाद्य सुरक्षा पर कोई असर नहीं : केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम से देश की खाद्य सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

- किसानों को मिले 1 करोड़ 66 लाख : केंद्र का दावा

सरकार ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने हाल ही में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के चावल का एथेनॉल उत्पादन में उपयोग किए जाने संबंधी दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों और डिस्टिलरी उद्योग को 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

एथेनॉल में अनुपयुक्त खाद्यान्न का ही उपयोग : सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि एथेनॉल उत्पादन में केवल एफसीआई के चावल ही नहीं, बल्कि क्षतिग्रस्त अनाज, टूटे हुए चावल और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त खाद्यान्न का भी उपयोग किया जाता है। इससे ऐसे अनुपयोगी भंडार को स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तित किया जा रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री जी-वन योजना के तहत कृषि अवशेषों से द्वितीय पीढ़ी (2जी) के एथेनॉल के उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे खाद्यान्न पर निर्भरता और कम होगी। मंत्रालय के अनुसार, जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगभग 135 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, तब एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने घरेलू ईंधन कीमतों में संभावित बड़ी वृद्धि को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ऐसे दी जाती है एथेनॉल उत्पादन की मंजूरी : मंत्रालय

मंत्रालय के अनुसार, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए प्रत्येक दाने का उपयोग सबसे पहले सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा अनिवार्य बफर स्टॉक की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाता है। इन सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद ही खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा प्रमाणित अधिशेष भंडार को एथेनॉल उत्पादन के लिए मंजूरी दी जाती है।

पीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट, मेटा इंडिया प्रमुख पर एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तेलंगाना साइबर अपराध पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े कुछ आपत्तिजनक पोस्ट की शिकायतें मिलने के बाद, मेटा इंडिया के हेड और फेसबुक-इंस्टाग्राम के कुछ अकाउंट चलाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भाजपा समर्थकों का कहना है कि नीट पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन के दौरान इन अकाउंट्स से एडिट किए हुए वीडियो और फोटो साझा किए गए थे, जिन्हें उन्होंने भ्रामक और अपमानजनक बताया। ये मामले भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं।

एक अन्य शिकायतकर्ता एस अरविंद रेड्डी ने बताया कि इन पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी और दूसरे नेताओं को गलत ढंग से दिखाया गया था। गुरुवार शाम तक वो सभी लिंक हटा दिए गए थे, लेकिन पुलिस अभी भी यह जानने की कोशिश कर रही है कि इन अकाउंट्स को कौन चला रहा था। इस जांच के तहत मेटा को भी एक नोटिस भेजा गया है।

जांच के बाद लिंक हटाए गए

पुलिस को तेलंगाना भाजपा की सोशल मीडिया कोर कमेटी के सदस्य टी साईकिरण गौड़ से 20 ऐसे लिंक मिले थे, जिन पर आपत्ति जताई गई थी। गौड़ ने ही मेटा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, क्योंकि इन लिंक पर आपत्तिजनक सामग्री (कंटेंट) डाली गई थी।

पेज एक के शेष

अस्मिता और हर्ष ने ....

पहली जूडोका बनीं। अस्मिता की जीत के कुछ ही मिनट बाद हर्ष सिंह ने पुरुषों को 60 किग्रा फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ कैट्ज को हराया। वह कॉमनवेल्थ गेम्स में जूडो में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष हैं। अस्मिता डे और हर्ष सिंह को ऐतिहासिक सफलता पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है।

पिता को याद कर ....

अस्मिता अपने दिवंगत पिता को याद कर काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने बताया कि उनके पिता उनके जीवन के सबसे बड़े मार्गदर्शक और समर्थक थे, जो हर कदम पर उनके साथ मजबूती से खड़े रहते थे। खेल के शुरुआती दिनों से लेकर नेशनल लेवल तक पहुंचने के सफर में उनके पिता का योगदान सबसे अहम रहा था।

राम मंदिर चढ़ावा ....

जवाब मांगने के लिए किया गया है। प्रदर्शन के दौरान विपक्षी सांसदों ने केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी भी की। सांसदों ने 'अमित शाह सदन में आओ, जवाब दो', 'चढ़ावा चोरी नहीं चलेगी' और 'पेपर चोरी नहीं चलेगी' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में हाल के अलग-अलग राजनीतिक और सार्वजनिक मुद्दों को भी जोड़ा गया।

आवारा पशुओं से दुर्घटना ....

कानून बनाए हैं, उन्हें अक्षरशः और तत्काल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। दोनों श्रेणियों - पैदल यात्री या वाहन चालक - के मामलों में पशुओं के परिणामस्वरूप होने वाली दुर्घटनाओं में मुआवजे के भुगतान के लिए एक तंत्र विकसित करने के लिए आवश्यक संशोधन किए जा सकते हैं या सक्षम प्राधिकारी द्वारा उचित समझे जाने वाले नियमों को शामिल किया जा सकता है।'

महानदी का बढ़ा ...

वहीं इन गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जिन गांवों में पानी भरने की आशंका है वहां के लोगों को बाहर निकाली जा रही है। प्रभावितों के लिए राहत शिविर लगाई गई है। वहां उनकी भोजन, रहने की पूरी व्यवस्था की गई है। जिन गांवों में हालात कुछ ज्यादा बिगड़ने की संभावना रहती है उसमें पुसौर ब्लॉक के सूरजगढ़, परसापाली, कोकाईमुहान, चंघोरी, नावापाली, सिंगपुरी, बाराडोली, रायपाली, सिलाड़ी, जिलाड़ी, खपरापाली और नावापारा शामिल है।

इसी तरह सरिया क्षेत्र के तोरा, ठेंगागुड़ी, लिप्टी, रैबो, पोरथ, कोर्रा, रानीडीह, सूरजगढ़, सुरसी, परसरामपुर, नदीगांव, रतनपाली, छोटे नावापारा, बोरिदा समेत अन्य गांव शामिल हैं। लगातार हो रही बारिश की वजह से नदियां उफान पर है। रायगढ़ जिले के करीब 8 गांव में अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सारंगढ बिलाईगढ जिले में भी करीब 10 गांव को प्रभावित मानते हुए यहां निगरानी बढ़ा दी गई है। स्थिति यह है कि बीते गुरूवार की रात से शुक्रवार की सुबह तक करीब 2 फीट तक जलस्तर बढा है। महानदी के तट पर बसे ग्राम नवापाली में सामुदायिक भवन सहित कुछ घरों में पानी घुस चुका है। वहीं इस गांव के आस पास स्थित खेतों में भी नदी का पानी दाखिल हो चुका है, ऐसे में खेत पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं। बीते दो दिनों से लगातार महानदी का जलस्तर बढ़ रहा है। शुक्रवार को नदी तट पर बसे गांव नावापाली में स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी सहित क्षेत्रीय अधिकारियों की एक टीम पहुंची थी। नदी के तट पर बसे करीब आधा दर्जन गांव में लगातार निगरानी की जा रही है। जल स्तर बढ़ने की स्थिति पुसौर स्थित शासकीय विद्यालय में प्रभावित परिवारों को शिफ्ट की व्यवस्था की गई है।

गंगरेल बांध के गेट खुलने से बढ़ा जलस्तर : बताया जा रहा है कि कई घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से गंगरेल बांध 345 मीटर तक पानी भर चुका है, जबकि इसकी क्षमता 349 मीटर की है। इसकी वजह से महानदी के जलस्तर लगातार बढ रहा है। अधिकारियों की मानें तो गंगरेल डैम के गेट अभी खोले नहीं गए हैं, बारिश की वजह से होने वाले जलभराव को देखते हुए निर्णय लिए जाने की बात कही जा रही है। स्थिति यह है कि यदि बारिश नहीं रूकती और स्थिति सामान्य नहीं होती तो ऐसे में गेट खोल जा सकते हैं। फिलहाल अधिकारियों के अनुसार स्थिति सामान्य है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के ईई होमेश नायक ने बताया कि फिलहाल स्थिति सामान्य है, शनिवार की शाम तक जल स्तर के घटने की संभावना है।

पीईटी के साथ अब ....

परीक्षाओं के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार होगी और छात्रों को प्रवेश दिए जाएंगे। यह व्यवस्था पहली बार की गई है। कृषि और जैव विज्ञान की पढ़ाई बायो संकाय के अंतर्गत भी की जाती है। बीटेक डेयरी के पाठ्यक्रम का बड़ा हिस्सा इससे संबंधित होता है। नियम ना होने के कारण बायो के विद्यार्थी इसकी पढ़ाई नहीं कर पाते थे। अब उन्हें भी मौका मिलेगा और वे डेयरी इंजीनियर बन सकेंगे।

संयुक्त काउंसिलिंग ...

इसके साथ ही पंजीयन भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर में ही इस कोर्स का संचालन होता है। बीटेक डेयरी व फूड प्रोसेसिंग की यहां 50 सीटें हैं। बीते वर्ष सभी सीटें भर गई थीं।

अल्जीरिया में बस गिरी खाई में, 25 की मौत

अल्जीयर्स। अल्जीरिया में शुक्रवार को एक बस दुर्घटना में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 44 घायल हो गए। अल्जीरिया के नागरिक सुरक्षा विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। बस यात्रियों को सेतीफ से अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स ले जा रही थी। बस अल्जीयर्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर एल कर्मा क्षेत्र में सड़क से फिसलकर एक गहरी खाई में जा गिरी। इस घटना में 25 लोगों की मौत हो गई और 44 घायल हो गए। सरकारी टेलीविजन के अनुसार, अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमजीद तेब्बौने ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इससे पूर्व पंद्रह अगस्त 2025 को अल्जीयर्स में एक सार्वजनिक परिवहन बस पुल के सुरक्षा अवरोधक को तोड़ते हुए नीचे नदी में जा गिरी थी। इस नदी में शहर का सीवेज (मलजल) प्रवाहित होता है। उस दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हुई थी और 21 लोग घायल हुए थे।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

कार्यालय नगर पंचायत पलारी, जिला- बालोद (छ.ग.)

-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक / 688 / लोनिवि / न.पं. / 2026 पलारी दिनांक - 30/07/2026

नगर पंचायत पलारी क्षेत्रान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं:-

क्र	सिस्टम टेंडर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनु. लागत (लाख में)	अमानत राशि (FDR)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	196489	वार्ड क्र. 03 में आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य	23.90	18000.00	21/08/2026 17:30 IST

टीप - अमानत राशि, भौतिक दस्तावेज एवं 100 रू. के स्टाम्प में शपथ पत्र (स्व सत्यापित / नोटराईज्ड) रजिस्ट्रर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा खोले जाने के पूर्व कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा / विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती हैं।

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पलारी

।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग।।

Email ID-durgmc2019@gmail.com Phone: 0788-2322148

-:: मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक/130/लो.क.वि.अ./2026-27 दिनांक 31/07/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोनि.वि. में प्रचलित भवन 01.01.2015 एवं रोड नाली एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2025/ 20.04.2026/10.06.2026 एवं नॉन एस.ओ.आर. के अनुसार निविदा दिनांक तक संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर तीन लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 07.08.2026
निविदा प्रपत्र जारी कर ने की अंतिम तिथि : 13.08.2026
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 20.08.2026
निविदा खोलने की तिथि : 21.08.2026 शाम 4.00 बजे

किसी कारणवश निविदा खुलने की तिथि में नही खोला गया है तो निविदा द्वितीय दिन कार्य दिवस में खोला जावेगा।

क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1.	वार्ड क्रं. 52 में शीतला नगर में सी.सी. रोड निर्माण कार्य बावत्। (महा. नि 25-20)	593292.00
2.	वार्ड क्रं. 09 में कोष्टा तालाब पार में चबूतरा निर्माण कार्य। (महा. नि. 26-27)	508203.00
3.	वार्ड क्रं. 42 में कसारीडीह सांस्कृतिक भवन व नई सुविधाओं का विस्तार कार्य। (महा.नि. 26-27)	423694.00
4.	वार्ड क्रं. 21 में सियान सदन निर्माण कार्य। (महा.नि. 26-27)	423624.00
5.	वार्ड क्रं. 17,18 मानस भवन में नई सुविधा की व्यवस्था। (महा.नि. 26-27)	422643.00
6.	वार्ड क्रं. 20 दुर्गेश्वर महादेव मंदिर के पास शौचालय निर्माण कार्य। (महा.नि. 26-27)	167421.00
7.	वार्ड क्रं. 18 में नाली निर्माण कार्य। (पा.निधि 25-26)	172348.00
8.	वार्ड क्रं. 08 में नाली पुलिया निर्माण कार्य। (पा.नि.25-26)	127423.00
9.	वार्ड क्रं. 43 में विभिन्न कार्य कराने बाबत्। (पा.नि. 26-27)	508004.00
10.	वार्ड क्रं. 05 में रोड व नाली निर्माण कार्य। (पा.नि. 25-26)	339232.00

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, दुर्ग

-:: आम सूचना ::-

वाके मौजा-बरौंडा, प.ह.नं. 00039, रा.नि.मं. बंगोली, तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 368 रकबा 0.3840 हेक्टेयर भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जान्हवी केशवराव कानतोड़े पिता श्री केशवराव कानतोड़े निवासी- प्लाट नंबर-129, बेलतारोडी रोड, कचोरे लाउन के पास, श्याम नगर, सोमालवाड़ा नागपुर महाराष्ट्र के द्वारा विक्रेतागण प्रदीप हर्षवाल, पंकज हर्षवाल, ऋचा हर्षवाल तीनों पिता रविन्द्र प्रसाद हर्षवाल, श्रीमती शकुंतला हर्षवाल पति रविन्द्र प्रसाद हर्षवाल सभी निवासी- रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति वाके मौजा- बरौंडा, प.ह.नं. 00039, रा.नि.मं. बंगोली, तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 368 रकबा 0.3840 हेक्टेयर भूमि है जिसको विक्रय करने का मौखिक सौदा कर ब्याना राशि प्राप्त कर लिया है, केवल बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

रायपुर, छत्तीसगढ़ दिनांक: 31.07.2026

देवेन्द्र यादव(अधिवक्ता)
पता - आजाद चौक थाना के सामने, आमापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), मो.नं. - 99811 45570

-:: आम सूचना ::-

वाके मौजा- बरौंडा, प.ह.नं. 00039, रा.नि.मं. बंगोली, तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 367/3 रकबा 0.1740 हेक्टेयर भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जान्हवी केशवराव कानतोड़े पिता श्री केशवराव कानतोड़े निवासी- प्लाट नंबर-129, बेलतारोडी रोड, कचोरे लाउन के पास, श्याम नगर, सोमालवाड़ा नागपुर महाराष्ट्र के द्वारा विक्रेता पंकज हर्षवाल, पिता रविन्द्र प्रसाद हर्षवाल निवासी- रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति वाके मौजा- बरौंडा, प.ह.नं. 00039, रा.नि.मं. बंगोली, तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 367/3 रकबा 0.1740 हेक्टेयर भूमि है जिसको विक्रय करने का मौखिक सौदा कर ब्याना राशि प्राप्त कर लिया है, केवल बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

रायपुर, छत्तीसगढ़ दिनांक: 31.07.2026

देवेन्द्र यादव(अधिवक्ता)
पता - आजाद चौक थाना के सामने, आमापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), मो.नं. - 99811 45570

कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./1202/न.पं./लो.नि.वि./ 2026-27 पाण्डातराई, दिनांक 31/07/2026

तृतीय ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत निम्न कार्य हेतु तृतीय ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	सिस्टम नम्बर	विवरण	अनुमानित राशि (लाख में)	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	196560	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of PANDATARAI, Chhattisgarh	25.12	10/08/2026

शर्ते :- उपरोक्त कार्यो हेतु नियम एवं शर्ते,अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबस

खबर संक्षेप

एनएसई के शुद्ध लाभ में सात फीसदी का इजाफा



नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सात प्रतिशत बढ़कर 3,120 करोड़ रुपये हो गया। आईपीओ लाने की तैयारी कर रहे एनएसई ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 2,924 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 682.35 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 6.12 अरब डॉलर बढ़कर 682.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.24 अरब डॉलर रहा था।

गेल का शुद्ध लाभ दोगुना होकर 4,671 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में लगभग दोगुना होकर 4,670.99 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि गैस विपणन कारोबार से हुई कमाई में तेज उछाल ने पेट्रोकेमिकल खंड में हुए नुकसान की भरपाई कर दी।

रुपया 15 पैसे चढ़कर 95.35 पर बंद



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 15 पैसे बढ़कर 95.35 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी प्रवाह और रिजर्व बैंक के समर्थन से रुपये में मजबूती आई। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और डॉलर के मजबूत होने से रुपये की तेजी पर लगाम लगा।

लीला पैलेस का लाभ पांच गुना बढ़कर 49 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। लीला पैलेसेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में पांच गुना से अधिक होकर 48.8 करोड़ रुपये रहा। इससे वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 8.7 करोड़ रुपये रहा था। जून तिमाही में परिचालन आय बढ़कर 352 करोड़ रुपये रही।

स्ट्राइड्स फार्मा के लाभ में 56 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। स्ट्राइड्स फार्मा साइंस लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 56.7 प्रतिशत बढ़कर 165.5 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 105.6 करोड़ रुपये था। स्ट्राइड्स ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 1,265.4 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,119.7 करोड़ रुपये थी।

भारत की जीडीपी के 30 प्रतिशत हिस्से पर देश के सिर्फ 3,040 लोगों का कब्जा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सबसे बड़े वेल्थ क्रिएटर्स (संपत्ति बनाने वाले) के पास अब 104 लाख करोड़ रुपए की पर्सनल वेल्थ है, जो देश की नॉमिनल जीडीपी का लगभग 30 फीसदी है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के साथ मिलकर तैयार की गई '360 वन वेल्थ क्रिएटर्स लिस्ट 2026' में लिस्टेड और अनलिस्टेड होल्डिंग्स में 330 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति का अध्ययन किया गया।

- अकेले टॉप 10 लोगों के पास लगभग 19 .72 लाख करोड़ रुपए हैं

अंतिम सूची में 3,040 ऐसे लोग शामिल हैं जिनकी संपत्ति 425 करोड़ रुपए से ज्यादा है। इन सबकी कुल व्यक्तिगत नेट वर्थ 104 लाख करोड़ रुपए है, जो भारत की म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के आकार का लगभग 1.2 गुना है। भारत तेजी से संपत्ति बना रहा है, लेकिन इसका ज्यादातर हिस्सा अभी भी सबसे ऊपर के लोगों के पास है।

देश के सबसे बड़े वेल्थ क्रिएटर्स के पास अब 104 लाख करोड़ रुपए

12 बिजनेस परिवारों के पास 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा संपत्ति

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अब 12 ऐसे बिजनेस परिवार हैं जिनकी संपत्ति 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। इस क्लब में अदाणी, अंबानी, मित्तल, संघवी, मिस्त्री, नाडर, जिंदल, दमानी, बिड़ला, अग्रवाल, प्रेमजी और मेहता जैसे नाम शामिल हैं।



कम हो रही वेल्थ क्रिएटर्स की उम्र : नई इकोनॉमी वाले वेल्थ क्रिएटर्स की उम्र भी कम है। उनकी मीडियन उम्र 48 साल है, जबकि पुरानी इकॉनमी वाले क्रिएटर्स की मीडियन उम्र 60 साल है। फिर भी, ज्यादा उम्र वाले वेल्थ क्रिएटर्स का दबदबा बना हुआ है। 60-80 साल के उम्र वाले ग्रुप में 1,028 लोग हैं, जिनके पास 45.36 लाख करोड़ रुपए हैं।

बिजनेस फैमिलीज और उनकी दौलत

3,040 वेल्थ क्रिएटर्स में से, टॉप 10 लोगों के पास सूची की कुल संपत्ति का लगभग पांचवां हिस्सा है। अंबानी परिवार के सदस्य-अनंत, ईशा और आकाश-2026 की सूची में टॉप तीन स्थानों पर हैं, और हर एक के पास 2.75 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। यह सूची परिवारों की संपत्ति की बड़ी कहानी भी बताती है। भारत के टॉप 100 परिवारों की कुल नेट वर्थ 76.5 लाख करोड़ रुपए है। टॉप तीन परिवारों में गौतम अदाणी और परिवार, मुकेश अंबानी और परिवार, और सुनील भारती मित्तल और परिवार शामिल हैं।

25 साल से कम उम्रके फाउंडर्स भी : भारत में अब जेप्टो के कैवल्य वोहरा और आदित पालिचा जैसे 25 साल से कम उम्र के फाउंडर्स भी हैं, जो दिखाते हैं कि संपत्ति बनाने का समय कितना कम हो गया है। जिन बिजनेस को खड़ा करने में पहले एक पीढ़ी लग जाती थी, वे अब एक दशक से भी कम समय में बड़ी संपत्ति बना रहे हैं।

शीर्ष 10 लोगों के पास सूची की कुल संपत्ति का 19 फीसदी

अकेले टॉप 10 लोगों के पास लगभग 19.72 लाख करोड़ रुपए हैं, जो सूची की कुल संपत्ति का 19 फीसदी है। टॉप 100 लोगों के पास लगभग 46 फीसदी संपत्ति है, जबकि सूची के निचले आधे हिस्से यानी 1,520 लोगों के पास केवल 9 फीसदी संपत्ति है। रिपोर्ट यह भी दिखाती है कि भारत की अमीरों की सूची का स्वरूप बदल रहा है। इसमें अभी भी पुराने बिजनेस परिवारों, इंडस्ट्रियल ग्रुप्स और मुंबई की संपत्ति का दबदबा है।

लोक नीति शोध संस्थान 'पॉलिसी कंसेंसस सेंटर की रिपोर्ट

आयात समता मूल्य निर्धारण से दबाव में एल्युमीनियम आधारित एमएसएमई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयात समता मूल्य निर्धारण से प्राथमिक एल्युमीनियम की कीमतों में बढ़ोतरी होने से इस धातु पर निर्भर घरेलू 'डाउनस्ट्रीम' उद्योगों की लागत बढ़ रही है, जिससे उनका लाभ मार्जिन घट रहा है और विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो रही है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

लोक नीति शोध संस्थान 'पॉलिसी कंसेंसस सेंटर' की रिपोर्ट के मुताबिक, सालाना 41.6 लाख टन से अधिक स्थापित क्षमता के साथ भारत प्राथमिक एल्युमीनियम का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके बावजूद देश की लगभग 3,500 एल्युमीनियम इकाइयों, जिनमें बड़ी संख्या में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) शामिल हैं, को कई संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

90 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराती है

रिपोर्ट कहती है कि ये इकाइयां एल्युमीनियम मूल्य श्रृंखला में लगभग 90 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराती हैं और बिजली पारेषण, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, इलेक्ट्रिक वाहन, निर्माण एवं इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों के लिए अहम उत्पाद तैयार करती हैं।



- धातु पर निर्भर घरेलू डाउनस्ट्रीम उद्योगों की लागत बढ़ रही
- विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो रही
- सालाना 41.6 लाख टन से अधिक स्थापित क्षमता

प्राथमिक एल्युमीनियम पर 7.5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क

एमएसएमई के सामने प्रमुख चुनौतियों में से एक प्राथमिक एल्युमीनियम पर 7.5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और उस पर लागू सामाजिक कल्याण अधिभार है। घरेलू उत्पादक आयात समता मूल्य निर्धारण के आधार पर कीमत तय करते हैं, जिसमें सीमा शुल्क को भी शामिल कर लिया जाता है।

एल्युमीनियम में मूल सीमा शुल्क को समाप्त किया जाए

इसमें सुझाव दिया गया है कि प्राथमिक एल्युमीनियम पर मूल सीमा शुल्क को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाए और उत्पादकों के लिए ऊर्जा लागत की भरपाई के उपाय किए जाएं, ताकि संतुलन बना रहे। इसके अलावा, उत्पाद की उत्पत्ति के नियमों को सख्त करने, आवश्यक होने पर शुल्क-दर कोटा लागू करने, मुक्त व्यापार समझौतों के तहत सत्यापन व्यवस्था को मजबूत करने तथा अनुचित मूल्य पर होने वाले आयात के खिलाफ लक्षित व्यापारिक उपाय अपनाने की भी सिफारिश की गई है।

परिचालन मार्जिन कम हो जाता है

इस व्यवस्था के कारण कच्चे माल की लागत बढ़ जाती है, जिससे पहले से सीमित परिचालन मार्जिन और कम हो जाता है तथा मूल्य संवर्धित विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर पड़ती है। रिपोर्ट में शुल्क ढांचे में असंतुलन की ओर भी ध्यान दिलाया गया है।

शून्य शुल्क पर भारत में बाहर से आयात हो रहा

इसके तहत प्राथमिक एल्युमीनियम पर शुल्क कई तैयार उत्पादों की तुलना में अधिक है, जबकि आसियान, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के चलते कई तैयार एल्युमीनियम उत्पाद रियायती या शून्य शुल्क पर भारत में आयात हो रहे हैं, जिससे घरेलू एमएसएमई पर प्रतिस्पर्धी दबाव बढ़ रहा है।

शुल्क का युक्तिसंगत निर्धारण जरूरी

रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क का युक्तिसंगत निर्धारण डाउनस्ट्रीम एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने, मूल्य संवर्धन बढ़ाने और रोजगार सृजन के साथ 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूती देने में मददगार होगा।

नई पीढ़ी के विमानों पर फैसला करेगी इंडिगो : भाटिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि कंपनी नई पीढ़ी के विमानों के विकास का आकलन करने के बाद वर्ष 2030 में अपने नए विमानों के ऑर्डर पर फैसला करेगी।

इंडिगो नई प्रौद्योगिकी को शुरुआती दौर में अपनाने वाली कंपनियों में शामिल होना चाहती है। अगले महीने परिचालन के 20 वर्ष पूरे करने जा रही विमानन कंपनी ने 2006 में एक ही प्रकार के विमान के साथ सेवाएं शुरू की थीं। अब उसके बेड़े में 440 से अधिक विमान हैं और वह 140 से अधिक गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित करती है।



- विमानों का आकलन कर वर्ष 2030 में लेगी फैसला
- कंपनी नई प्रौद्योगिकी को शुरुआती दौर में अपनाने वाली बनेगी

एयरबस का 900 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया

एयरबस ए350-900 सहित उसने 900 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है जिनकी आपूर्ति 2035 तक होनी है। भाटिया ने कहा, '' अभी हमने इसलिए थोड़ा इंतजार करने का फैसला किया है क्योंकि हम देखना चाहते हैं कि नई पीढ़ी के विमान कब और किसके द्वारा पेश किए जाते हैं। जब भी यह नई प्रौद्योगिकी आएगी, वही हमारे लिए अगला बड़ा अवसर होगा ....'' नई पीढ़ी के विमानों से आशय आमतौर पर ऐसे विमानों से है, जिनमें उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो और जिनसे कम उत्सर्जन होता हो।

इंडिगो में बदलाव लाने की तैयारी

भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि अगले सप्ताह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पद संभालने वाले विली वॉल्श एयरलाइन में बदलाव लाने को तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक पद से 31 जुलाई को हटने के बाद वॉल्श तीन अगस्त को भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के सीईओ का पद संभालेंगे।

माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस का नया अवतार 'मैप्स'

रायपुर। सन 1964 में अपनी शुरुआत के बाद अखबार और होर्डिंग से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रील्स और सेकंड्स में बदल जाने वाले डिजिटल ट्रेंड्स तक का सफर माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस ने बखूबी तय किया है। मध्य भारत की अग्रणी और आईएनएस मीडिया एजेंसी 'माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस' ने हर दौर को बेहद करीब से देखा और समझा है। अब, समय की इसी तेज रफ़्तार से कदमताल करने के लिए, यह प्रतिष्ठित एजेंसी अपने मॉडर्न अवतार 'मैप्स' के साथ खुद को रीब्रांड कर रही है। इस बदलाव की जरूरत के बारे में बात करते हुए माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस के डायरेक्टर्स प्रकाश माहेश्वरी और पंकज माहेश्वरी ने बताया कि नए दौर में आधुनिक सोच के साथ बिजनेस संचालन करने वाली आज की युवा पीढ़ी और कंटेम्परारी ऑडियंस घंटों की बात सेकंड्स में समझना चाहते हैं। वो ऐसे शब्द पसंद करते हैं जो बोलने में आसान हों और जिनका इम्पैक्ट सीधा हो। 'मैप्स' (अंग्रेजी के शब्द मैप का बहुवचन) का सीधा सा मतलब है नक्शे या रास्ते। जिस तरह एक नक्शा किसी को अनजान रास्तों पर उसकी सटीक मंजिल तक ले जाता है, ठीक उसी तरह 'मैप्स' की फिलॉसफी ब्रांड्स के लिए वो रास्ते तैयार करना है, जो मार्केट की भीड़ से निकलकर सीधे ग्राहकों के दिलों-दिमाग तक पहुंचते हों।

नए लोगो में लगा कोलन

मैप्स के लोगो में लगा 'कोलन' (:) केवल एक डिजाइन नहीं है। व्याकरण ज़ुबान में कोलन का मतलब होता है, 'पिक्चर अभी बाकी है', यानी आगे कुछ आने वाला है। 'मैप्स' के साथ लगा यह कोलन दरअसल एजेंसी की विस्तृत सेवाओं को दर्शाता है। 'maps:' में 'आउट ऑफ़ द बॉक्स आईडियाज' के साथ ब्रांड कंसल्टेंसी, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग, कंटेंट डेवलपमेंट और डिजिटल मार्केटिंग जैसी वो तमाम सेवाएं मौजूद हैं, जो आज के मार्केट की जरूरत के हिसाब से 'maps:' को 360 डिग्री एडवरटाइजिंग एजेंसी बनाती हैं।

स्ट्रेटेजिक रीब्रांडिंग

यह केवल पुराना लोगो हटाकर नया रखने की औपचारिकता नहीं है, बल्कि दूर की सोच के साथ की गई एक स्ट्रेटेजिक रीब्रांडिंग है। यह रीब्रांडिंग बदलते मार्केट ट्रेंड्स, नई पीढ़ी की पसंद और टेक्नोलॉजी के इस दौर में ब्रांड्स को समय की मांग के हिसाब से रिलिवेंट बनाए रखने की एक पुख्ता तैयारी है।

रिसर्च और ब्रांड फॉर्मूला

पब्लिक रिलेशन्स, एडवरटाइजिंग, मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिहाज से हर क्लाइंट की अपनी ख़ास जरूरतें होती हैं और तेजी से बदलते मार्केट ट्रेंड्स इसे और भी चुनौतीपूर्ण बना देते हैं, इसलिए ब्रांड्स की जरूरत के हिसाब से रिसर्च आधारित कैंपेन की स्ट्रैटेगी प्लान होगी जिससे सही कस्टमर्स तक सही मैसेज पहुंचे।

पेंट कंपनियों को उत्पादों में सीसे की मात्रा सीमित करने के निर्देश

चंडीगढ़। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पेंट बनाने वाली कंपनियों को अपने उत्पादों में सीसे की मात्रा निर्धारित सीमा के भीतर रखने का निर्देश दिया है। पीपीसीबी ने अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि उत्पादन इकाइयों को अनुमति जारी करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके पेंट उत्पादों में सीसे की मात्रा घरेलू एवं सजावटी पेंट में सीसा सामग्री की मात्रा नियम, 2016 के अनुरूप हो।

एलआईसी हाउसिंग का लाभ 9% बढ़कर 1488 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में नौ प्रतिशत बढ़कर 1,488 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी द्वारा प्रवर्तित इस आवास वित्त कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 1,360 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी की कुल आय जून तिमाही में घटकर 7,066 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,233 करोड़ रुपये थी। कंपनी की ब्याज आय भी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में घटकर 7,024 करोड़ रुपये रह गई।

उद्योगों को बैंक ऋण जून माह में 19.2 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। उद्योगों को दिए जाने वाले बैंक कर्ज में जून माह के दौरान सालाना आधार पर 19.2 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 6.3 प्रतिशत था। बड़ी कंपनियों के साथ एमएसएमई क्षेत्र में भी व्यापक विस्तार देखने को मिला।



- एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 6 .3 प्रतिशत था

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, गैर-खाद्य बैंक ऋण की वृद्धि दर 30 जून 2026 को समाप्त पखवाड़े में 18.3 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 9.3 प्रतिशत थी। आरबीआई ने ये आंकड़े 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए हैं। इन बैंकों की कुल गैर-खाद्य ऋण में लगभग 95 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आलोच्य अवधि में कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों को दिए गए बैंक ऋण में भी 16.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले 6.8 प्रतिशत थी। उद्योग क्षेत्र के सूक्ष्म एवं लघु, मध्यम और विशाल, तीनों वर्गों में कर्ज में व्यापक बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रमुख उद्योगों में अवसंरचना, इंजीनियरिंग, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, निर्माण, धातु, पेट्रोलियम और रसायन क्षेत्रों में ऋण वृद्धि मजबूत रही।

सेवा क्षेत्र के ऋण में आई तेजी

आंकड़ों के मुताबिक, सेवा क्षेत्र को दिए गए कर्ज में भी तेजी बनी रही और यह सालाना आधार पर 21.4 प्रतिशत बढ़ा, जो पिछले वर्ष 8.8 प्रतिशत था। इसमें गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी), वाणिज्यिक रियल एस्टेट और व्यापार क्षेत्रों का अहम योगदान रहा। व्यक्तिगत ऋण खंड में भी जून के दौरान 15.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह 11.7 प्रतिशत थी।

आभूषण विक्रेताओं की खरीदी से सोना हुआ 300 रुपए महंगा

- सोना बढ़कर 1,48,300 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 2,24,700 रुपए पर रही स्थिर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को फुटकर और आभूषण विक्रेताओं की लिवाली के कारण सोने की कीमतें 300 रुपये बढ़कर 1,48,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। स्थानीय व्यापारियों ने यह जनकारी दी है। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,48,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रही।व्यापारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कीमतें कमजोर होने के बावजूद फुटकर और आभूषण विक्रेताओं की लगातार लिवाली ने घरेलू सोने की कीमतों को सहारा दिया, जबकि चांदी का कारोबार सीमित दायरे में रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 48.28 डॉलर या 1.18 प्रतिशत घटकर 4,055.56 डॉलर प्रति औंस हो गया और चांदी लगभग 2 प्रतिशत टूटकर 57.98 डॉलर प्रति औंस रह गई।

विदेशी बाजार में निवेशकों की सराफा में दिलचस्पी कम

विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी विदेशी बाजारों में कीमती धातुओं के प्रति निवेशकों की दिलचस्पी को कम कर दिया।

बिजनेस साइट

ताइवान एक्सीलेंस ने ऑटोमेशन एक्सपो में किया आधुनिक तकनीक का प्रदर्शन

मुंबई। भारत जहां स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं ताइवान एक विश्वसनीय प्रौद्योगिकी साझेदार के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत कर रहा है। इस पवेलियन में 22 पुरस्कार विजेता ताइवानी ब्रांड्स द्वारा एआई एज कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स एवं स्मार्ट ऑटोमेशन तथा औद्योगिक उपकरण एवं कंपोनेंट्स से जुड़ी 55 से अधिक अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर होमर चांग, महानिदेशक, ताइपे आर्थिक एवं सांस्कृतिक केंद्र, मुंबई ने कहा, भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विनिर्माण बाजारों में से एक है और ताइवान औद्योगिक ऑटोमेशन में अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से प्रौद्योगिकी साझेदारियों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2025 में भारत और ताइवान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 12 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा।



नकली मुद्रा पहचानने में कुछ बैंकों के प्रयास पर्याप्त नहीं

आरबीआई का निर्देश, बैंक नकली मुद्रा पहचानने वाली मशीनें लगाए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बैंकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं वाले जिलों में स्थित उनकी शाखाओं में नोट की जांच करने वाली मशीनें लगी होनी चाहिए। केंद्रीय बैंक ने पाया कि नकली मुद्रा की पहचान के लिए कुछ बैंकों के प्रयास पर्याप्त नहीं थे।

केंद्रीय बैंक ने अप्रैल में जारी एक मास्टर निर्देश के माध्यम से बैंकों को नकली नोटों की पहचान करने, सूचना देने और उनकी निगरानी करने पर व्यापक निर्देश जारी किए थे। बैंकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे नकदी संभालने वाले अपने सभी कर्मचारियों को असली बैंक नोटों की सुरक्षा विशेषताओं के बारे में प्रशिक्षित करें, ताकि वे नकली नोटों की पहचान कर सकें। इसके अलावा, बैंक को मिलने वाले सभी बैंक नोटों की प्रामाणिकता की जांच मशीनों के माध्यम से की जाएगी, सभी मामलों में जाली नोटों को जब्त किया जाना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में जाली नोट लाने वाले को वापस नहीं लौटाया जाएगा तथा बैंक स्तर पर उसे नष्ट भी नहीं किया जाएगा।

निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार पहचान किए गए सभी जाली भारतीय मुद्रा नोटों (एफआईसीएन) की सूचना देना अनिवार्य है। एक परिपत्र के मुताबिक, ''रिजर्व बैंक के विश्लेषण से पता चलता है कि इस मामले में कुछ बैंकों के प्रयास पर्याप्त नहीं थे।''

बैंक को अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का निर्देश

परिपत्र में बैंकों को अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है ताकि एफआईसीएन की प्रभावी ढंग से पहचान करने, उन्हें जब्त करने और उनकी सूचना देने के लिए क्षमता और तैयारी को और मजबूत किया जा सके।'' परिपत्र में कहा गया है कि मौजूदा निर्देशों के अलावा, ''बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे जिलों की शाखाएं नोट सत्यापन वाली मशीनों से लैस हों।''

बैंक नकदी संभालने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षित करे



92 साल का सूखा खत्म, जूडो में भारत ने पहली बार जीते दो गोल्ड

जूडो में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने हर्ष, यामिनी ने जीता रजत

एजेंसी ▶▶ ग्लास्गो

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए अस्मिता डे और हर्ष सिंह ने जूडो में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। इससे पहले कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में कोई भी भारतीय जूडो एथलीट गोल्ड मेडल नहीं जीत पाया था। अस्मिता ने महिलाओं की 48 किलोग्राम वर्ग प्रतियोगिता के फाइनल में कनाडा की एथलीट को हराया। दूसरी ओर हर्ष सिंह ने पुरुषों की 60 किलोग्राम वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के एथलीट को हराया। भारत ने पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स में 1934 में भाग लिया था। 92 साल बीत चुके थे, लेकिन जूडो में भारत को कोई गोल्ड मेडल नहीं मिल पाया था। यह गोल्ड मेडल का सूखा अस्मिता डे ने समाप्त किया। वहीं यामिनी मौर्य ने रजत पदक जीतकर भारत को जूडो में तीसरा पदक दिलाया।



एक्स्ट्रा टाइम में अस्मिता की ऐतिहासिक जीत

फाइनल में अस्मिता ने कनाडा की हाइडी क्वाच को हराया। उनका मुकाबला फुल टाइम तक बराबरी पर था, जिसके बाद एक्स्ट्रा टाइम का सहारा लिया गया। एक्स्ट्रा टाइम में जो भी एथलीट पहले स्कोर करता है, उसे जीता हुआ माना जाता है। अस्मिता ने एक्स्ट्रा टाइम में पहले स्कोर करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। अस्मिता कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में जूडो में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बन गईं।

यामिनी ने जीता रजत

जूडो में महिलाओं के 57 किग्रा के फाइनल में यामिनी मौर्य ने रजत पदक जीता। भारत का दिन का जूडो में यह तीसरा पदक था। फाइनल में यामिनी का मुकाबला इंग्लैंड की एसेलिया टोपराक से साथ था। यामिनी को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा और रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



फाइनल मुकाबले का रोमांच



वहीं हर्ष सिंह ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज को बेहद आसानी से 10-0 के अंतर से हराया। वे कॉमनवेल्थ गेम्स में जूडो में गोल्ड मेडल जीतने वाले भारत के पहले पुरुष एथलीट बने हैं। मेंस 60 किलो ग्राम भार वर्ग का फाइनल मुकाबला बेहद कड़ा था। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जोशुआ काट्ज ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन हर्ष सिंह ने उनका हर दांव विफल कर दिया। मैच के दौरान एक समय जोशुआ ने हर्ष को अपनी पकड़ में लेने की कोशिश भी की, लेकिन हर्ष ने न केवल उनकी पकड़ से खुद को बचाया बल्कि तुरंत पलटवार भी किया। मैच के 3 मिनट 19 सेकंड पर हर्ष ने वह ऐतिहासिक दांव लगाया, जिसने मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने काटज को नीचे गिराते हुए वजा-अरी अंक हासिल किया, जो उन्हें कॉमनवेल्थ चैंपियन बनाने के लिए काफी था।

जैवलिन थ्रो : भारत ने जीते 2 मेडल

नीरज चोपड़ा को रजत तो यशवीर सिंह के नाम कांस्य

ग्लास्गो। भारतीय भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा कठिन हालात में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन रजत पदक जीता जबकि यशवीर सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों में आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके कांस्य पदक अपने नाम किया। टोकियो ओलंपिक चैम्पियन 28 वर्ष के नीरज ने दूसरे प्रयास में इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.83 मीटर थ्रो फेंका, जो दूसरे स्थान पर रहने के लिए काफी था। वह 19 जून को दोहा डायमंड लीग में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार उतरे 24 बरस के यशवीर ने छठे और आखिरी प्रयास में 85.41 मीटर थ्रो फेंककर सभी को चौंका दिया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83. 72 मीटर था। श्रीलंका के स्टार रुमेश थरंगा पथिराणे ने अपेक्षा के अनुरुप 89.75 मीटर फेंककर स्वर्ण पदक जीता।



मेंस डेकाथलॉन में तेजस्विन शंकर ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

भारत के एथलेटिक्स दल ने इतिहास रच दिया है। स्टार एथलीट तेजस्विन शंकर ने मेंस डेकाथलॉन इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वे कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में डेकाथलॉन इवेंट में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। इससे पहले किसी भी भारतीय एथलीट ने यहां तक का सफर नहीं तय किया था।

लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने लगातार दूसरी बार जीता सिल्वर

भारत के 27 साल की लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने कॉमनवेल्थ गेम्स में इतिहास रच दिया है। वह इस स्पर्धा में लगातार दो मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। 2022 बर्मिंघम खेलों में भी उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था और अब मुरली ने ग्लासगो में भी शानदार प्रदर्शन दोहराया।

मुक्केबाजी में भारत का दबदबा, 7 बॉक्सर फाइनल में

भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में कम से कम छह पदक पक्के कर लिए जब अरुंधति चौधरी और जैसमीन लंबोरिया समेत 7 मुक्केबाज शुक्रवार को फाइनल में पहुंच गए। अरुंधति चौधरी ने 70 किग्रा वर्ग में मौजूदा चैंपियन वेल्स की रोजी एक्लेस को हराकर बड़ा उलटफेर किया जबकि विश्व चैंपियन जैसमीन लंबोरिया (57 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), अंकुश पंघाल (80 किग्रा) और जादूमणि सिंह (पुरुषों के 55 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाते हुए भारत का दबदबा कायम किया। अरुंधति ने एक संघर्षपूर्ण और



रोमांचक मुकाबले में रोजी एक्लेस को 4-0 के फैसले से हराया। भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआती दो राउंड में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा। जैसमीन सेमीफाइनल में एकतरफा प्रदर्शन करते हुए आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज की। जैसमीन ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और अपनी तेज पंच की बौछार कर से प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा। जादूमणि ने सेमीफाइनल में नामीबिया के पीपीएम हाओसेब को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बना ली। साक्षी ने महिलाओं के 51 किलोवर्ग में कनाडा की अम्बर जेन वाल को सर्वसम्मति से लिए गए फैसले में 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

खबर संक्षेप



टीम इंडिया ने लगातार दूसरी बार जीता कांस्य

ओंटारियो। भारतीय पुरुष टीम विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अमेरिका से 0-2 से हार गई और उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका से हारने के एक दिन बाद पांचवीं वरीयता प्राप्त पुरुष टीम भी उसी प्रतिद्वंद्वी से पार पाने में नाकाम रही। भारत के गुरवीर सिंह ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने वापसी करते हुए मैच 11-7, 9-11, 6-11, 11-7, 11-3 से जीत लिया। दूसरे मैच में भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर्यवीर दीवान अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यासीन शलाबी से 0-3 (5-11, 7-11, 5-11) से हार गए। भारतीय पुरुष टीम ने इस प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता है।

खेलो इंडिया को 29 हजार करोड़ का बजट



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वतंत्रता के बाद का सबसे महत्वाकांक्षी खेल विकास कार्यक्रम बताते हुए खेलो इंडिया योजना के विस्तार और राष्ट्रीय खेल महासंघों को दी जाने वाली सहायता (एएनएसएफ) के बजट के लिए अगले पांच वर्षों कुल 36,441 करोड़ रुपए के खर्च को मंजूरी दी। सरकार ने खेलो इंडिया योजना के लिए अगले पांच वर्षों में 29,054 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें तैयार करना है, ताकि भारत 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के माध्यम से वैश्विक खेल केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ सके।

फिट हुआ टीम इंडिया का धाकड़ खिलाड़ी

श्रीलंका टेस्ट सीरीज : बुमराह ने किया फिटनेस टेस्ट पास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं और उन्हें बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ने अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने की अनुमति दे दी है।

बुमराह को उनकी फिटनेस के आधार पर भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण उन्हें लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे से बाहर बैठना पड़ा था।

15 अगस्त से गॉल में शुरू होगा पहला टेस्ट

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'जसप्रीत बुमराह चोट से उबर चुके हैं। उन्होंने फिटनेस से जुड़े सभी टेस्ट पास कर लिए हैं। उम्मीद है कि वह श्रीलंका के खिलाफ दोनों मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि वह टीम रणनीति का अभिन्न अंग हैं।' भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगा जबकि दूसरा मैच 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए वर्तमान चक्र के शेष नौ टेस्ट मैचों में से सात मैच में जीत दर्ज करनी होगी।



राणा, रेड्डी और वाशिंगटन बाहर

तेज गेंदबाज हर्षित राणा और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी चोटिल होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं जबकि तेज गेंदबाज आकाशदीप अभी तक पीठ की दर्द से नहीं उबर पाए हैं।

उन्नति ने 42 मिनट में दर्ज की जीत हमवतन देविका को दी करारी शिकस्त

ताइपे ओपन : 18 वर्षीय उन्नति ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट

एजेंसी ▶▶ ताइपे

बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हमवतन देविका सिहाग को 23-21, 21-16 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए इस मुकाबले का पहला गेम बेहद रोमांचक रहा जहां उन्नति ने धैर्य का परिचय देते हुए 23-21 से जीत दर्ज की। उन्नति ने शानदार शुरुआत करते हुए 11-3 की बढ़त बना ली, लेकिन देविका ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 21-21 से बराबर कर दिया।



उन्नति ने निर्णायक क्षणों में बनाए रखा संयम

उन्नति ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए लगातार दो अंक जीतकर पहला गेम 23-21 से अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त 18 वर्षीय उन्नति ने दूसरे गेम में भी अपना दबदबा कायम रखा और आठवीं वरीय देविका को 21-16 से शिकस्त देकर 42 मिनट में मुकाबला जीत लिया। सेमीफाइनल में उन्नति का सामना चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारत की तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज अपने-अपने एकल क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमशः थाईलैंड की सुपानिदा केतेथोंग और जापान के युदाई ओकिमोटो से भिड़ेंगे।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) | Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
Where service is a way of life
जय स्तंभ चौक, के.के. रोड रायपुर, छत्तीसगढ़-495001 Email: r0298@psb.bank.in

परिशिष्ट-4 नियम-8 (1) कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

यतः
अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 का अधिनियम के अधीन **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी हैं, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधार लेने वाले को निम्नलिखित तिथि को एक मांग नोटिस में उल्लेखित रकम तथा उस पर ब्याज उक्त नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी। उधार लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, उधार लेने वाले और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 4 के अधीन उसे प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** ले लिया है। उधार लेने वाले को विशिष्ट रुप से और जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह इस संपत्ति से संबंधित कोई व्यवहार न करें एवं यदि करता है तो वह निम्नलिखित देय धनराशि तथा उस पर देय ब्याज तथा व्यय के लिए **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** के प्रभार के अधीन होगा।
देनदार का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/जमानतदार का नाम	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की राशि/दिनांक
1.	1. ऋणी- मैसर्स प्रकृति ग्रीन्स (साझेदारी फर्म), रजि. कार्यालय का पता - डी-6, अवनी विहार, दलदल सिवनी, मोरवा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. 2. पार्टनर- श्री सुयश भारद्वाज पुत्र श्री अवध नरेश भारद्वाज, पता- मकान नंबर 49, ग्रीन एवेन्यू, दलदल सिवनी, एफसीआई के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 3. पार्टनर- सुश्री मेघा भारद्वाज पुत्री श्री अवध नरेश भारद्वाज, पता- मकान नंबर 49 ग्रीन एवेन्यू, दलदल सिवनी, एफसीआई रायपुर के पास, छत्तीसगढ़-492001. 4. पार्टनर- श्री ओम बहादुर जौहरी	संपत्ति 1: श्रीमती वसुंधरा पत्नी अनिल कुमार एवं श्री अनिल कुमार पिता स्व. श्री गया सिंह के नाम पर नगर निगम नंबर 8B/KV/70, कैलाश विहार गैलाना, हरि पर्वत वार्ड, तहसील और जिला- आगरा, उ.प्र. क्षेत्रफल- 139.34 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय संपत्ति प्लॉट नं. 70 के समस्त भाग तथा अंश । 29.12.1989 को सेल डीड (बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 3877, पेज 104 से 108, सीरियल नं. 5060) के जरिए पंजीकृत । **चौहद्दी इस प्रकारः उत्तर-** संपत्ति नं. 71, **दक्षिण-** संपत्ति नं. 69, **पूर्व-** समिति की सड़क, **पश्चिम-** संपत्ति नं. 60. **संपत्ति 2: मेसर्स प्रकृति ग्रीन्स पार्टनर श्री ओम बहादुर जौहरी**, पिता मदन लाल जौहरी के माध्यम से के नाम पर खसरा नं. **385/2**, ग्राम- बोरियाझार, प.ह.नं. 45, आर.आई.सी. -महासमुंद, छत्तीसगढ़ । क्षेत्रफल **0.27** हेक्टेयर/**29062.53** वर्ग फुट में स्थित औद्योगिक डायवर्टेड संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश । 28.08.2018 को सेल डीड (बुक नं. A1, वॉल्यूम नं. 9044, सीरियल नं. 1670, पेज 340 से 358) के जरिए सब-रजिस्ट्रार महासमुंद, छत्तीसगढ़ के ऑफिस में पंजीकृत । **चौहद्दी इस प्रकारः उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** भगवती और अन्य, **पूर्व-** गोविंदराम, **पश्चिम-** भगवती एवं अन्य । **कब्जा का प्रकारः सांकेतिक.**	17/04/2026 ₹ 3,17,33,470.00 + ब्याज w.e.f 13/04/2026 व अन्य शुल्क कब्जा सूचना तिथि 28/07/2026

पुत्र मदन लाल जौहरी, पता - अरुम 1601, पैरामाउंट फ्लोरावितला, सेक्टर 137, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश -201301.
5. गारंटर- श्री अनिल कुमार पुत्र स्व. गया सिंह, पताः 70, कैलाश विहार आगरा, रुंकटा आगरा, उत्तर प्रदेश-282007.
6. गारंटर- श्रीमती सुरभि यादव पुत्री श्री अनिल कुमार, पताः 70, कैलाश विहार, खंडारी बाईपास रोड आगरा, उत्तर प्रदेश-282007

दिनांक : 31.07.2026, स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक

महिला क्रिकेट

श्रीलंका की शानदार बल्लेबाजी पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ दांबुला

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 6 विकेट से हराया। श्रीलंका के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान से मिले 177 रनों के लक्ष्य को श्रीलंका ने 19 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल किया। श्रीलंका की ओर से इमेशा दुलानी ने नाबाद शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की शुरुआत दमदार रही। पहले विकेट के लिए कप्तान चमारी अटापट्टू और इमेशा दुलानी ने मिलकर 78 रन जोड़े। अटापट्टू ने

■ इमेशा ने खेली नाबाद शतकीय पारी



बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंदों में 39 रनों की शानदार पारी खेली। हालांकि, विश्मी गुणरत्ने बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और महज 3 रन बनाकर आउट हुईं। हर्षिता समरविक्रमा सिर्फ 7 रन ही बना सकीं, जबकि कविशा दिलहारी 11 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। हालांकि, इमेशा ने एक छोर संभाले रखा और उन्होंने 64 गेंदों में 101 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस इनिंग में इमेशा ने 17 चौके और एक छक्का लगाया।

जर्सी विवाद

जर्सी पर बटी हॉकी इंडिया, अध्यक्ष टिर्की ने सचिव से मांगी सफाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय हॉकी टीमों की जर्सी का रंग बदलने के फैसले पर विवाद बढता ही जा रहा है और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने अब महासंघ के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है कि उनकी और कार्यकारी बोर्ड की जानकारी या सहमति के बिना यह बड़ा फैसला कैसे लिया गया, जबकि महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों को इस बदलाव की जानकारी थी। नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले भारतीय टीमों की जर्सी का रंग नीले से केसरिया कर दिया गया, जिसे लेकर वीरेन रासकिन्हा, परगट सिंह, वी भास्करन, धनराज पिल्लै जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाए हैं।



टिर्की ने मांगा लिखित में स्पष्टीकरण

टिर्की सहित हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों का कहना था कि खेल के मैदान पर इस्तेमाल होने वाली नीली पिच से रंग की समानता से बचने के लिए यह पूरी तरह से तकनीकी निर्णय था। लेकिन अब टिर्की ने कार्यकारी बोर्ड को भेजे ईमेल में लिखा,' जर्सी का रंग बदलने का फैसला कार्यकारी बोर्ड के समक्ष रखने या मेरी पूर्व जानकारी के बिना लिया गया।

सांपों के भी थे पैर! जानिए 10 करोड़ साल पहले अचानक ऐसा क्या हुआ जो गायब हो गए अंग



ब्यूनस आयर्स। कल्पना कीजिए कि आपके सामने एक सांप 4 पैरों पर चलकर आ रहा है। शायद यह किसी डरावनी फिल्म का सीन लगे। लेकिन, सच यह है कि आज से 10 से 17 करोड़ साल पहले धरती पर घूमते सांपों के पास असली पैर थे। वे छिपकली की तरह चलते थे और शिकार करते थे। तो फिर ऐसा क्या हुआ कि उनके पैर गायब हो गए? क्या प्रकृति ने कोई जादू किया या डीएनए का कोई खेल था?

100 मिलियन साल पुराना जीवाश्म और बड़ा खुलासा

वैज्ञानिकों को अर्जेंटीना के रेगिस्तान में एक बेहद अनोखा जीवाश्म मिला। इसका नाम नजाश रियोनेग्रीना रखा गया। यह लगभग 9.5 से 10 करोड़ साल पुराना सांप का जीवाश्म था। सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि इस सांप के पिछले पैर साफ-साफ शरीर से बाहर निकले हुए थे। यह कोई समुद्री जीव नहीं था बल्कि जमीन और रेगिस्तान में रहने वाला शिकारी सांप था। इसके चेहरे की हड्डियां बताती हैं कि यह कीड़ा नहीं, बल्कि बड़े शिकार निगलने वाला खतरनाक शिकारी था।



रातोंरात नहीं गायब हुए पैर

सांपों ने अपने पैर अचानक एक दिन में नहीं गंवाए। वैज्ञानिकों के अनुसार यह बदलाव धीरे-धीरे हुआ। सांपों ने सबसे पहले अपने आगे के पैर करीब 17 करोड़ साल पहले गंवाए। इसके बाद भी वे करोड़ों सालों तक पिछले पैरों के सहारे चलते रहे। करीब 10 करोड़ साल पहले जाकर उनके पिछले पैर भी पूरी तरह गायब हुए। यह बदलाव इतना धीमा था कि इसमें डायनासोर के खत्म होने से भी ज्यादा समय लगा।

डीएनए का वह जीन, जिसने बंद कर दिया पैर बनाना

वैज्ञानिकों ने जब सांपों के डीएनए की जांच की तो उन्हें सोनिक द हेजहोग नाम का एक जीन मिला। यह जीन जानवरों में पैर और दिमाग बनाने का काम करता है। सांपों में इस जीन को चालू करने वाला स्विच जिसे जेडआरएस एन्हांसर कहते हैं, म्यूटेशन के कारण बंद हो गया था। जब वैज्ञानिकों ने लैब में चूहे के भ्रूण में सांप के इस टूटे हुए स्विच को ठीक करके लगाया तो चूहे के पैर सामान्य रूप से उग आए। इसका मतलब है कि पैर बनाने का कोड आज भी सांपों के डीएनए में छिपा हुआ है।

अजगर के शरीर में आज भी छिपे हैं पैर

क्या आप जानते हैं कि आज के अजगर और बोआ सांपों में पूरी तरह पैर खत्म नहीं हुए हैं। अगर आप किसी अजगर के पिछले हिस्से को ध्यान से देखें तो वहां छोटी-सी हड्डियां या कांटे जैसी संरचना दिखती है। ये और कुछ नहीं, बल्कि उनके पुराने पैरों के बचे हुए हिस्से हैं। भ्रूण के दौरान अजगर के पैर बनना शुरू होते हैं, लेकिन बाद में वे रुक जाते हैं। वहीं, कोबरा और वाइपर जैसे सांपों में यह जेनेटिक बदलाव बहुत आगे तक चला गया और उनके पैर पूरी तरह मिट गए।

रोचक खबरें

4 हजार मीटर की ऊंचाई पर उगता है यह इंसान से भी लंबा फूल

नई दिल्ली। प्रकृति कब और कहां हमें हैरान कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता। इन दिनों सोशल मीडिया पर हिमालय की वादियों का एक ऐसा ही वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हर कोई दंग है। इस वीडियो में एक ऐसा दुर्लभ फूल दिखाई दे रहा है, जो अपनी लंबाई और अनोखे अंदाज की वजह से चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर इस अनोखे पौधे को डायमंड कहा जा रहा है। हालांकि, वैज्ञानिक और स्थानीय भाषा में इसे पदमचाल या केन्जो के नाम से जाना जाता है। इसकी चमकदार और नायाब बनावट की वजह से ही लोग इसे प्यार से हिमालयी हीरा बुलाते हैं। आम फूल जहां हर साल खिलते हैं, वहीं यह पौधा अपने पूरे जीवनकाल में सिर्फ एक ही बार खिलता है। इस एक फूल को खिलने में 7 से 15 साल तक का लंबा वक्त लग जाता है। यही वजह है कि इसे देखना हर किसी के नसीब में नहीं होता और जैसे ही यह पूरी तरह खिलता है, इसका जीवन चक्र भी पूरा होने लगता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन पौधों की लंबाई 3.2 फीट से लेकर 6.5 फीट तक होती है यानी यह किसी लंबे-तगड़े वयस्क इंसान से भी ऊंचे हो सकते हैं। वायरल वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि पहाड़ी रास्तों के बीच यह पौधा इंसानों के बराबर खड़ा है। यह दुर्लभ पौधा समुद्र तल से करीब 4,000 मीटर (यानी 13,000 फीट) या उससे भी ज्यादा की ऊंचाई पर, हिमालय के ठंडे और पथरीले इलाकों में पाया जाता है।



दुनिया की सबसे उम्रदराज बिल्ली बन सकती है 31 साल की 'मिली'

लंदन। इंग्लैंड के स्टॉकपोर्ट में रहने वाले 71 वर्षीय लेस्ली ग्रीनहफ का दावा है कि उनकी पालतू बिल्ली 'मिली' 31 साल की हो चुकी है। वह पिछले दस वर्षों से मिनरल वॉटर पीती है और सैल्मन, झींगे व चिकन खाती है। लेस्ली अब उसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करवाना चाहते हैं। अगर इंसानों के हिसाब से तुलना करें तो यह करीब 146 साल के बराबर मानी जाती है। हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। इंग्लैंड के ग्रेटर मैनचेस्टर के स्टॉकपोर्ट में रहने वाले लेस्ली बताते हैं कि मिली का जन्म साल 1995 में हुआ था। उस समय यह बिल्ली उनकी पत्नी पाउला के पास थी, जिन्होंने उसे महज तीन महीने की उम्र में अपनाया था। आज भी उनके पास 1995 की एक पुरानी तस्वीर मौजूद है, जिसमें छोटी-सी मिली खाने के बर्तन से खाना खाती नजर आती है। लेस्ली का मानना है कि मिली की लंबी उम्र के पीछे उसकी अच्छी देखभाल और खास खानपान का बड़ा हाथ है। उनका कहना है कि पिछले दस सालों से वह उसे सिर्फ बक्सटन मिनरल वॉटर ही पिला रहे हैं। इसके अलावा उसके खाने में सैल्मन, झींगे (प्रॉन्स), चिकन और टूना जैसी चीजें शामिल रहती हैं। प्यार-दुलार भी उसकी दिनचर्या का अहम हिस्सा है। लेस्ली कहते हैं कि रोज सोफे पर बैठकर उसे खूब दुलार मिलता है और शायद यही वजह है कि वह आज भी स्वस्थ है।



4 आंख और 2 सिर वाली छिपकली जो इंसान के नाखून से भी छोटी है

न्यूयार्क। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक दो सिर वाली छिपकली ने जन्म लिया है। आमतौर पर दो सिर वाले जीव पैदा होने के कुछ घंटों या दिनों में ही दम तोड़ देते हैं, लेकिन साइमन एंड गारफंकल नाम की यह छिपकली न सिर्फ 4 हफ्ते की हो चुकी है, बल्कि बिल्कुल स्वस्थ है और तेजी से बड़ी भी हो रही है। इंटरनेट पर इस नन्हे जीव की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं और लोग इसे कुदरत का चमत्कार मान रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पेंसिल्वेनिया के रॉकस्टार गेकोस नाम के ब्रीडिंग सेंटर में 29 जून को जब यह छिपकली अंडे से बाहर आई, तो इसे देखकर वहां के एक्सपर्ट्स भी हैरान रह गए। इसका आकार एक इंसान के नाखून से भी छोटा है और वजन महज 1.8 ग्राम है। ब्रीडिंग सेंटर का कहना है कि अंडे को बाहर से देखकर कुछ भी असामान्य नहीं लगा था। उनके सालों के इतिहास में ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है। दो सिर होने की इस दुर्लभ शारीरिक स्थिति को विज्ञान में पॉलीसिफेली कहा जाता है। यह तब होता है, जब गर्भ में एक भ्रूण जुड़वां बनने के लिए टूटना शुरू होता है, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती।



समंदर के भीतर कैसे चमक रही 'बिजली'! रिंग ऑफ फायर के रहस्यमयी नजारे से वैज्ञानिक हैरान

न्यूयार्क। प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में कुछ ऐसा घट रहा है, जिसने दुनिया भर के वैज्ञानिकों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। समंदर की सतह के नीचे अचानक बिजली जैसी कड़कड़ाहट और चमक दिखाई देती है, जो एक पल में गायब हो जाती है। इसे द फ्लैशिंग कहा जाता है। ताज्जुब की बात यह है कि बिना किसी तूफ़ान के पानी के नीचे ये लाइटें जलती हैं और आज की एडवांस टेक्नोलॉजी भी इसका सटीक कारण नहीं खोज पाई है। प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' वाले इलाके में पानी के नीचे बिजली कड़कने जैसी घटनाएं देखी जा रही हैं। सुमात्रा और जावा से लेकर चिली तक फैली इस विशाल समुद्री पट्टी में पानी के अंदर अचानक टॉर्च जैसी रोशनी जलती है और तुरंत बुझ जाती है। इस रोशनी का आसमान के तूफ़ानों से कोई लेना-देना नहीं है। प्राचीन समय में पोलिनेशिया के नाविक इसी रोशनी की मदद से बिना दिशा-सूचक के समंदर में टापू खोज लिया करते थे।

वैज्ञानिकों के पास नहीं है कोई जवाब

सांस्कृतिक मानव विज्ञानी मैरिएन जॉर्ज ने सोलोमन द्वीप समूह के पास इस रहस्यमयी चमक को अपनी आंखों से देखा है। उन्होंने बताया कि यह ऐसा लगता है जैसे पानी के नीचे कोई टॉर्च जलाकर तुरंत बुझा दी गई हो। उन्होंने अपनी स्टडी में बताया कि यह चमक जलमग्न जमीन के पास से निकलती है। लेकिन, आज की आधुनिक साइंस और उपकरण भी यह पता लगाने में असमर्थ हैं कि आखिर पानी के अंदर यह बिजली पैदा कैसे हो रही है।



क्या समुद्री जीव फैला रहे हैं यह रोशनी

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जॉन हुथ के मुताबिक, इसका एक कारण बायोलुमिनेसेंस हो सकता है। हो सकता है कि डार्क में चमकने वाले सूक्ष्म जीव पानी में मौजूद हों और जब कोई मछली वहां से तेजी से गुजरती हो, तो दबाव के कारण वे अचानक चमक उठते हों। हालांकि, यह भी सिर्फ एक अनुमान है। फिलहाल द फ्लैशिंग की यह रहस्यमयी बिजली पूरी दुनिया के लिए एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है।

क्या भूकंप और ज्वालामुखी हैं इसके जिम्मेदार

रिंग ऑफ फायर वह इलाका है जहां लगातार टेक्टोनिक प्लेटें खिसकती हैं और ज्वालामुखीय गतिविधियां होती रहती हैं। मैरिएन जॉर्ज का मानना है कि प्लेटों के खिसकने से बनने वाली विद्युत-चुंबकीय तरंगें पानी में ऐसी लाइटें पैदा कर सकती हैं। हालांकि, वैज्ञानिकों ने तारे, उपग्रह या वायुमंडलीय कारणों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।



खारे पानी में बिजली जमना असंभव

शुरुआत में वैज्ञानिकों को लगा कि यह सेंट एल्मो की आग जैसा कोई प्लाज्मा हो सकता है, लेकिन यह पानी के नीचे नहीं बन सकता। कुछ का मानना था कि हाइड्रोथर्मल वेंट्स के पास वोल्टेज बढ़ने से ऐसा होता है। लेकिन, चूंकि समंदर का खारा पानी बिजली का बहुत अच्छा सुचालक होता है, इसलिए पानी में बिजली का इस तरह चार्ज होकर जमा होना नामुमकिन माना जाता है।

सपनों को बदल रहा है कोविड

पर्सनालिटी और वायरस का यह अजीब रिश्ता

रोम। कुछ सपने बिल्कुल सच क्यों लगते हैं, जबकि कुछ का कोई मतलब ही नहीं होता? इटली के वैज्ञानिकों ने एआई की मदद से 3700 से ज्यादा सपनों पर रिसर्च करके यह राज खोला है। जानिए कैसे आपकी पर्सनालिटी, नींद और तनाव आपके सपनों को नया रूप देते हैं। क्या कभी आपके साथ ऐसा हुआ है कि सुबह उठने के बाद भी आपको लगे कि जो सपना आपने देखा, वह बिल्कुल सच था? वहीं दूसरी तरफ, कुछ सपने इतने अजीब और बेतुके होते हैं कि जिनका कोई सिर-पैर ही नहीं होता। हम अक्सर सोचते हैं कि सपने महज एक इत्तेफाक या दिमाग की खुराफात हैं। लेकिन, हाल ही में हुई एक साइंटिफिक स्टडी ने इस सोच को पूरी तरह बदल दिया है।

सपने रैंडम नहीं होते, इसके पीछे छिपा है गहरा विज्ञान

अधिकतर लोग मानते हैं कि सपने बेतरतीब या बिना किसी वजह के आते हैं। लेकिन 'कम्युनिकेशंस साइकोलॉजी' में छपी एक नई रिसर्च के मुताबिक, सपने कभी भी बेवजह नहीं होते। वैज्ञानिकों ने 18 से 70 साल के 287 लोगों के करीब 3700 से ज्यादा सपनों का विश्लेषण किया। इस अध्ययन से पता चला कि आपके दिनभर के अनुभव, सोचने का तरीका और आपकी नींद का पैटर्न यह तय करता है कि आपको रात में कैसा सपना दिखाई देगा।

अकेला चीन अब बना रहा दुनिया की सबसे ज्यादा पावर

बीजिंग। साल 1985 का वो दौर याद कीजिए जब अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी ताकत हुआ करता था और बिजली बनाने के मामले में चीन से पूरे छह गुना आगे था। लेकिन, पिछले चार दशकों में ड्रैगन ने जो चाल चली है, उसने पूरी दुनिया के शक्ति संतुलन को हिलाकर रख दिया है। साल 2025 के ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि चीन अब इतना बड़ा पावर हाउस बन चुका है कि वह अकेले अमेरिका, पूरे यूरोपियन यूनियन और भारत को मिलाकर भी उनसे 13 प्रतिशत ज्यादा बिजली पैदा कर रहा है।

1985 में अमेरिका से था कोसों दूर

साल 1985 में अमेरिका लगभग 2,657 टेरावॉट-घंटा बिजली बनाता था जबकि चीन सिर्फ 410 टीडब्ल्यूएच पर अटका था। लेकिन 2025 आते-आते यह तस्वीर पूरी तरह से उलट गई। आवर वर्ल्ड इन डेटा के मुताबिक 2025 में चीन का बिजली उत्पादन 10,583 टीडब्ल्यूएच तक पहुंच गया। दूसरी तरफ अमेरिका, यूरोपियन यूनियन और भारत तीनों मिलकर भी सिर्फ 9,398 टीडब्ल्यूएच बिजली ही बना पाए।



कोयला आज भी है चीन की असली ताकत

भले ही चीन आज सोलर और विंड पावर में दुनिया का लीडर बन चुका है, लेकिन उसकी रीढ़ की हड्डी आज भी कोयला ही है। आंकड़ों के अनुसार चीन अपनी कुल बिजली का लगभग 62 प्रतिशत हिस्सा आज भी कोयले से ही पैदा करता है। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी चीन का नाम सबसे ऊपर आता है।

चीन ने अमेरिका को पीछे कब छोड़ा

चीन का यह सफर रातों-रात तय नहीं हुआ. तेजी से हुए औद्योगीकरण, शहरों के विकास और आर्थिक बढ़त के कारण चीन ने साल 2011 में ही अमेरिका को पछाड़कर दुनिया के सबसे बड़े बिजली उत्पादक का दर्जा हासिल कर लिया था। 1985 के मुकाबले चीन का बिजली उत्पादन आज 25 गुना से भी ज्यादा बढ़ चुका है, जो इतिहास में किसी भी देश का सबसे तेज विस्तार माना जाता है।

आखिर इतनी बिजली की जरूरत क्यों पड़ी

चीन में बिजली की यह खपत अचानक नहीं बढ़ी है। इसकी सबसे बड़ी वजह वहां का विशाल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर है जो पूरी दुनिया के लिए सामान बनाता है। इसके अलावा अब चीन में डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिन्हें चलाने के लिए विशाल मात्रा में बिजली की जरूरत पड़ रही है। चीन ने अपने पूरे देश को हाई-वोल्टेज ग्रिड से जोड़ दिया है जिससे बिजली बिना रुके हर कोने तक पहुंचती है।

यूरोप के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में मचा हड़कंप

एयरपोर्ट की जमीन खोदी तो निकले वर्ल्ड वॉर 2 के 300 जिंदा बम

एथेंस। ग्रीस की राजधानी एथेंस में यूरोप के सबसे बड़े अर्बन रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट 'द एलिनिकॉन' का काम चल रहा है। लेकिन, खुदाई के दौरान यहां जो कुछ मिला, उसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की जमीन के नीचे से द्वितीय विश्व युद्ध के करीब 300 जिंदा बम और सैकड़ों टन जहरीला कचरा बरामद किया गया है। अगर समय रहते ग्रीक सेना की बम निरोधक टीम इसे निष्क्रिय न करती, तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।



दशकों से जमा था 270 टन जहरीला कचरा

बमों के अलावा, इस साइट की मिट्टी में दशकों से दबा जहरीला ईंधन और केमिकल भी मिला है। डेवलपर कंपनी लामडा के अनुसार, हवाई अड्डे के संचालन के दौरान भूमिगत टैंकों और पाइपलाइनों से रिसने वाला जेट फ्यूल, डीजल और गैसोलीन मिट्टी व भूजल में समा गया था। सफाई अभियान के तहत अब तक लगभग 270 टन खतरनाक तैलीय कचरे और एस्बेस्टस को बाहर निकाला जा चुका है। जमीन को इंसानों के रहने लायक और सुरक्षित बनाने के लिए एडवांस्ड तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

300 जिंदा बम और ग्रीक सेना का ऑपरेशन

ग्रीक सेना की एक्सपर्ट एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल यूनिट को तुरंत मौके पर बुलाया गया। जांच के दौरान जमीन के नीचे से लगभग 300 ऐसे बम बरामद हुए, जो दूसरे विश्व युद्ध के दौरान गिराए गए थे, लेकिन फटे नहीं थे। ग्रीक सेना ने बेहद सावधानीपूर्वक इन सभी बमों को निकाला और उन्हें सुरक्षित रूप से निष्क्रिय किया। यह इलाका 1938 में हवाई अड्डा बनने से पहले 'हसानी' नाम का कृषि क्षेत्र था, जिस पर जर्मन कब्जे के दौरान मित्र राष्ट्रों ने भारी बमबारी की थी।

500 साल से बंद थी राजा की कब्र, खुलते ही एक-एक कर 15 वैज्ञानिकों की हुई मौत

वारसॉ। साल 1973 में पोलैंड के नेशनल मीडिया में एक खबर ने जबरदस्त हलचल मचा दी थी। राजा कैसिमिर का निधन 1492 में हुआ था और करीब 500 साल बाद उनके अंतिम विश्राम स्थल को रिसर्च के लिए खोला जा रहा था। सबसे चौंकाने वाली बात तो तब हुई जब इतिहास के इस रहस्य को उजागर करने की कीमत रिसर्चर्स को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। राजा का मकबरा खुलने के कुछ ही दिनों के भीरत, अंदर कदम रखने वाले 12 रिसर्चर्स में से 4 की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं अगल कुछ ही सप्ताह में मरने वालों की संख्या 15 तक पहुंच गई। कब्र में मौत की वजह कोई श्राप नहीं, बल्कि सदियों से बंद हवा में पनप रहा बेहद खतरनाक और जहरीला फंगस था। जब 1492 में राजा कैसिमिर का निधन हुआ था, तब भीषण गर्मी पड़ रही थी। उनका शरीर तेजी से सड़ने लगा था।

हरिभूमि माह जुलाई 2026 का मासिक बिल

दिन	दर	राशि
31 दिन	5.00	155.00
	कुल	155.00

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2026 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com